दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 29 | अंक :334
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 5 अक्टूबर-2023
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# महिलाओं को मोदी सरकार का तोहफा

## अब 603 रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी को बढ़ाकर 300 रुपये करने की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट फैसलों पर ब्रीफिंग के दौरान कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर कर दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल अगस्त में प्रति घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी थी और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए मौजूदा सब्सिडी में भी 200 रुपये की बढ़ोतरी की थी।उज्ज्वला लाभार्थी फिलहाल 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर के लिये 703 रुपये देते हैं, जबकि इसका बाजार मूल्य 903 रुपये है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद उन्हें सिलेंडर 603 रुपये में मिलेगा। पीएमयूवाई को एक सफल सामाजिक कल्याण योजना के रूप में व्यापक रूप से सराहा गया है, जिसने देश में एलपीजी की पहुंच को 2016 में 62त्न से बढ़ाकर अब संतृप्ति तक पहुंचाने में प्रमुख योगदान दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले महीने, कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक तीन वर्षों में 75 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के विस्तार को मंजूरी दी थी।इसके साथ ही इस योजना के तहत लाभान्वित होने वाली कुल महिलाओं की संख्या बढ़कर 10.35 करोड़ हो जाएगी।

इस पर कुल 1,650 करोड़ रुपये का खर्च आएगा जिसका बोझ केंद्र सरकार उठाएगी। यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस फैसले पर कहा कि उनकी सरकार प्रदूषण-मुक्त रसोई और महिलाओं की बढ़िया सेहत सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, देश भर में हर परिवार को प्रदूषण-मुक्त रसोई सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है।

# कार और ट्रक में सीधी टक्कर, आठ लोगों की मौत

**वाराणसी, (हि.स.)।** फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव के निकट बुधवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाते ही मौके पर क्षेत्रीय पुलिस भी पहुंच गई। हादसे में कार में सवार 03 साल का बच्चा जीवित बचा है। सभी मृतक पीलीभीत जनपद के रहने वाले थे।घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अफसरों को निर्देश दिया कि घायलों का समुचित उपचार कराए।पीलीभीत जनपद के मुजफ्फरनगर डाकखाना दूधिया खुर्द थाना पूरनपुर निवासी विपिन यादव (28) के पिता सत्यपाल यादव, पीलीभीत रुद्रपुर के ही महेंद्र वर्मा (35) के परिवार में किसी की मौत हो गई थी। दोनों परिवार ने अपने परिजनों की अस्थि विसर्जन करने के लिए किराये पर कार बुक कराई। दोनों परिवार के कुल 09 सदस्य कार में सवार होकर काशी और गंगा में अस्थि विसर्जन के बाद दर्शन पूजन कर भोर में कार से घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार



कार जैसे ही वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर करखियांव के निकट पहुंची अचानक सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। हादसे में 03 साल के बच्चे को छोड़कर कार सवार सभी लोगों की मौत हो गई।मृतकों में विपिन यादव, उनकी मां गंगा यादव, महेंद्र वर्मा (35) और इनकी पत्नी चंद्रकली (32), मृतक महेन्द्र के भाई दामोदर वर्मा (32), दामोदर की पत्नी निर्मला देवी (28), राजेंद्र यादव है। हादसे में मृत दो अन्य लोगों के शिनाख्त के प्रयास में पुलिस अफसर जुटे हुए है। घटना की जानकारी पुलिस ने मृतकों के परिजनों को दे दिया है। परिजन पीलीभीत से निजी साधन से वाराणसी के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिवपुर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भिजवाया।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हादसे में कार आगे से बुरी तरह पिचक गई जिससे कार सवारों के शव गाड़ी में ही फंस गए। पुलिस ने कार के पार्ट्स काट वाहन का दरवाजा तोड़ कर शव बाहर निकलवाया। कार में एक मात्र जीवित तीन साल के बच्चे को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में क्षतिग्रस्त कार को क्रेन बुलवाकर पुलिस ने हाइवे पर से हटवाया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक जताया है। उन्होंने बाबा विश्वनाथ से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर जिला प्रशासन के अफसरों को घायलों के समुचित उपचार का निर्देश दिया है।

# अब लंदन जाना होगा और महंगा

## ब्रिटिश सरकार ने बढ़ा दी वीजा फीस

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** क्या आप लंदन जाने की प्लानिंग कर रहे हैं? तो आज से वीज़ा के लिए आपको और ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। ब्रिटिश सरकार ने वीजा फीस बढ़ा दी है। ब्रिटिश सरकार की वीजा फीस में बढ़ोतरी 4 अक्टूबर से लागू हो गई है। वीज़ा आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी को उचित ठहराते हुए गृह कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि वीज़ा आवेदन शुल्क में वृद्धि करना सही और उचित है ताकि हम महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को वित्त पोषित कर सकें और सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन में योगदान करने के लिए व्यापक वित्त पोषण की अनुमति दे सकें। जैसे-जैसे बढ़ोतरी लागू होती है, आइए शुल्क संरचना में बदलावों पर करीब से नज़र डालें और यह उन भारतीयों को कैसे प्रभावित करेगा, जो काम करना, अध्ययन करना या यहां तक कि देश की यात्रा करना चाहते हैं।4 अक्टूबर से भारतीयों समेत सभी विदेशियों को ब्रिटेन का वीजा हासिल करने के लिए अधिक भुगतान करना होगा। छात्रों,



कुशल श्रमिकों और अप्रवासियों के लिए यूके वीजा की लागत बढ़ा दी गई है। गृह कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, परिवार, निपटान और नागरिकता वीजा की लागत में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कार्य और यात्रा वीजा की लागत में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो लोग अध्ययन करना चाहते हैं उन्हें और भी अधिक खर्च करना पड़ेगा। छात्र वीजा शुल्क में 35 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके अलावा, छात्रों के लिए आव्रजन स्वास्थ्य अधिभार 66 प्रतिशत बढ़ाकर ˍ624 (62,716 रुपये) प्रति वर्ष से ˍ1,035 (1.04 लाख रुपये) (और ˍ470 (47,243 रुपये) से ˍ776 (78,000 रुपये) कर दिया गया है।

# सिक्किम में बादल फटने से तबाही, सेना के 23 जवान लापता

## कई जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त और कई पुल बहे

**गंगटोक, (हि.स.)।** नार्थ सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से भारी तबाही हुई है। इस वजह से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इस बाढ़ में सेना के 23 जवानों के लापता होने की आशंका है। यह सूचना असम की राजधानी गुवाहाटी में रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स हैंडल पर साझा की है।जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स पर कहा है कि उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी में तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। घाटी में कुछ सैन्य प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं। विवरण की पुष्टि करने के प्रयास जारी हैं। 23 कर्मियों के लापता होने और कुछ वाहनों के डूब जाने की सूचना है।उन्होंने कहा है कि उत्तरी सिक्किम के मुगुथांग में आई बाढ़ से डिकचू और टूंग में दो स्थायी पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बीआरओ के कर्मयोगी ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया है। इससे पहले जनसंपर्क अधिकारी ने कहा था कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने



के कारण नीचे की ओर 15-20 फीट की ऊंचाई तक जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इसके कारण सिंगतम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन प्रभावित हो रहे हैं।

उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग में एनएचपीसी बांध और पुल नष्ट हो गए हैं। मिंसिथांग, जेमा, रिचू और संगखलांग में भी पुल बह गए हैं। इन इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गयी है।एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने गंगटोक जिला अंतर्गत सिंगताम के गोलिटार से चार लोगों के शव बरामद किए है। एसडीआरएफ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों से 25 लोगों को बचाया है और राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। सिंगताम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिहारी भवन, नेपाली भवन और सिक्किम सुप्रीम में चार राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।तीस्ता नदी के पानी से यहां एनएचपीसी बांध का कंट्रोल रूम क्षतिग्रस्त हो गया है। एनएचपीसी तीस्ता परियोजना क्षेत्र से एक व्यक्ति लापता है और एक व्यक्ति को राजधानी गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंगताम में जल आपूर्ति और जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह से नष्ट हो गई है।पाकिम जिला अंतर्गत बागेखोला में सात लोग लापता हो गये हैं। माझीटार में तीन लोग तीस्ता नदी के पानी में बह गये हैं। 17 लोगों को मामूली चोटें आई और उनका सिंगताम जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रंगपो में भी जलापूर्ति और जल निकासी व्यवस्था भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

नामची जिले के मामरिंग में तीस्ता नदी में दो मजदूर बह गये, जबकि यहां सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।उल्लेखनीय है कि मंगलवार-बुधवार की देर रात उत्तरी सिक्किम की ल्होनक झील के आस-पास बादल फटने से झील का जलस्तर बढ़ गया और अचानक बाढ़ आ गई। झील का पानी तीस्ता नदी में मिलने के बाद नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया। इससके नदी ने किनारे के निचले इलाकों में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

# विशेषाधिकार समिति के सामने 10 अक्टूबर को पेश होंगे रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ संसद में अमर्यादित टिप्पणी को लेकर विशेषाधिकार समिति की कुछ ही दिनों में पहली बैठक होने वाली है। बताया जा रहा है कि आने वाली 10 अक्टूबर को विशेषाधिकार समिति की बैठक होगी। दानिश अली के खिलाफ



संसद में हुई टिप्पणी का मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था।बता दें कि विशेष सत्र के दौरान बीजेपी सासंद रमेश बिधूड़ी ने नई संसद में बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। बीजेपी सांसद की ओर से की गई टिप्पणी के मामले पर काफी विवाद भी हुआ था। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों सांसदों की एक दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों की जांच के लिए मामले को विशेषाधिकार समिति के सौंप दिया था।दरअसल, बीते महीने संसद के विशेष सत्र के दौरान रमेश बिधूड़ी बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर हुई चर्चा पर दोनों सांसदों में जुबानी जंग छिड़ गई थी। इस दौरान बीजेपी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने दानिश अली को गाली दी और गलत टिप्पणी की। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो गया था।रमेश बिधूड़ी की टिप्पणी पर संसद के भीतर तो हंगामा हुआ है, सदन के बाहर भी मामला गरमाया। कांग्रेस समेत कई दलों ने रमेश बिधूड़ी को निष्कासित करने की मांग की थी। दानिश अली ने भी ओम बिरला को बिधूड़ी पर कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था।

# सहयोग न करने पर किसी व्यक्ति को नहीं कर सकते अरेस्ट

## ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने दिया सख्त निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत जारी समन के जवाब में असहयोग करने के लिए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता है। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 32 पेज के विस्तृत फैसले में कहा कि 2002 के अधिनियम की धारा 50 के तहत जारी समन के जवाब में



एक गवाह का असहयोग उसे दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया जा सकता है। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, बोर्ड से परे और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद है और एजेंसी से अपने आचरण में प्रतिशोधी होने की उम्मीद नहीं है। 2002 के कड़े अधिनियम के तहत दूरगामी शक्तियों से संपन्न ईडी को अत्यंत ईमानदारी, निष्पक्षता और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए देखा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में तथ्य दर्शाते हैं कि ईडी अपने कार्यों का निर्वहन करने में विफल रही है और इन मापदंडों के भीतर अपनी शक्तियों का प्रयोग करें। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश तब आया जब उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रियल्टी समूह एम3एम के निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल को जमानत दे दी।पीठ ने मामले को आगे बढ़ाने में ईडी के आचरण पर चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से अपीलकर्ताओं द्वारा पहले ईसीआईआर से संबंधित अंतरिम सुरक्षा प्राप्त करने के तुरंत बाद दूसरा ईसीआईआर दर्ज करना, इसे शक्ति का मनमाना प्रयोग बताया। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 22(1) का हवाला दिया, जो गिरफ्तार व्यक्ति को बिना किसी देरी के गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित करने के अधिकार की गारंटी देता है। इसमें जोर देकर कहा गया कि इस मौलिक अधिकार का अपने इच्छित उद्देश्य की पूर्ति के लिए सार्थक ढंग से प्रयोग किया जाना चाहिए।

# आप सांसद संजय सिंह शराब घोटाले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। शराब घोटाले में ईडी की पूछताछ के बाद संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई है। ईडी की तरफ से संजय सिंह के घर पर छापेमारी की गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी तब हुई जब दिनेश अरोड़ा अप्रूवर बन चुके हैं। चार्जशीट में ये बताया गया था कि दिनेश अरोड़ा संजय सिंह के बहुत करीबी थे। दिनेश अरोड़ा के अप्रूवर बनने के बाद कुछ तथ्य प्रवर्तन निदेशालय को मिले थे। जिसके तहत उन्होंने सुबह से संजय सिंह के घर पर छापेमारी की। उसके



बाद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। शराब नीति मामले में दायर आरोपपत्र में संजय सिंह का नाम था।

तलाशी पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय सिंह के पिता ने कहा था कि विभाग अपना काम कर रहा है, हम उनके साथ सहयोग करेंगे। पार्टी ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी संसद में अडानी मामले को उठाने के लिए सिंह को %निशाना% बना रही है। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर लिखा कि एनडीए में बीजेपी के एकमात्र आश्रित सहयोगी ईडी, आईटी, सीबीआई हैं। ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था, उन्होंने पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

## उज्जैन रेप केस

# आरोपी के घर पर चला बुलडोजर, सरकारी जमीन पर बना मकान गिराया गया

**उज्जैन,,एजेंसियॉ।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में 12 साल की बच्ची से रेप के मामले में गिरफ्तार ऑटो ड्राइवर भरत सोनी का घर बुधवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। सोनी का घर उज्जैन के नानाखेड़ा इलाके में सरकारी जमीन पर स्थित था जिसमें वह अपने माता-पिता, भाई और भाभी के साथ रह रहा था। बुधवार को अधिकारियों ने मकान खाली करा लिया और बुलडोजर से उसे ढहा दिया




गया। करीब 12 साल की एक लड़की को घायल हालत में उज्जैन की सड़कों पर घूमते हुए पाए जाने के तीन दिन बाद भरत सोनी को गिरफ्तार किया गया था। अर्धनग्न और खून से लथपथ लड़की मदद की गुहार लगाते हुए 8 किमी से अधिक तक चली। मेडिकल जांच से पता चला कि उसके साथ बलात्कार हुआ था।इससे पहले कार्रवाई को लेकर कई बार संशय बना रहा लेकिन अब एसपी सचिन शर्मा ने कहा है कि मंगलवार को कोई कार्रवाई नहीं होगी और बुधवार को उनका घर तोड़ा जाएगा। उधर, पुलिस सूत्रों का यह भी कहना है कि अभी तक आरोपियों की कोई बड़ी संपत्ति सामने नहीं आई है। पुलिस को अभी तक भरत सोनी की किसी वैध और बड़ी संपत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है. पुलिस को यह भी पता चला है कि भरत का परिवार बेहद गरीब है और उसके पिता भी ऑटो चलाते हैं जबकि उसका भाई एक छोटी सी दुकान चलाता है।

### चकल्लस



**है चुनाव की हवा चल रही राजनीति की अंगडाई**
**चहुदिश मुंह फैलाये घूमे राजनीति की पुरुवाई**
**बेल्हा मे भी तम्बू ताने सपा ने पैर जमाया है**
**भले बहाना प्रशिक्षण का जुट रहे सभी सपाई ।**

**डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम**
**वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार**

## ऑनलाइन सट्टेबाजी का मामला

# रणबीर कपूर सहित कई बॉलीवुड सितारों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**मुंबई, ,एजेंसियॉ।** महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में शामिल होने के कारण कई बॉलीवुड अभिनेता और गायक प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में हैं। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 6 अक्टूबर को तलब किया है। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, रणबीर कपूर ने एक सहायक ऐप का प्रचार किया, जिसे महादेव बुक ऐप प्रमोटर्स द्वारा भी प्रचारित किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि अभिनेता ने प्रमोशन के लिए नकद पैसे लिए। ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म महादेव बुक ऐप की जांच ईडी और कई राज्यों के पुलिस विभाग कर रहे हैं।पिछले महीने सूत्रों से पता चला कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल सबूतों के अनुसार, 112 करोड़ रुपये हवाला के जरिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दिए गए



थे, जबकि 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग के लिए भुगतान नकद में किया गया था।जांच एजेंसी महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में चल रही जांच के सिलसिले में कुछ अन्य शीर्ष बॉलीवुड अभिनेताओं और गायकों को तलब कर सकती है। पिछले महीने, इंडिया टुडे की एक एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में उन अभिनेताओं और गायकों का खुलासा हुआ था, जो इस साल फरवरी में यूएई में महादेव बुक ऐप के प्रमोटर, सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में शामिल हुए थे।इनमें टाइगर श्रॉफ, सनी लियोन, नेहा कक्कड़, आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली असगर, विशाल ददलानी, एली अवराम, भारती सिंह, भाग्यश्री, कृति खरबंदा, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक और सुखविंदर सिंह शामिल हैं।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया था कि महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले के दो सरगनाओं में से एक, सौरभ चंद्राकर ने इस साल की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अपनी भव्य शादी पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए थे। केंद्रीय एजेंसी महादेव ऑनलाइन जुआ ऐप के संचालन के संबंध में करोड़ों रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है, जिसके प्रमोटरों में से एक चंद्राकर हैं।एजेंसी ने कहा था कि ईडी ने मामले में 417 करोड़ रुपये की नकदी और संपत्ति भी जब्त की थी। पीटीआई के हवाले से कहा गया है, ÷ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एपीपी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली है और बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सबूत हासिल किए हैं और 417 करोड़ रुपये की अपराध आय को फ्रीज/जब्त कर लिया है।

# विमानों की दहाड़ से गूंजने लगा संगम क्षेत्र, 10 एयरबेस से उड़ान भरेंगे 120 विमान

## रिहर्सल शुरू, संगम क्षेत्र को पूरी तरह से कराया गया खाली





**प्रयागराज।** प्रयागराज के इतिहास में 8 अक्टूबर को एयर फोर्स डे पर एयर शो में देश के 10 एयरबेस से 120 विमान उड़ान भरेंगे। ये विमान संगम क्षेत्र में अपना करतब दिखाने के बाद अपने-अपने एयरबेस में वापस पहुंचेंगे। एयर फोर्स के बेड़े में जितने भी तरह के हेलीकॉप्टर और विमान हैं। वह इस एयरशो का हिस्सा होंगे।

इस एयरशो में मिग-21 आखिरी बार उड़ान पर होगा। इस एयर शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी एयरफोर्स ऑफिसर्स की देशभर से आई टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। संगम क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के बाद पूरा खाली करा दिया गया है। ऊंचे-नीचे गड्ढों को भरने के लिए जेसीबी और पोकलैंड मशीनें लगी हैं। जिन 10 एयरबेस से विमान उड़ान भरेंगे। उनमें प्रमुख रूप से प्रयागराज बम्हरौली, लखनऊ बक्शी का तालाब, आगरा, हिंडन, बरेली, चकेरी, गोरखपुर, बिहटा, दरभंगा, महराजपुर शामिल हैं। इन्हीं एयरबेस से 120 विमान हवा में अपने हैरतअंगेज करतबों से सभी को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं।8 अक्टूबर को होने वाले एयरशो को लेकर संगम क्षेत्र को पूरी तरह से देखते हुए संगम क्षेत्र को पूरी तरह से खाली कर दिया गया है। संगम में हनुमान मंदिर के सामने जो भी अस्थाई दुकानें लगी थी। उन सबको प्रशासन ने हटवा दिया है।

संगम नेज पर भी किसी भी तरह की दुकान को 8 अक्टूबर तक लगाने की अनुमति नहीं दी गई है। किले के आस-पास जो उबड़ खाबड़ जमीन थी। प्रशासन ने उसको जेसीबी और पोकलैंड मशीन लगाकर समतल करवा दिया है। संगम क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए भी अलग से सफाईकर्मी लगाए गए हैं।एयर फोर्स के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रयागराज में हो रहे एयर शो मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि ना तो एयरफोर्स के अधिकारियों और ना ही स्थानीय प्रशासन की तरफ से इसकी पुष्टि अभी तक हो पाई है। एयर मार्शल आरजीके कपूर ने बताया कि निमंत्रण राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री, यूपी राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी दिया गया है। इनमें से और शो में कौन शामिल होगा कौन नहीं यह अभी नहीं बताया जा सकता है।एयर शो में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ राज्यपाल, आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शामिल होने की संभावना को लेकर संगम क्षेत्र में एयरफोर्स के साथ ही साथ जिला प्रशासन की ओर से भी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं।

एयरफोर्स की ओर से तैयारी का जायजा लिया गया है। शो के दौरान विभागों के साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए किले के ऊपर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। किले के अंदर अस्थाई अस्पताल के साथ ही साथ संगम क्षेत्र में कई जगह मोबाइल टॉयलेट्स भी बनाए गए हैं।एयर शो में भाग लेने के लिए प्रयागराज के 1000 स्कूली बच्चों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएम सिंह ने बताया की राजकीय इंटर कॉलेज से 500 से अधिक बच्चे सीएबी इंटर कॉलेज से 300 एंग्लो बंगाली के 100 बच्चे और कर्नलगंज इंटर कॉलेज के 100 बच्चों को बाकायदा एयरशो में बुलाया जाएगा।एयर मार्शल आरजीके कपूर ने बताया कि एयर शो में भाग लेने के लिए पास की जरूरत नहीं है। बस शो शुरू होने के 1 घंटे पहले जहां से संगम क्षेत्र में आपको शो देखना हो। वहां आप अपना स्थान नियत कर सकते हैं। जहां भी बैठेंगे उन स्थानों पर आने पर प्रतिबंध रहेगा। बाकी संगम क्षेत्र, किलाघाट, अरैल घाट की तरफ से कहीं से भी खड़े होकर आप एयर शो देख सकते हैं। इसका लुत्फ को उठा सकते हैं।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज।** आज अल कौसर सोसायटी द्वारा उत्तर प्रदेश महिला कल्याण विभाग के वन स्टॉप सेंटर में बेटी बचाओ पढ़ाओ अभियान के तहत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष नाजिया नफीस बताया कि कार्यक्रम द्वारा समाज के वंचित शोषित वर्ग की महिलाओं और बच्चियों को कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक के साथ ही ही उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं उनके हौसलों को उड़ान देने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि एक दशक से अधिक समय में अब तक वह हजारों बच्चे बच्चियों को स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक पहुंच चुकी है उनकी कई बच्चियों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।अल कौसर सोसायटी द्वारा संगम क्षेत्र की रहने वाली कक्षा 10 व कक्षा 11 की साधना बंसल और सुमन बंसल को पठन-पाठन सामग्री,के अतिरिक्त अन्य बच्चे बच्चियों को उपहार दिया गया उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वन स्टॉप सेंटर में रहने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों के साथ नाजिया ने उनसे केक काटवा कर अपने जन्मदिन की खुशियों को साझा किया गया और उन्हें समझाया गया कि महिला को सशक्त बनाने व समान अवसर उपलब्ध कराने में एक महिला का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है उन्हें अपने समाज के प्रति कर्तव्य को समझना अति आवश्यक है।नाजिया ने महिलाओं और बच्चियों को बिना हताश व निराशा हुई विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर समस्याओं से जूझ कर लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी माण्डा विमल किशोर मिश्रा ने महिलाओं एवं बच्चियों को संबोधित करते हुए उन्हें उनके कानूनी अधिकार जागरूक किया और कहा कि वह अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बदौलत किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए संस्था के कार्य की प्रशंसा किया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी इस मुहिम में वह हर संभव तरीके से सहयोग करेंगे ताकि महिलाओं एवं बच्चियों को समाज में समान अवसर मिल सके। बाल कल्याण समिति की सदस्य सुमन पांडे और सुषमा शुक्ला ने बच्चियों की हौसला अफजाई किया और आगामी परीक्षा में सफल परिणाम लाने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया।अल कौसर सोसायटी द्वारा डिप्टी एसपी माण्डा विमल किशोर मिश्रा और रानी लक्ष्मी बाई वन स्टॉप सेंटर प्रभारी निमिषा यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्य अधिवक्ता अतुल सहाय, प्रियंका सेन, नीतीश शुक्ला, अनामिका ,सिंह आलिया, प्रीति इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अपने देश के प्रति होना चाहिए समर्पण का भाव- ओंकार नाथ केशरवानी



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** किसी देश के समग्र विकास तथा उनकी सास्कृतिक चेतना को समृद्ध बनाएं रखने में राष्ट्रीयता का विशेष महत्व है । राष्ट्रीयता के भाव की प्रभुख विशेषता यह है कि वह अन्य राष्ट्रों के प्रति तब तक द्वेष भाव नहीं रखतीं जब तक उसके देश पर कोई देश आक्रामण न करें । अथवा देश को गुलाम बनाने का प्रयास न करें । राष्ट्रीयता मानव मन की मूल प्रवृत्ति मानी गई है । प्रत्येक मनुष्य के मन में अपने देश के भूभाग के प्रति अनुराग का भाव सुष्टि के आरंभ में ही रहा है ।

उक्त विचार भाजपा जिला उपाध्याय ओंकार नाथ केशरवानी द्वारा सेवा पखवाड़े के समापन तथा गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर व्यापार मंडल कार्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला पंचायत सदस्य कुसुम देवी ने व्यक्त किया ।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए हुए गांधी जी का जीवन सादगी का प्रतीक था । उनका जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय हैं । भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम बाबू केशरवानी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी मजबूत इच्छाशक्ति के धनी थे । उनका कद तो छोटा था, लेकिन व्यक्तितत्व बहुत बड़ा था । गोष्ठी में साधन सहकारी समिति पूरादत्तु के अध्यक्ष अशोक कुमार केशरवानी, शशि तिवारी, शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा, विनोद दुबे प्रधान कैथवल, संन्तोष कुमार द्विवेदी, आशुतोष द्विवेदी, आदि ने संबंधित किया ।गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष आर्दश मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महापुरुषों का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है ।

# कौवां-धधुआ मार्ग गड्ढे में तब्दील



**कौंधियारा (प्रयागराज)।** कौंधियारा से लगभग 30 किलोमीटर लंबा कौवा- धंधुआ लिंक मार्ग कई वर्षो से ध्वस्त हो चुका है। क्षेत्र के लोगों ने लोक निर्माण विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत किया उसके बाद भी आज तक मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। एक वर्ष पूर्व गड्ढों में गिट्टी डालकर बराबर कर दिया गया था जो कुछ ही दिनों में पुनः गड्ढे में तब्दील हो गई। उक्त मार्ग प्रयागराज -कोहरा घाट मार्ग के कौवां चौराहे से करछना के बरांव एवं कौंधियारा के राम का पूरा एवं मेजा के लालतारा, इटवा होते हुए खीरी को जोड़ता है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का आवागमन होता है। क्षेत्र के कई विद्यालय, बैंक, बाजार एवं आसपास के सैकड़ो गांवों के लोगो के आवागमन के लिए यही एक मुख्य मार्ग है। कौंधियारा का मुख्य बाजार राम का पूरा भी उक्त मार्ग पर ही स्थित है। क्षेत्र के सैकड़ो गांव को करछना होते हुए प्रयागराज से जोड़ने वाला उक्त मार्ग पर आवागमन के लिए बस एवं तीन पहिया वाहन संचालित हैं ।कई वर्षों से उपेक्षित होने से आए दिन दो पहिया वाहन से गिरकर लोग चोटिल हो जाते हैं एवं चार पहिया वाहन चलना भी मुश्किल हो गया है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी एवं नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# ग्राम प्रधानों ने मेरी माटी मेरा देश के तहत कलश को ब्लाक तक पहुंचाया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** मेरी माटी मेरा देश के तहत होलागढ़ के ग्राम प्रधानों ने पंचायत भवन होलागढ़ से दर्जनों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने कलश लेकर ब्लाक कार्यालय गए। जहां बीडीओ संजीव रत्न एवं प्रधान संघ अध्यक्ष पति राकेश पांडेय ने कलश लेकर संकलित किया। बताया गया कि इसी प्रकार होलागढ़ ब्लाक से सभी कलश एकत्रित करके 25 अक्तूबर को जिला भेजा जाएगा।बता दे कि कलश में क्षेत्र से दो चुटकी मिट्टी शहीदों के नाम जमा की गई है। बुधवार को कलश यात्रा में प्रधान आसमा परवीन, सलमदार, सुबोध तिवारी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# नारद मोह मंचन के साथ शुरू हुई रामलीला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** बनवारी के पूरा, बरई हरख में मंगलवार को नारद मोह नाटक के मंचन के साथ आदर्श बाल रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला गांव के अनुभवी और द्वारा खेला जा रहा है। जो लगभग बीस वर्षो से मंचन किया जा रहा है। यहां रामलीला 13 अक्तूबर तक खेला जाएगा।

बताया गया कि रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सीता राम पटेल,संचालक / कलाकार डी एन यादव, डायरेक्टर रमेश चंद्र विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी, उपाध्यक्ष पिंटू सिंह आदि हैं।

# केशव प्रसाद मौर्य के जाति जनगणना के बयान से गरमाई सियासत

## केशव बोले व्यक्तिगत रूप से मै जातिगत जनगणना का मै हूं समर्थक




**प्रयागराज।** बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के बाद सियासी गलियारों में इसे लेकर हलचल तेज है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस विषय पर कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से जातिगत गणना के समर्थक हैं विरोधी नहीं है। उनका यह भी कहना है कि जो लोग जातिगत जनगणना के हितैषी बन रहे हैं उन्होंने सत्ता में काबिज रहते हुए अब तक दलित और पिछड़ों के लिए क्या किया है, उसका भी वह हिसाब दें। अगर उन्होंने इन वर्गो के लिए कुछ किया होता तो यह लोग क्यों गरीब रह गए, क्यों अनपढ़ रह गए, क्यों उनको रोजगार नहीं मिला। इसके लिए अगर कोई दोषी है तो सपा , बीएसपी और कांग्रेसी। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा है कि यह केवल चुनावी स्टंट है। शहर के संगम सभागार में मीडिया से मुखातिब होते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने महाकुंभ की तैयारी पर भी अपनी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को दर्द दिव्य भव्य और नव्य बनाने के लिए योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार सभी तैयारियां कर रही है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा है कि फूलपुर में प्रियंका गांधी या राहुल गांधी वहां खिलेगा कमल ही..। अपनी बात को आगे बढ़ते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की सभी सीटों पर भाजपा का कमाल ही खिलेगा।

# महिने में जला सात बार ट्रांसफार्मर गांव अंधेरे में



**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत कैथवल में दस केवीए का लगे तीन ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने जल जाने से गांव के लोग अंधेरे मे रहने से विवस होना पड़ रहा है । जबकि ग्रामीणों ने कई बार विभाग के उच्चाधिकारियों तक शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन अब तक ठीक नहीं हो सका।

बताया जाता है कि ग्राम सभा कैथवल स्टेट राजमार्ग पर दस केवीए का तीन ट्रांसफार्मर लगे हैं । एक पर 15 से 20 कनेक्शनधारी है । जिससे ओवरलोड होने से लगते ही जल जाता है । जबकि एक ट्रांसफार्मर लगाने पर सुविधा शुल्क तीन से चार हजार रूपये देने पर ही लग पाता है। जिससे कनेक्शनधारियों को प्रत्येक माह बिल का भुगतान और रूपये देने पर ट्रांसफार्मर लगाया जाता है । इस दोहरी मार से लोग अजीज आ चुके हैं ।

गांव के राजेन्द्र प्रसाद केशरी, डां, अनिल सिंह, सुशील कुमार सिंह, सुधीर कुमार कुशवाहा, विवेक तिवारी आदि लोगों का कहना है कि तीन दिन पूर्व तीन हजार रूपये देने पर ट्रांसफार्मर लगाया गया है । रात जैसे ही बिजली चालू हुआ वैसे ही धू, धू कर जल गया । जिससे दर्जनों घरों में अंधेरा कायम बना हुआ है । इस संबंध में जेई मातेण यादव को कई बार फोन किया लेकिन रिसीव नहीं की ।

# गरीब को छेड़े नहीं और माफिया को छोड़े नहीं- केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज।** ग्रामीण व शहरी इलाकों में भू माफिया जो धारणा बना लिए है कि सरकारी जमीन, तालाब, नदी नाले व चारागाह की जमीन पर कब्जा किये हुए हैं उनसे खाली कराएं जायेंगे। गरीब आदमी का कब्जा है तो अधिकारियों से कहा गया है कि गरीब को छेड़े नहीं और माफिया को छोड़े नहीं। उक्त बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के प्रेसवार्ता के दौरान कही।प्रयागराज में बनने वाले रिंग रोड को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कोई नई प्लाटिंग न होने पाए। गंगा का पवित्र तट दशासुमेर घाट से लेकर नागबासुकी मंदिर के आगे सजाने और वहां लाइटिंग की व्यवस्था करने और आने वाले समय में रिवर फ्रंट के तहत आवागमन के लिए सुविधा जनक हो। इसको सीडीए पेंशन तक बढ़ाने के लिए कार्ययोजना पर कार्य किये जा रहे हैं। इसका चौड़ीकरण भी किया जायेगा। भू माफिया के द्वारा स्टेट लैन्ड की जमीन को कब्जा करके गरीबों को बेंचकर उनका शोषण करते हैं और कई अधिकारी कर्मचारी मिलकर गिराने का कार्य करते हैं। अवैध है तो गिराया जायेगा। रिवर फ्रंट बनकर तैयार हो जायेगा। विकास प्राधिकरण के द्वारा कई चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।प्रयागराज के समीक्षा बैठक निस्तारण के बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि संभावना 2025 में प्रयागराज के कुम्भ का मेला में देश के आधी आबादी स्नान करने के लिए आयेंगी। सड़क, सेतु नहीं बने हैं घाटों की व्यवस्था ठीक नहीं है जिस पर अधिकारियों को निर्देश दिये गए है। देश और प्रदेश के कोने - कोने से लोग प्रयागराज में अंतेष्टि संस्कार करने आते हैं उसका विस्तार होना आवश्यक है। रसूलाबाद घाट का चौड़ीकरण करने की आवश्यकता है। फाफामऊ की तरफ अंतेष्टि बालू में दबाकर कर चले जाते हैं छतनाग, अरैल और दारागंज में समस्या है। इसकी कमेटी बनाकर जहां-जहां अंतिम संस्कार होते हैं वहां आज की क्या जरूरत कितनी है और आने वाले पचास साल की क्या जरूरत होगी कार्ययोजना बनाकर जनप्रतिनिधियों से मार्ग दर्शन लेकर अधिकारी कार्य करेंगे। जिले के अंदर 2025 की कुंभ है उसे समय से पूरा करने का कार्य करने का निर्देश दिया गया है। 2019 में चौड़ीकरण नहीं किया गया होता तो जो अब सड़के भव्य दिख रही हैं वह नहीं दिखता। चौड़ीकरण पर्याप्त नहीं था अब इसको पूरा किया जायेगा। सभी विभाग मिलकर माह में एक बार बैठक करें जिसमें जनप्रतिनिधि भी हो जिससे समस्या का निराकरण हो सके। तीन वर्ष से अधिकारी व कर्मचारी एक जगह बैठे हैं वह काकस को जगह परिवर्तन करने का कार्य किया जायेगा।

# आरंभ हुई हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की डिजिटल डायरेक्टरी प्रकाशन की प्रक्रिया



**प्रयागराज।** पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार आज से 13 अक्टूबर तक सुबह 10.00 बजे से सायंकाल 04:30 बजे तक हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की डिजिटल डायरेक्टरी के प्रकाशन के क्रियान्वयन के संदर्भ में आज पहले दिन अध्यक्ष अशोक सिंह एवं महासचिव नितिन शर्मा की उपस्थिति में शुरूआत की गयी। डायरेक्टरी के आधुनिकीकरण हेतु अधिवक्ताओं द्वारा निर्धारित स्थल क्रमशः नये पदाधिकारी कक्ष के बगल में पुरूष अधिवक्तागण एवं नये महिला चैम्बर में महिला अधिवक्तागण का फोटो खिंचवाने में विशेष सहयोग रहा और सभी सम्मानित अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने फोटो खिचवायें।संयुक्त सचिव प्रेस अमरेन्दु सिंह ने कहा कि विगत वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण अधिवक्ता निर्देशिका का सही तरीके से नवीनीकरण नही हो पाया था। इसलिए वर्तमान में इसे सही प्रकार से अधिवक्ताओं के बीच लाना आवश्यक है। अवकाश के दिन को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस पर आधुनिकीकरण व फोटो खींचने का कार्य सम्पादित होगा। जल्द ही हाईकोर्ट प्रशासन से स्थान की व्यवस्था करवाकर और भी स्थानों पर कार्य सम्पादित करायें जायेंगे। इसके साथ ही साथ न्यू महिला चैम्बर में शीबा रिजवी, ममता वर्मा एवं सुजाता चौधरी ने अपने-अपने फोटो खिंचवाकर फोटोग्राफी की शुरूआत की जिसके परिप्रेक्ष्य में आज पहले दिन लगभग 60 महिला अधिवक्ता एवं न्यू पदाधिकारी कक्ष के बगल में 230 पुरूष अधिवक्ताओं द्वारा फोटोग्राफी करायी गयी। राज कुमार सिंह (पूर्व कोषाध्यक्ष), लब्ध प्रतिष्ठ मिश्र, एम0जे0 अख्तर, उमाशंकर तिवारी, काशीनाथ सिंह ने अपने-अपने फोटो खिंचवाकर फोटोग्राफी की शुरूआत की। उक्त अवसर पर आशुतोष पाण्डेय, अशोक कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार मिश्र (अजय जय हिन्द), अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, स्वर्ण लता सुमन (उपाध्यक्षगण), सर्वेश कुमार दुबे (संयुक्त सचिव, प्रशासन), अजय सिंह (संयुक्त सचिव लाइब्रेरी), अमरेन्दु सिंह, (संयुक्त सचिव प्रेस), अंजना चतुर्वेदी (संयुक्त सचिव, महिला), आशीष कुमार मिश्र (आशीष मिश्र), (कोषाध्यक्ष), प्रीति द्विवेदी, श्रीमती सरिता सिंह, अभ्युदय त्रिपाठी, विनोद राय, अमित कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, अरविन्द कुमार सिंह, अरूण कुमार त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र (नगरहा), सुधीर कुमार केसरवानी, साइमा सहेर, अनिरूद्ध ओझा, अनिल कुमार मिश्र, गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह कार्यकारिणी सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# नन्दी शाला का हुआ उदघाटन



**फाफामऊ।** बुधवार को गोहरी गाँव मे आवारा सांडो की देखरेख व सुरक्षा किसानों का नुकसान न हो को मद्देनजर नगर निगम ने वार्ड 16 गोहरी मे नन्दी शाला का निर्माण किया गया।जिसका बुधवार को उदघाटन महापौर गणेश केशरवानी ने किया इस दौरान शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक दीपक पटेल, पार्षद सुबेदार भारती, सुरेंद्र यादव, रामकुमार भारती, जय सिंह, धीरेन्द्र केशरवानी, सुशील महराज अरुण शुक्ला,विवेक अग्रवाल, राजू शुक्ला, सहित अपर नगर आयुक्त अरविंद राय पशुधन अधिकारी,डा.विजय अमृत राज,अधिषासी अभियंता अनिल मौर्या, सहायक अभियंता डम्बर सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# लापता महिला का तीसरे दिन कुएं में मिला शव

**कुंडा प्रतापगढ़।** घर से लापता महिला का तीसरे दिन गांव के पास कुएं में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बडेरा निवासिनी राजकली पत्नी मेवा लाल 2 अक्टूबर सोमवार को सुबह भोर में शौचक्रिया करने के लिए घर से बाहर गई थी। लेकिन वह आप फिर घर वापस नहीं लौटी। परिजन उसे दिनभर संभावित स्थानों पर ढूंढते रहे। लेकिन कहीं अता-पता न चलने पर भतीजा शिवम कुमार ने मानिकपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सैनी बस स्टैंड के पास नहीं बनेगा अंडरपास लोगों में मायूसी

## तकनीकी कारणों का हवाला देकर एन एच ए आई ने ठुकराई मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** कानपुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैनी बस स्टाप के पास बने फ्लाईओवर मे अंडर पास का निर्माण नही हो सकेगा। तकनीक कारणों का हवाला देकर एन एच ए आई ने राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण द्वारा मांग ठुकराने से लोगों में मायूसी है। नेशनल हाईवे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कर दुर्घटना रोकने को लेकर फोरलेन से सिक्सलेन सड़क का निर्माण करने के साथ प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। सैनी मे बने ऊपरगामी पुल मे देवीगंज सिराथू मार्ग पर अंडरपास का निर्माण कराया गया है। जबकि फ्लाईओवर बनने के बाद बस स्टॉप में आने जाने में लोगों को दिक्कत हो रही है। ऐसे में ज्योति प्रकाश, रवि कुमार मिश्रा, रामचंद्र, विनय कुमार सहित कई लोगों ने सांसद विनोद सोनकर से मिलकर स्थानीय लोगों ने रोडवेज बस स्टॉप के पास अंडर पास बनाने की मांग की थी। जिस पर



सांसद विनोद सोनकर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र भेजकर जन समस्या का निराकरण के लिए कहा था। जिसपर अधिकारियों ने पत्र भेजकर एक फ्लाईओवर मे दूसरा अंडर ब्रिज बनाने की मांग ठुकरा दी। जानकारी होने पर लोगों में मायूसी छा गई है। क्या कहते हैं लोग- 1 रोज बेज बस स्टॉप के पास अंडर पास न होने की वजह से कानपुर की बस पकड़ने के लिए यात्रियों को घूमकर 800 मीटर पैदल जाना पड़ता है। इसके अलावा स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती है। सचिन केसरवानी- 2 नेशनल हाईवे पर फ्लाईओवर बनने के बाद सडक के दोनो ओर बसी बस्ती से लोगों दिक्कतो की दौर से गुजरना पड़ता है। समस्या को लेकर सांसद से मांग करने के बाद निराकरण नहीं हो सका है। लल्लूराम मौय- 3 बस स्टॉप के पास अंडर पास न होने से आवागमन बंद रहता है। ऐसे मे स्थानीय लोगों का व्यवसाय चौपट हो गया है। रेहडी, ठेला लगाकर जीवन यापन करने वाले लोग बेरोजगार हो गए हैं। अनिल कुमार- 4 फ्तेहपुर जनपद के मलवा मे बने फ्लाईओवर मे दो अंडरपास बनाए गये है।

लेकिन एक ही आबादी होने के साथ प्रमुख बस स्टॉप होने पर भी सैनी में अंडरपास का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। ऐसे मे लोगों को परेशान होने पड़ रहा है। सुरेश कुमार क्या कहते हैं अधिकारी- सांसद विनोद सोनकर की मांग पर अंडर ब्रिज बनाने के लिए परियोजना सलाहकार द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया था। एक अंडरपास 177 मीटर की दूरी पर स्थित होने की वजह से दूसरे स्थान पर निर्माण नहीं कराया जा सकता है। अमन रोहिल्ला परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण।

# फैजीपुर से बसोहनी संपर्क मार्ग जर्जर, असुविधा



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** क्षेत्र की बदहाल सड़कें स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। विकासखंड सिराथू क्षेत्र के फैजीपुर से बसोहनी सम्पर्क मार्ग पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। हाल यह है कि उक्त मार्ग पर चलने वाले लोग आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं। बावजूद इसके अभी तक इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

क्या कहते है- ग्रामीण-ग्रामीण गजाधर का कहना है की सड़क की दुर्दशा के कारण ही वह लोग बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते हैं। हल्की बारिश के बाद इस संपर्क मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। सड़क पर बने जगह-जगह गड्ढों में पानी भरने के बाद बाइक सवार उसमें गिरकर घायल हो जाते हैं। इसके अलावा पैदल चलने वाले लोग भी अगर संभल कर न चलें तो वह भी चोटहिल होते हैं। महमदपुर के बबलू का कहना है की मार्ग जर्जर होने से स्थानीय निवासियों को आने जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। बसोहनी के मुन्ना सिंह का कहना है की संपर्क मार्ग लगभग तीन वर्ष पहले जिला पंचायत निधि से लगभग 392 लाख से बना था लेकिन तीन वर्ष में ही मार्ग जर्जर हो गया। बसोहनी के ओम प्रकाश का कहना है की ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल संपर्क मार्ग मरम्मत की मांग की है। कहा कि अगर हम लोगो की मांग पूरी नहीं की गई तो हम लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस सम्बंध में अधिशाषी अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जल्द ही जल्द ही उक्त सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# बीआरसी सरसवां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत पेरेंट्स काउंसलिंग के द्वितीय सत्र का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**सरसवां, कौशाम्बी।** बीआरसी सरसवां में समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग के द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के 50 अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से 2 सत्रों में आयोजित किया गया प्रथम सत्र में दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा दूसरे सत्र में दिव्यांग बच्चों के समस्याओं के संबंध में अभिभावकों से गहन विचार विमर्श कर व्यक्तिगत



परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनके उचित क्रियान्वयन के संबंध में अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रुप में श्री दयाशंकर ए आर पी उपस्थित रहे तथा स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह व अनिल सिंह तथा फिजियोथेरेपिस्ट पंकज साहू द्वारा जिले में समेकित शिक्षा से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# सभी पत्रकार मेरा परिवार उनके हित के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा -शिवशंकर तिवारी

### चौथा स्तंभ की आवाज समाज का आइना- ओम प्रकाश

### चम्पहा बाजार पत्रकारों की हुई बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** चम्पहा बाजार के मैरिज हॉल चम्पहा में पत्रकारों की बैठक आहूत हुई जिसमे तमाम पत्रकारों ने बैठक में भाग लिया जिसमे विश्व पत्रकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर तिवारी ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बढ़ गया है जो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सभी पत्रकार मेरे परिवार की तरह है उनके हक के लिए जीवन भर लड़ता रहूंगा और संघर्ष करता रहूंगा और पत्रकार समाज में आइना की तरह है पत्रकार अपने सभी



सुख दुख को भूल कर खबर कवरेज करता है लेकिन कुछ लोग उसका गलत तरीके से पत्रकारों को फसाने का कार्य करते है जो पत्रकारों की हित के लिए विश्व पत्रकार महासंघ लड़ाई लड़ेगी। वहीं बैठक में मौजूद क्लब के तहसील अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र ने कहा पत्रकारों को संगठित होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना चाहिए जहां भी पत्रकारों का उत्पीड़न हो वह चाहे जिस संगठन में तत्काल उसकी सहयता करना चाहिए। बैठक में मौजूद विश्व पत्रकार महासंघ के जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा पत्रकारों की कलम की ताकत स्वयं होती है यदि कोई भी पत्रकार अपने कर्तव्यों और निष्ठा के साथ खबर चलाएगा तो वह खबर समाज का दर्पण की तरह काम करता है लेकिन पत्रकारों का हनन समाज का हनन है और पत्रकार समाज का विश्वासपात्र स्तंभ है। विश्व पत्रकार महासंघ के मीडिया प्रभारी कौशाम्बी ने कहा पत्रकार शब्द से ही पता चलता है कि पत्रकारिता लोकतन्त्र का अविभाज्य अंग है। प्रतिपल परिवर्तित होनेवाले जीवन और जगत का दर्शन पत्रकारिता द्वारा ही सम्भव है। परिस्थितियों के अध्ययन, चिन्तन-मनन और आत्माभिव्यक्ति की प्रवृत्ति और दूसरों का कल्याण अर्थात् लोकमंगल की भावना ने ही पत्रकारिता को जन्म दिया। सामायिक ज्ञान का व्यवसाय ही पत्रकारिता है। वही मौजूद डॉ0 सुरेश गुप्ता ने कहा सभी पत्रकार मेरे परिवार है उनके हक के लिए सरकार को भी सोचना चाहिए और मौजूद सभी पत्रकारों को बैठक में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया बैठक में सत्यप्रकाश, दीपू श्रीवास्तव, डॉ0 सुरेश गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुभम दुबे, महताब हुसैन, मो0 हारून, बृज नंदन द्विवेदी, राजू केशरवानी, कमलेश गौतम, गणेश वर्मा, विकास दुबे, देवेंद्र प्रताप सिंह, विवेक कुमार, आनंद कुमार सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# आपसी सुलह सहमति से महिला थाना प्रभारी ने दो परिवारो को मिलाया



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महिला थाना प्रभारी गायत्री सिंह व महिला कांस्टेबल अनन्या पांडेय के माध्यम से आवेदक नरेश व विपक्षी सविता के मध्य पति-पत्नी का आपसी विवाद था जिसमें दोनों पक्षों को थाना हाजा पर बुलाकर समझाया बुझाया गया तो दोनों पक्ष आपसी सुलह सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए दोनों पक्षों को फीडबैक देते हुए रवाना किया गया। इसी तरह महिला थाना प्रभारी श्रीमती गायत्री सिंह व महिला कांस्टेबल सोनाली गुप्ता के माध्यम से आवेदिका आराधना व विपक्षी मुलायम सिंह के मध्य पति-पत्नी का आपसी विवाद था जिसमें दोनों पक्षों को थाना हाजा पर बुलाकर समझाया बुझाया गया तो दोनों पक्ष आपसी सुलह सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए दोनों पक्षों को फीडबैक देते हुए रवाना किया गया। शेष कुशलता प्रकट की गई।

# वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस उपनिरिक्षक चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी सफीक नि0 वार्ड नं0-02 कस्बा सिराथू थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर चालान किया गया।



### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 05 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानामो0पुर पइन्सा पुलिस उपनिरिक्षक आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस द्वारा हुबलाल, मिथलेश, शिव सिंह, कमलेश, राम बहादुर नि0गण जगन्नाथपुर थाना मो0पुर पइन्साजनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 177 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में (थाना सराय अकिल से 01, थाना संदीपन घाट से 06, थाना कोखराज से 01, थाना मो0पुर पइन्सा से 01) कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# पीड़िता ने पड़ोसी पर लगाया मारपीट व धमकी का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** कडा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी पर गाली गलौच व धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरेनी निवासी राजपति देवी पत्नी राम आसरे ने कड़ा धाम पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की वह दरवाजे पर बैठी थी तभी पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के रहने वाले दो लोगो ने गाली गलौच करने लगे। पीड़िता का आरोप है की जिसका विरोध करने पर दबंग मारपीट पर अमादा होकर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए मारने की धमकी देने लगे।

# प्रोन्नत उपनिरिक्षक को पुलिस अधीक्षक ने लगाये तीन स्टार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में उपनिरिक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नत किए गए उपनिरिक्षक कृष्ण कुमार को तीन स्टार लगाकर निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति कर बधाई दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर व अन्य निरीक्षकगण मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसुनवाई

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की सड़क हादसे में मौत

## पूरे महाविद्यालय में शोक की लहर प्राचार्य प्रोफेसर सहित तमाम शिक्षक पहुंचे मृतक प्रोफेसर के घर



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** भरवारी कस्बा स्थित भवंस मेहता महाविद्यालय के प्रोफेसर प्रतिदिन की तरह अपने निवास हंडिया से बाइक से विद्यालय आ रहे थे इसी बीच तेज रफ्तार डम्फर ने मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की बाइक में टक्कर मार दिया है जिससे मेहता कॉलेज के प्रोफेसर की दर्दनाक मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही पूरे महाविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रबोध श्रीवास्तव ने शोक सभा आयोजित कर मृतक प्रोफेसर को शोक संवेदना व्यक्त किया है और तमाम शिक्षकों के साथ प्राचार्य पप्रयागराज के मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं जहां उनका पोस्टमार्टम हो रहा है मृतक प्रोफेसर के दो जुड़वा बेटी उम्र 7 वर्ष वा पत्नी को जैसे ही हादसे की जानकारी मिली कोहराम मच गया है, जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के हंडिया के रहने वाले लक्ष्मीकांत मिश्रा उम्र 48 वर्ष की भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 8 वर्ष पूर्व प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हुई थी बेहद सरल मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी बुधवार को हंडिया से महाविद्यालय के लिए वह बाइक से निकले थे लेकिन रास्ते में सड़क हादसे में लक्ष्मीकांत मिश्रा की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही पूरे महाविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई भवंस मेहता महाविद्यालय में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**महगांव, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव गेस्ट हाउस के समीप मंगलवार की शाम अनियंत्रित कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे उठाकर एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।जानकारी पाकर परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फ्तेहपुर जनपद के बकेवर कोतवाली अंतर्गत कुंचवारा गांव निवासी हरिकेश (24) पुत्र राम औतार मंगलवार की शाम बाइक से अपने ससुराल चकसैनी आया था। चकसैनी का रास्ता भटककर वह महगांव पहुंच गया। जानकारी करने के बाद वह लौट रहा था। इसी दौरान महगांव गेस्ट हाउस के समीप पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में हरिकेश बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर रहे लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर सिराथू में कराई गई साफ सफाई व फागिंग



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सूबे के डिप्टी सीएम व सिराथू के लाल केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को जनपद आ सकते है, डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमलो ने तैयारी शुरू कर दी है, वही डिप्टी सीएम अपने गृह नगर सिराथू भी आ सकते है जिसको लेकर बुधवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह ने नगर पंचायत में हो रहे साफ सफाई का निरीक्षण कर चुने का छिड़काव व फागिंग कराया। इस दौरान लेखा लिपिक दीप कमल, ओम प्रकाश बबलू, महेश सिंह सहित नगर पंचायत के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# शौर्य जागरण यात्रा में धर्म व राष्ट्र की रक्षा को दिया गया संदेश

### जिले के प्रमुख स्थानों पर शौर्य जागरण यात्रा का हुआ स्वागत

### 30 सितंबर को सोनभद्र से निकली यात्रा मंगलवार को देर शाम पहुंची थी चरवा

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** हिंदू समाज के वीर बलिदानियों और क्रांतिकारियों के शौर्य व उनके संघर्षो से युवा पीढ़ी को परिचित कराने के लिए विहिप व बजरंग दल की ओर से निकली गई शौर्य जागरण यात्रा का फूल मालाओं से जनपद की कई स्थानों पर हिंदू संगठनों द्वारा किया गया। गाजे-बाजे के साथ जय श्री राम के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा। विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल काशी प्रांत द्वारा शौर्य जागरण यात्रा सोनभद्र से 30 सितंबर को चलकर मंगलवार की देर शाम चरवा पहुंची। बुधवार को सुबह 8 बजे यात्रा चरवा से निकलकर दरियापुर चौराहा पहुंची। यहां पर दर्जनों गाड़ियों के साथ विहिप के जिला उपाध्यक्ष राम अभिलाष मौर्य ने गाजे बाजे व डीजे



के साथ स्वागत किया। यात्रा पर फूल बरसाए गए। इसके बाद गुवारा होते हुए करारी चौराहा पहुंची। चौराहे पर विहिप के जिला कोषाध्यक्ष उमेश केसरवानी ने दर्जनों साथियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। फूल बरसाये गए। जय श्री राम व भारत माता की जय घोष किया गया। यात्रा में शामिल लोगों को सूक्ष्म जलपान का पैकेट भेंट किया गया। इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री नील मणि ने धर्म व राष्ट्र की रक्षा करने के लिए लोगों से एकजुट रहने पर जोर दिया। बजरंग दल के जिला संयोजक विवेक ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सहयोग से शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। करारी से यात्रा निकलकर ओसा चौराहा, मंझनपुर चौराहा में नगर पालिका अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सरोज फौजी द्वारा भव्य स्वागत किया गया, समदा चौराहा में जिला कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू जी द्वारा माला के साथ और पुष्प वर्षा किया साथ गया, सिंघिया भरवारी गौरा चाकवन होते हुए कोखराज टोल प्लाजा पहुंची। यहां से यात्रा प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर विहिप के जिलाध्यक्ष अजय कुमार, शिव पूजन राही, मोहन लाल, नरेन्द्र साहू,रूपेन्द्र विश्वकर्मा, नीलमणि, राम अभिलाष मौर्य, राजेंद्र पाल, उमेश केसरवानी, जगदीश केसरवानी, राम प्रकाश सरोज,सुरेश मौर्य,राकेश साहू, फूल सिंह, रिंकू केशरवानी, शैलेन्द्र, मनोज केशरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद विनोद सोनकर ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

## समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही योजनाएं - विनोद सोनकर



**लोकमित्र(नि. स.)**
**कुंडा प्रतापगढ़ ।** केन्द्र सरकार के नौ वर्षो के विकास कार्यो को बुधवार को नगर पंचायत डेरवा के विभिन्न वार्डो में सांसद कौशांबी,सभापति संसदीय आचार समिति लोकसभा,प्रभारी दादरा नगर हवेली एवं दमनदीव विनोद सोनकर आम जनमानस से मिलकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। नगर पंचायत डेरवा बाजार के सराय इंद्रावत पश्चिमी में सांसद विनोद सोनकर ने उपस्थित जनता के बीच बताया कि मोदी सरकार में विकास कार्य आम जनमानस तक पहुंचा। आज योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी को मिल रहा है। सरकार की मंशा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। अब कुंडा बाबागंज का विकास कार्य रुकने वाला नही है। 2014 से जो विकास का रथ चला था। उससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उपस्थिति जन समूह ने मोदी सरकार के विकास कार्यों की सराहना की। सांसद विनोद सोनकर ने शेषपुर चौरास पूर्वी,शेषपुर चौरास पश्चिमी,सबलगढ़ उत्तरी,सबलगढ़ पश्चिमी,सराय इंद्रावत उत्तरी,भावनपुर, खटवारा, महियामऊ दक्षिणी, बिकरा पूर्वी में सम्पर्क से समर्थन मांगा। उपस्थित जन समुदाय ने हांथ उठा कर अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, भोला सेठ, सरोज त्रिपाठी, प्रधान सूरज शुक्ल, उमेश तिवारी, हिमांशु मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्र, मायापति तिवारी, प्रधान ज्ञान चंद्र यादव, मनीष शुक्ल, राम कुमार कोरी, राज मिश्र, बड़े लाल मौर्य, विजय पाल सरोज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 62 किलोग्राम अवैध पटाखों के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने 62 किलोग्राम अवैध पटाखों के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना लालगंज से उ0नि0 श्री योगेन्द्र सिंह व उ0नि0 श्री संगम लाल उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र , चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र लालगंज के कस्बा रानीगंज से 03 अभियुक्तों 01. मनोज कुमार जायसवाल पुत्र सुन्दर लाल जायसवाल 02. छग्गूलाल जायसवाल 03. रमेश जायसवाल पुत्र रामकुमार जायसवाल नि0ग्राम रानीगंज कैथौला थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को 62 किलो बने पटाखे (बारूद से बने हुये) के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 387,23 धारा 5,9ख विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# दिल्ली में ओम प्रकाश शुक्ल को मंत्री ने किया सम्मानित

## शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए विशेष योगदान योगदान के लिए मिला सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** गांधी जयंती 2 अक्तूबर के अवसर पर भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गांधी अकादमिक संस्थान प्रयागराज के निर्देशक ओम प्रकाश शुक्ल को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील के गोगलापुर गांव के निवासी शुक्ल को यह सम्मान शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए दिया गया। कार्यक्रम दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में लोक सेवक मंडल एवं अनम स्नेह के तत्वावधान में आयोजित था।उल्लेखनीय है कि ओम प्रकाश शुक्ल जहां एक ओर गांधी अकादमिक संस्थान के माध्यम से निशुल्क कोचिंग प्रदान कर हजारों गरीब विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारी एवं सरकारी कर्मचारी बना चुके हैं वहीं दूसरी ओर उन्होंने सामाजिक एकता परिषद के माध्यम से सैकड़ों दिव्यांग जनों के लिए स्वरोजगार की भी व्यवस्था कराया।श्री शुक्ल एवं नारायण यादव साथ मिलकर 450 दिव्यांग जनों के सामूहिक शादी अब तक करा चुके हैं। श्री शुक्ल ने बताया कि उनके सामाजिक कार्यों में उनकी धर्मपत्नी आशा लता के अलावा छोटे भाई डिप्टी कमिश्नर जयप्रकाश शुक्ल एवं जिला कमांडेट प्रीति शुक्ला का विशेष योगदान रहता है। श्री शुक्ल के सम्मानित होने पर क्षेत्र के लोगों में हर्ष है।

# आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

## भाजपा का अनुषांगिक संगठन है ईडी - दिनेश उपाध्याय



**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़ ।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के घर पर ईडी के छापे एवं गिरफ्तारी के विरोध में आप जिला कार्यालय से चौक घंटा घर, श्रीराम चौराहा,राजापाल चौराहा, होते हुए अम्बेडकर चौराहे पर विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ। भाजपा के अनुषांगिक संगठन बन चुके ई डी द्वारा उत्तर प्रदेश प्रभारी व सांसद सजय सिंह की आवाज को दबाने की मंशा से आज सुबह सुबह उनके घर ईडी का छापा डाला गया और उनकी गिरफ्तारी की गई जिसका आम आदमी पार्टी जिला इकाई घोर निंदा करती है। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग तत्काल बंद करे यदि ऐसे आप के पदाधिकारियों ,नेताओ व विपक्ष के नेताओं को झूठे मुकदमों में भाजपा सरकार के द्वारा फंसाने का काम होता रहा तो आम आदमी पार्टी आने वाले समय में बहुत बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के द्वारा जब जब मोदी डरता है ईडी को आगे करता है,संजय सिंह पर छापेमारी लोकतंत्र से हो रही गद्दारी,भारत माता की जय आदि नारे जयकारे लगते रहे। उक्त कार्यक्रम में दिनेश उपाध्याय के साथ, भास्कर तिवारी,एजाज अहमद,विद्या शंकर विश्वकर्मा, देवी दीन गौतम,मोहम्मद शफीक,राजाराम यादव,मो0तौफीक,ऋतुराज दुबे,मजहर अली,मनोज सिंह,नौशाद,सुशांत पाण्डेय,धर्मेन्द्र,वृहस्पति पाण्डेय,इकलाख,सुधीर पाण्डेय,वैभव आदि लोग उपस्थित रहे।

# हुनर का प्रदर्शन करने वाला जीवन में कभी फेल नहीं हो सकता - बीबी सिंह

## आईटीआई पहाडपुर के दीक्षांत समारोह में बोले प्रधानाचार्य

**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़ ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने वीयन आईटीआई पहाड़पुर के दीक्षांत समारोह के अवसर पर बोलते हुए कहा कि दुनिया की बदलती तकनीक से अपडेट रहकर अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाला जीवन में कभी फेल नहीं हो सकता। उन्होंने दीक्षांत समारोह के अवसर पर आईटीआई के उत्तीर्ण छात्रों का दीक्षांत में उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि काम से कभी हाथ गंदा नहीं होता बल्कि ब्यक्ति के कार्य और जीवन दोनो में निखार आता है । दुनिया हुनर की कीमत जरूर करती है । जिसने भी अनुशासन से संस्थान में रहकर हुनर सीखा और आगे उसे अनुशासन और कठिन परिश्रम के साथ यदि लगन से काम करता रहेगा तो निश्चित रूप से सफलता उसके कदम चूमती रहेगी ।उन्होंने कहा कि आज वैश्विक बाजार में दुनिया की बदलती तकनीक के दौर में देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा कौशल विकास पर पुरजोर कोशिश करके युवाओं को अपडेट रखने का जो प्रयास किया जा रहा है उसके परिणाम स्वरूप भारत तेजी के



साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने युवाओं के तकनीक व जज्बा के साथ अग्रिम पंक्ति की दौड़ में शामिल करने में कामयाबी हासिल कर रहा है ।प्रधानाचार्य ने कहा कि नौकरी के साथ व्यापार में संभावनाएं अपार हैं । समय की प्रतिबद्धता, नई तकनीक जानने की इच्छा, बनाने की कूबत और बिक्री के लिए मैदान तैयार करके जो मेहनत और लगन से कार्य में लगते हैं सफलता उन्हें अवश्य मिलती है ।उन्होंने कहा कि वीयनन आईटीआई द्वारा आईटीआई के छात्रों को प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्हें जो कुशल कारीगर के रूप में नई तकनीक अपनाते हुए प्रोडक्ट तैयार करने का जो प्रशिक्षण दिया गया वह अपने में अनूठा है और इस कार्य के लिए जनपद स्तर से उत्तर प्रदेश सरकार को संस्थान के छात्रों व प्रबंधन तंत्र को पुरस्कृत कर उसे मॉडल के रूप में लागू करने के लिए भी प्रेषित किया जाएगा ।उल्लेखनीय है कि वीयन आईटीआई पहाड़पुर के छात्रों ने बहुत ही कम लागत में घास कटर मशीन और सीयफ्यल बल्ब तैयार कर एक अनूठा प्रयोग किया है । प्रधानाचार्य ने कहा कि वीयन आईटीआई द्वारा घास कटर और सीएफएल कम कीमत में तैयार करने का हुनर दिखाना एक काबिले तारीफ है जो आने वाले समय में संस्थान के उन्नत के साथ-साथ उसको बनाए जाने में जिन छात्रों ने योगदान दिया उनके भी जीवन में निखार अवश्य पैदा करेगा । इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भूपेश त्रिपाठी ने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में नित्य नए परिवर्तन हुआ करते रहते हैं और इन्ही दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुये वीयन आईटीआई के छात्रों को अपडेट और अपटूडेट रखने का प्रयास संस्थान द्वारा कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से किये जाने का प्रयास अनवरत जारी रहता है । उन्होंने बताया कि शीघ्र ही वीयन आईटीआई के छात्रों द्वारा अपने विशेष तकनीक से तैयार किफायती प्रोडक्ट्स का डिमांस्ट्रेशन मुख्यमंत्री जी समेत मुख्यालय पर करवाकर उनका उत्साह वर्धन और जनपद का नाम रोशन करने का सफल प्रयास किया जायेगा ।दीक्षांत समारोह के अवसर पर सफल प्रतिभागियों का विधिवत सारस्वत सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया गया । समारोह में विवेक उपाध्याय डीजीसी ग्राम सभा,शिवम त्रिपाठी,शीतला प्रसाद मिश्र,अनिकेत विश्वकर्मा, आनन्द गिरी,रवि वर्मा,शिवमूर्ति मिश्रा,अमर त्रिपाठी, सुनील मिश्र फुलगेन्द्र,राजाराम वर्मा,कालिका प्रसाद पाण्डेय, उमाशंकर वर्मा आदि उपस्थित रहे । समारोह का संचालन शिक्षक नेता केके मिश्र द्वारा किया गया ।

# स्वच्छता जागरूकता के तहत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## विजेताओं को मिला मेडल एवं स्मृति चिन्ह

**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं 'जिला जज अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के आदेश' एवं अपर जिला जज नीरज कुमार बरनवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के निर्देशन एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के सहयोग एवं प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र के संयोजन में पट्टी तहसील क्षेत्र के रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण करते हुए तहसीलदार पट्टी मनोज कुमार राय सचिव तहसील



विधिक सेवा समिति ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से करनी चाहिए , स्वच्छता के लिए दूसरे पर निर्भर ना हो, स्वच्छता के प्रति सब जागरूक हो ,स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत निरंतर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय संचालक लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी ने कहा कि स्वच्छता को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में शामिल करना चाहिए , अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए, इससे जहां हमें अच्छा माहौल मिलता है वही हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। तहसीलदार पट्टी द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं मेंडल प्रदान किया । निबंध प्रतियोगिता में नेहा विश्वकर्मा प्रथम ,शिखा गुप्ता द्वितीय, आकांक्षा पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में आकांक्षा वर्मा प्रथम ,नरगिस बानो द्वितीय एवं साक्षी जयसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार मिश्र ने किया ।इस अवसर पर सहायक अध्यापक राजेश कुमार दुबे, सतीश पाण्डेय,राकेश मिश्र, जयप्रकाश मिश्र, देवी प्रसाद तिवारी ,प्रशस्त्र त्रिपाठी, प्रफुल्ल रावत ,निलाभ मिश्र, वरुण वर्मा, प्रमोद दुबे, उमापति पाल ,प्रमेश पाण्डेय, आदि लोगों ने सहभागिता किया।

# 32 अवैध कैन बीयर बरामद

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने 32 अवैध कैन बीयर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना लालगंज से उ0नि0 श्री जावेद अहमद खां व उ0नि0 श्री रामजी उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के कस्बा लालगंज से चाय पान की दुकान से 02 व्यक्तियों 01. मक्खन लाल जायसवाल 02. लवकुश जायसवाल पुत्रगण कन्हैया लाल जायसवाल नि0गण वार्ड नं0 14 लालगंज अझारा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को 32 अवैध कैन बीयर (लगभग 16 लीटर) ट्यूबर्ग स्ट्रांग व 10 अदद खाली कैन बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 389,2023 व मु0अ0सं0 390,2023 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# स्कूल बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई बाल बाल बचे बच्चे



**उदयपुर, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के मंगापुर बाजार स्थित बृजलाल सिटी मांटेसरी स्कूल की बस बुधवार सुबह लगभग साढे आठ बजे राहाटीकर की तरफ बच्चें लाने जा रही थी। जैसे ही राहाटीकर नहर पुलिया के पास पहूंची ही थी कि अचानक बस अनियंत्रित हो गई और बस एक पेड़ से टकरा गई।टकराने की आवाज सुनकर राहगीर तथा किसान भागकर बस के पास पहुंचे। जिसमें तीन बच्चें बस के अंदर डर से रो रहे थे। यह देख लोगों ने बच्चों को सहारा दिया और बस के नीचे उतार कर एक दुकान पर बैठाया। लोगों के मुंह से यही निकल रहा था कि चलो जो हुआ, किंतु बच्चें बाल बाल बच गए।मीडिया कर्मी जब प्रधानाचार्य ललित उपाध्याय से बात किये तो कहा की स्टेरिंग फेल हो जानें के कारण एक पेड़ से हल्का टकरा गई है, सभी बच्चें सुरक्षित है।

# कराटे प्रतियोगिता में कार्तिकेय मिश्रा एवं देवांश मिश्रा ने जीता स्वर्ण पदक

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** एस के आई ए के द्वारा महाराष्ट्र के थाना जनपद में कराटे की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के कार्तिकेय मिश्र एवं देवांश मिश्रा ने स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक जीत कर जिले का एवं अपने ग्राम सभा कोठियाही का नाम रोशन किया। कार्तिकेय एवं देवांश दोनों सगे भाई हैं कार्तिकेय की उम्र 10 वर्ष है वही देवांश की उम्र 7 वर्ष है। दोनों भाइयों ने जूनियर वर्ग में पदक जीते हैं दोनों ही भाइयों को एक गोल्ड एक एक गोल्ड एवं एक-एक कंस पदक प्राप्त हुआ है। इनके पिता कोठियाही निवासी मनोज मिश्रा पेशे से प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं दोनों के पदक जीतने से गांव एवं उनके परिवार में हर्ष का माहौल है।

# रेड टेप मूवमेंट के तहत लाल फीता बाँधकर वृक्षों की सुरक्षा का लिया गया संकल्प



**लोकमित्र(नि. स.)**
**कुंडा प्रतापगढ़।**मिशन शिक्षण संवाद की अनूठी पहल प्रकृतिमित्र अभियान के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में लगाये गये पेड़ों की सुरक्षा हेतु उनपर लाल फीता बाँधकर संकल्प लिया गया। यह अभियान 1 से 5 अक्टूबर 2023 तक चलाया जा रहा है। इसके तहत हम लोगों ने वर्षा ऋतु में जिन पेड़ों को लगाया था उनकी सुरक्षा करते हुए उन्हें एक वृक्ष के रूप में विकसति होने के लिए संकल्प लिया जाता है। गत वर्ष की भाँति इस वर्ष में पूरे प्रदेश बज्र के समस्त जनपदों के विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा वृक्षों पर लाल फीता बाँधकर वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है।इस महाअभियान में प्रतिभाग करने वाले समस्त अध्यापकों, अभिभावकों, बच्चों व अन्य सभी को रेड टेप मूवमेंट के3 फाउंडर प्रभात मिश्रा व मिशन शिक्षण संवाद के द्वारा एक प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाता है।पृथ्वी को स्वच्छ, सुन्दर व हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षो से मिशन शिक्षण संवाद टीम द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान तीन चरणों में चलता है। पहले चरण में वृक्षारोपण हेतु स्थान निर्धारित करते हुए गड्ढों की खुदाई की जाती है। दूसरे चरण में वृहद वृक्षारोपण किया जाता है। और तीसरे चरण में लगाये गए वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है।मिशन शिक्षण संवाद जनपद प्रतापगढ़ टीम के द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु भरसक प्रयास किया और अधिकतम लोगों के द्वारा इस अभियान में प्रतिभाग किया गया। बाबागंज विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय उतरार में इस अभियान को बखूबी सहयोग किया गया।

विकासखण्ड में कार्यरत एकेडमिक रिसोर्स पर्सन जयराम यादव सर ने भी इस अभियान में शामिल होकर प्रकृतिमित्र अभियान को बल प्रदान किया। सर के साथ ही आज विद्यालय परिवार के सदस्य अजय कुमार शुक्ला,बबलू सोनी, सुमन मौर्या, सुनीता देवी व सुमन देवी के साथ बच्चों ने आज इस अभियान में शामिल होकर वृक्षों पर लाल फीता बांधकर इनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

# सत्य अहिंसा के मार्ग के पुजारी थे महात्मा गांधी - योगेश तिवारी




**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़ ।** मंगरौरा ब्लाक अन्तर्गत भौसिया पंचायत भवन सभागार में राष्ट्र पिता महत्मा गाधीं की जयंती मनाते हुए युवक मंगलदल भौसिया (मंगरौरा)के अध्यक्ष एवम समाजिक कार्यकर्ता योगेश तिवारी ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी सत्य अहिंसा के पुजारी थे तथा इसी पथ पर चलकर उन्हीने देश को आजाद कराया ।क्रायक्रम में सहभागिता करते हुए परा विधिक स्वयं सेवक गिरीश पाण्डेय ने महात्मा गॉधी के आदर्शो को आत्मसात करने का आवाह्न किया तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने घरों एवम कार्यालयों आस पास अभियान चला कर महात्मागांधी को सच्ची श्रद्धांजलि दें । तथा उक्त आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण पी यल वी अमन त्रिपाठी ,जुल्फीकार अली तथा रामचन्द्र मिश्र , जयराम पुजारी भाजपा अनूसूचित जनजाति जिलाध्यक्ष,राजेन्द्र प्रसाद प्रधान, ,नीरज,सूरज,मेवालाल, रामसुख,अमन,राकेश,अजय,आदि लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के 4000 रुपये के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र(ब्यूरो)**
**प्रतापगढ़ ।** पुलिस ने चोरी के चार हजार रूपये के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 श्री सतीश कुमार व उ0नि0 श्री अमित कुमार चौहान मय हमराह व प्रभारी स्वाट टीम श्री सुनील कुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के मीरा भवन के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 643,2023 धारा 454, 380 भादवि से संबंधित अभियुक्तों 01. दिलीप कुमार गौड़ उर्फदीपक पुत्र लालचन्द्र गौड़ नि0 मुर्गी फार्म कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ 02. अभिषेक मौर्या पुत्र हरिश्याम मौर्या नि0 पल्टन बाजार मौर्य नगर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़घ् के पास से चोरी के अभियोग से सम्बन्धित दो-दो हजार रुपये बरामद किये गये व दोनो की निशांदेही पर अभियुक्त उमेश कुमार सोनी पुत्र रामस्वरुप सोनी नि0ग्राम अचलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ के पास चोरी की 160 ग्राम पीली धातु पीली बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411, 414 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों दिलीप कुमार गौड़ उर्फ दीपक व अभिषेक मौर्या द्वारा बताया गया हम दोनो व मेरे अन्य दो साथियों ( मो0 चांद व मनीष वर्मा ) के साथ मिलकर दिनांक 25.09.2023 को शुकुलपुर दहिलामऊ से एक व्यक्ति के घर में घुसकर एक लाख 100000- रुपया व सोना, चांदी जेवरात चुराये थे। पैसों को हम लोगों ने आपस में बराबर बांट लिया था एवं लगभग 160 ग्राम सोना उमेश कुमार सोनी उपरोक्त को बेंच दिया था जिसके एवज में उमेश ने (पांच लाख) 5,00,000- रुपये दिया था। जिसमें से दिलीप कुमार को 50 हजार रुपये व मो0 चांद को 01 लाख रुपये दिया था तथा अभिषेक को 01 लाख 52 हजार रुपये व मनीष वर्मा को 01 लाख 98 हजार रुपये खाते में भेजा था।जनपद के थाना सांगीपुर के उ0नि0 श्री राजानारायण यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अ0सं0 193,2015 धारा 31(1) घरेलू हिंसा अधिनियम थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त 01. सियाराम पुत्र बुधराम 02. राजेन्द्र पुत्र सियाराम नि0गण ग्राम पूरे ठेगीं तारापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया ।

# शौर्य जागरण यात्रा आज

**सगरा सुंदरपुर,प्रतापगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल काशी प्रांत के अंतर्गत शौर्य जागरण यात्रा 5 अक्टूबर सुबह 9 बजे यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल रानीगंज अजगरा में होगा।उसके बाद लीलापुर ,सगरा होते हुए लालगंज में विश्राम एवं स्वागत के पश्चात घुशमेवर नाथ धाम में दर्शन तथा सांगीपुर में स्वागत के बाद अमेठी जिले को सौंपी जाएगी। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला कल्याण विभाग निरन्तर प्रयासरत- नीरज कुमार

## बेटा-बेटी में न करें भेदभाव- अंजू द्विवेदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज मे 4 अक्टूबर को आयोजित हुआ कन्या जन्मोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील सिंह एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ आदित्य रावत एवं डॉक्टर कमलेश यादव, की अध्यक्षता में किया गया और उन्होने कहा कि बेटा बेटी में कोई भेदभाव ना करें, बल्कि दोनो को समान रूप से शिक्षा प्रदान करें तथा उनका ख्याल रखें। महिला शक्ति ट्रेन से महिला कल्याण अधिकारी पूनम पाल एवं जिला समन्वयक ने सभी को केक खिलाया और बच्चियों की माताओं व परिजनों को लड्डू और बेबी किट बधाई व शुभकामनाएं दी और उन्होने सभी से बच्चियों बेहतर स्वास्थ्य एवं सुनहरे भविष्य की आशा की। जिला समन्वयक अधिकारी अंजू द्विवेदी एवं उमा साहू बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है,

जिसके माध्यम से लोगों को भृण हत्या व समाज की कुरीतियों को दूर करने आदि का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला कल्याण विभाग निरन्तर प्रयासरत है। कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय पर जन्म लेने वाली 10 बच्चियों को हिमालया बेबी किट वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के पम्पलेट भी वितरित किये गये। इस दौरान एनम और आशा महिलाएं, पुरुष आदि उपस्थित रहे।

# चचेरे ससुर ने पत्नी संग जमीनी विवाद में महिला को पीटा

**महगांव, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के नरवरपट्टी मजरा बदनपुर घाट गांव में मंगलवार की शाम चचेरे ससुर ने पत्नी संग जमीनी विवाद में महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से महिला को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। बदनपुर घाट के मजरा नरवरपट्टी गांव निवासी अमन कुमार निषाद किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को वह खेत की ओर चला गया था।उसकी पत्नी माला देवी घर पर अकेले थी।माला के अनुसार उसका चचेरे ससुर के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। मंगलवार की शाम वह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान चचेरा ससुर अपनी पत्नी के साथ उसके पास पहुंचा और जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उन्होंने महिला की जमकर पिटाई कर दी।

# सराय अकिल ग्राम घोसिया में पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने खाया जहर दी जान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरायं अकिल, कौशांबी।** सरायंअकिल इलाके के घोसिया गांव में बुधवार सुबह ससुराल वालों से चल रहे पारिवारिक विवाद से आजिज आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया।आनन फानन परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन वहां के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घोसिया गांव की फरहीन नाज (30)का निकाह 12 साल पहले करारी इलाके के पिंडरा गांव के तबरेज के साथ हुआ था। तबरेज रोजी रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में रहता है।

और दो सालों से घर नहीं लौटा है। परिजनों के मुताबिक तबरेज की गैरमौजूदगी में ससुराल में फरहीन नाज का अक्सर पारिवारिक विवाद होता रहता था।इसी के चलते वह छ महीने से मायके घोसिया गांव में रहती थी। बुधवार सुबह पारिवारिक विवाद से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ पी लिया।कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी तो मायके वाले उसे अस्पताल लेकर भागे। लेकिन वहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरहीन की मां फिरोज बेगम ने घोसिया गांव के ही रहने वाले उसके ननदोई पर जहर देकर बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है। मामले में इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, फिलहाल अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवती का शव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरसवां, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी संगीता 25 पुत्री सुखेंद्र बुधवार दोपहर 3रू00 बजे घर के अंदर बने कमरे में रस्सी के सहारे फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जैसे ही आज जानकारी पर जनों को पता चली तो कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। क्या कहते हैं पश्चिम शरीर थाना अध्यक्ष अभिलाष तिवारी- फांसी के फंदे पर युवती का शव बरामद हुआ है प्रथम दृष्टता आत्महत्या का लग रहा है परिजनों की तरफअभी नहीं मिली है तहरीर मिलने पर जांच कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किया समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** डॉ रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें राजस्व विभाग के तहसील स्तर के अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारीगण उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी व उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर, सिराथू, इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक तथा जिला प्रबन्धक सी0एस0सी0, एस0पी0वी0 कौशाम्बी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 किसान योजनान्तर्गत कुल 2,11,437 लाभार्थी पंजीकृत है जिनमें से कुल 1,94,801 लाभार्थियों का भूलेख अंकन किया जा चुका है तथा 19,491 लाभार्थियों का भूलेख अंकन अवशेष है।



उक्त 1,94,801 भूलेख अंकित लाभार्थियों में से मात्र 1,26633 लाभार्थी ऐसे जिनका बैंक खाता आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी पूर्ण है। अवशेष 68,168 लाभार्थियों में से 59,742 लाभार्थियों का ई-केवाईसी व 8,426 लाभार्थियों का आधार सीडिंग अवशेष है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पी0एम0 किसान योजना के अवशेष लाभार्थियों का आधार सीडिंग व ई0के0वाई0सी0 आगामी 15 दिनों में सी0एस0सी0, वी0एल0ई0, डाकघर प्रतिनिधि, कृषि विभाग के कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सहायक, रोजगार सेवक के माध्यम से पूर्ण करा लिया जाये, जिससे कि पी0एम0 किसान लाभार्थियों को 15वीं किस्त का लाभ प्राप्त हो सके। जिन लाभार्थियों का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है उनका खाता इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खुलवायें तथा ग्राम स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार स्वयं व ग्राम प्रधान के माध्यम से करायें,

क्योंकि पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन्हीं लाभार्थियों को प्राप्त होगा जिनका उक्त तीन कार्य भूलेख अंकन, ई-केवाईसी व बैंक खाता आधार से लिंक होगा।

# सीओ ने कोखराज थाना का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** कोखराज थाना का अर्धवार्षिक निरीक्षण मंगलबार की देर शाम क्षेत्रधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने किया। निरीक्षण के दौरान सीओ सिराथू ने थाने की साफसफाई, अपराधिक रजिस्टर, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मेस, बैरक कर्मचारियों का टर्न आउट तथा कार्यालय में आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद थानाध्यक्ष विनोद कुमार मौर्य से अपराधिक मुकदमों सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने थाना के उपनिरीक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में सब कुछ ठीक ठाक मिला। थोड़ी बहुत जो कमियां है, इसके लिए थानाध्यक्ष को दिशा-निर्देश दे दिया गया है, जिससे दुरुस्त हो सके।

# पक्का मकान गिरने से मलबे में दब कर सामान नष्ट,लोग बाल बाल बचे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पिपरी क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार में बुधवार की दोपहर एक मंजिला मकान की छत अचानक भरभरा कर गिर गयी। जिसके मलबे में दब कर हजारों रुपए का सामान नष्ट हो गया। आसपास के दुकानदार और राहगीर बाल बाल बच गए। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने लोगों के दबे होने की आशंका पर मलबा हटाया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ निवासी श्रीश्याम केशरवानी पुत्र मूलचंद्र केशरवानी बाजार में पेट्रोल पंप के सामने तीन मंजिला मकान बना रखा है। उसके आगे पुराना एक मंजिल मकान था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक बुधवार की दोपहर एक मंजिला छत भरभर कर गिर गयी। इससे बाजार में अफरा तफरी मच गई। लोगों के मुताबिक राहगीर या मजदूर की दबे होने की आशंका करते हुए लोगों ने सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी। सूचना पर नायब तहसीलदार अंकिता पाठक, पिपरी इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ पहुंची। लोगों ने मलबे में किसी के दबे होने की आशंका प्रकट किया। जिसके बाद बुलडोजर के जरिए मलबा को हटाया गया। करीब तीन घंटे चली कार्यवाई के बाद मलबा हटाया गया।हादसे में जानी नुकसान न होने पर पुलिस और राजस्व विभाग ने राहत की सांस ली। उसी मकान में रह रहे बारा ब्लाक के पहाड़िया निवासी विजय ने बताया की वह उसी मकान में रहते थे। घटना के समय वह किसी काम से बेनीराम कटरा गए हुए थे। मलबे में दब कर उनका ठेला सहित करीब तीस हजार रुपए का सामान नष्ट हो गया है। लोगों का यह भी कहना था कि उसी मकान के नीचे फास्ट फूड के दो ठेले लगते थे। जिसके पास काफी भीड़ भाड़ भी रहती थी। यदि यह घटना शाम को होती तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।



# कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कशिया में एन0सी0सी0 के दस दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पब्लिक स्कूल कशिया में एन0सी0सी0 के 17 यू0 पी0 बटालियन प्रयागराज के 550 कैडेटों के दस दिवसीय शिविर का प्रारम्भ दिनांक 01.10.2023 को हुआ। जिसमें विभिन्न जनपदों से आये कैडेटों में बालक एवं बालिकायें पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। सभी कैडेट इस शिविर के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य रक्षा, एकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को आत्मसात करते हुए सेना भर्ती का सपना गढ़ रहें है। आज चौथे दिन आपदा प्रबन्धन, ड्रिल, व्यक्तित्व विकास एवं फायरिंग कराई गई।

समादेश अधिकारी कर्नल एस. वैंकटेस, सुबेदार मेजर ए आनन्द, परेड इन्सट्रक्टर स्टाफ एवं विद्यालय के एन0सी0सी0, ए0एन0ओ0 लेफ्टीनेंट करणवीर विजय प्रताप कुशवाहा जी का समर्पण सराहनीय रहा।

# मंदर विद्युत उपकेंद्र में आग लगने से दो दर्जन गांवों में छाया अंधेरा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र मंदर में बुधवार की दोपहर पैनल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक उपकेंद्र के पैनल और वायर जल कर राख हो गए। इससे दो फीडरों से संचालित दो दर्जन गांवों की बत्ती गुल हो गई। बिजली गुल होने से लोगों के सामने लाइट और पानी की समस्या आ पड़ी। मंदर विद्युत उपकेंद्र के कसेंदा फीडर से बेगमपुर, गोविंदपुर लोकीपुर, कुंदनपुर, पचनी का पुरवा, फतेहपुर सहावपुर और सरवा फीडर से पंतरवा,मंदर, मंदरी, खानपुर सातवां सहित दो दर्जन गावों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बुधवार की दोपहर सरवा फीडर के पैनल में हुए शार्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। उपकेंद्र में लगी आग से अफरा तफरी मच गई। स्टाफ के लोगों सहित आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया।



तुरंत उपकेंद्र की बिजली बंद कराई गई। इसी बीच मिली सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों की टीम ने किसी तरह आग बुझाया। तब तक पैनल और वायरों सहित कई उपकरण आग में जल गए। इससे उपकेंद्र के दो दर्जन गांवों की बिजली गुल हो गई है। उपकेंद्र से जुड़े अमजद, लवकुश कुशवाहा, अनिल, बब्लू , राकेश आदि लोगों ने बताया कि पैनल आदि उपकरण आग में जल गए हैं। अब बिजली जल्दी आने की संभावना नहीं लग रही है। इससे लोगों को बिजली पानी आदि की समस्याओं से जूझना पड़ेगा । इस संबंध में अवर अभियंता सत्यनारायण का कहना है कि सभी पैनल जल गए हैं। लाइन सही करने में एक से दो दिन का समय लग सकता है। इसके बाद ही आपूर्ति बहाल हो सकेगी।

# निपुण छात्र छात्राओं को सीडीओ ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

## मंझनपुर के उदयन सभागार में आयोजित थी एक दिवसीय शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी व वरिष्ठ विशेषज्ञ निपुण राज्य परियोजना, उ0प्र0 ने उदयन सभागार में आयोजित अकादमिक रिसोर्स पर्सन कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ व कलेक्ट्रेट परिसर में अध्यापक, अध्यापिकाओं के द्वारा लगायी गई टीचिंग लर्निंग मैटेरियल स्टाल का अवलोकन कर अध्यापकों के द्वारा बनाई गई टीचिंग लर्निंग मैटेरियल की प्रशंसा करते हुए उत्साहवर्धन किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जनपद कौशांबी और चित्रकूट के सभी एआरपी व खण्ड शिक्षाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ग्रामीण भरवारी में कार्यरत संकुल शिक्षिका ऋचा शर्मा ने निपुण भारत मिशन पर स्वरचित गीत हम शिक्षक है अब शिक्षा में नई उमंगे लाना है निपुण बने हर बच्चा-बच्चा यह उद्देश्य बनाना है...प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण छात्र-छात्राओं-नसी, हर्षिका गौतम, रचना, तीरथ, अवनीश, प्रिया,नरेन्द्र सिंह व कृष्णा का उत्साहवर्धन करते हुए निपुण प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ विशेषज्ञ जिवेन्द्र सिंह ऐरी व निपुण भारत सेल की सदस्य कृतिका गर्ग व जगप्रीत कौर ने प्रस्तुतीकरण के द्वारा रोल प्ले के माध्यम से 13 समूह में बांटकर विद्यालय कार्यक्षेत्र, संकुल बैठक व हेड टीचर गीटिंग की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया । सभी विद्यालयों में सभी शिक्षकों द्वारा निपुण लक्ष्य एप से आंकलन किये जाने और 80 प्रतिशत से अधिक निपुणता वाले विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित करने, जिसका असेसमेंट दिसम्बर माह में थर्ड पार्टी के माध्यम से कराया जायेंगा। शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग पर रोल प्ले व समूह में बोलकर कार्य कराया गया, इसमें वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतकर्ता द्वारा तथा मैथ टूल किट के द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों के मध्य कठिन स्थितियों में एकात्मक परिणाम कैसे प्राप्त करें, इस विषय पर चर्चा एवं समाधान प्रस्तुत किया गया।





इसमें शिक्षक संकुल बैठक, एआरपी के अंदर निराशा, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में विद्यालय को सहयोग संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की गई। निपुण भारत मिशन संबंधी गतिविधियों पर क्विज का आयोजन करके सभी को अपडेट किया गया। टीम बिल्डिंग व शिक्षकों का उत्साहवर्धन व आत्मीय संबंध बनाने के लिए गतिविधि करायी गई। मेरी ताकत और मेरी कमजोरी क्या हैं। शिक्षक संकुल व एआरपी द्वारा 10 विद्यालयों को दिसंबर 2023 में निपुण विद्यालय बनाने के लिए किये जा रहे प्रयास औरआगामी कार्ययोजना पर प्रस्तुति दी गई। सभी को निपुण शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर ए.डी. बेसिक तनुजा त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, खंड शिक्षाधिकारीगण डा0 .जवाहर लाल यादव, सुनील कुमार सिंह, बृजेश सिंह, नीरज उमराव व चित्रकूट के खंड शिक्षाधिकारीगण रमेश पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, मिथलेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# एयरपोर्ट पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को बम-तमंचों के साथ किया गिरफतार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद मंगलवार की शाम थाने पर मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि चिल्ला गांव के चार बदमाश गौसपुर कटहुला होकर बाइकों से कहीं जा रहे हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मय पुलिस बल के कटहुला से चिल्ला मुंजफ्ता जाने वाली रोड पर पहुंच गए।पुलिस बल को देखकर वहां पहुंचे बदमाश भागने लगे। सिपाहियों ने बाइक से दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार बदमाशों का नाम सर्वेंद्र सिंह पुत्र सुगन सिंह, निखिल सिंह पुत्र दान सिंह, शिव कुमार पुत्र दान सिंह निवासीगण चिल्ला मुंजफ्ता और अश्वनी शर्मा पुत्र शैलेंद्र कुमार निवासी बमरौली जनपद प्रयागराज बताया गया।इनके खिलाफपिपरी और धूमनगंज थानों में कई मुकदमे पंजीकृत है। मौके पर बदमाशों के कब्जे से पांच जिंदा बम, एक देशी पिस्तौल, 1अदद तमन्चा 315 बोर, 1 खोखा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर और 4 बाइकें बरामद हुयी है।

## सम्पादकीय

# संगठित आवाज का जोर

क्या एनपीएस वापस लाने के वादे का गणित ठोस है? योजना इसलिए हटाई गई थी, क्योंकि तब समझा गया था कि नव-उदारवादी अर्थव्यवस्था के साथ वह मेल नहीं खाती। आखिर इस अर्थव्यवस्था के कारण समाज के विभिन्न तबकों को सब्सिडी से वंचित किया गया है।सरकारी कर्मचारी एक संगठित श्रमिक वर्ग का हिस्सा है। भारतीय समाज के आम जीवन स्तर की तुलना में देखें, तो यह तबका काफी बेहतर स्थिति में नजर आएगा। फिर उनके बारे में यह धारणा बनी हुई है कि चुनाव प्रशासन में उनकी खास भूमिका होती है, जो कई बार नतीजों को भी प्रभावित कर देती है। इसलिए उनसे जुड़ी मांग सभी या कुछ राजनीतिक दलों को अपनी चुनावी गणना के लिहाज से महत्त्वपूर्ण मालूम पड़े, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। इसलिए इन कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को वापस लाने की मांग के पक्ष में विपक्षी दलों का समर्थन बढ़ता चला गया है। कांग्रेस शासित पांच राज्यों सहित कुछ राज्यों में इससे लागू भी कर दिया गया है। रविवार को नई दिल्ली में विभिन्न राज्यो से आए सरकारी कर्मचारियों ने एक बड़ी जन सभा की। तो इस मौके पर कांग्रेस ने वादा दोहरा दिया कि केंद्र में उसकी सरकार बनी, तो वह इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर वापस लाएगी। लेकिन यह प्रश्न है कि क्या वादे का गणित ठोस है? पुरानी पेंशन योजना इसलिए हटाई गई थी, क्योंकि तब समझा गया था कि नव-उदारवादी अर्थव्यवस्था के साथ वह मेल नहीं खाती।इस अर्थव्यवस्था के कारण समाज के विभिन्न तबकों को सब्सिडी के जरिए मिली हुई अनेक सुविधाएं खत्म की गई हैं। चूंकि उनमें से ज्यादातर तबके संगठित नहीं हैं, इसलिए उनकी मांग में सरकारी कर्मचारियों जितना जोर नहीं है। जबकि यह बड़ा मुद्दा है कि आखिर सिर्फ सरकारी कर्मचारियों का भविष्य ही राज कोष से क्यों सुरक्षित होना चाहिए? वैसे यह प्रश्न भी प्रासंगिक है कि कुल मतदाताओं में सरकारी कर्मचारियों का प्रतिशत कितना है? सवाल इसलिए प्रासंगिक है क्योंकि अगर उन्हें दी गई किसी सुविधा की वजह से दूसरे तबकों का संभावित कल्याण प्रभावित होता है, तो उसकी प्रतिक्रिया उन तबकों में हो सकती है। इसलिए इस योजना को वापस लाने के वादे के साथ अपनी गणना बैठा रहे दलों को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए। या फिर उन्हें यह एलान करना चाहिए कि वे सत्ता में आने पर वे 1991 से पहले वाली अर्थव्यवस्था को ही वापस ले आएंगे!




**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए अनुकुल रहेगा। किसानों के लिए दिन अच्छा रहेगा। फसल अच्छी होने से मन प्रसन्न रहने वाला है। मौसम परिवर्तन से बुजुर्गो की सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव होने की संभावना है। काफी समय से एक ही जगह काम कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। आज शाम का समय अपने परिवार के साथ बिताएंगे।

वृष राशि:आज का दिन आपके आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आपके बेटे को किसी क्षेत्र में अच्छे विकास से आपको खुशी मिलेगी। अपनी बचत को लंबे समय के लिए निवेश कर सकते हैं। आज के दिन फिजूल के खर्चो से बचने की आवश्यकता है। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे।

**मिथुन:**आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होगी। आज जीवनसाथी किसी जरूरी बात को आपसे शेयर करेंगे। उनकी बात को जरूर समझेंगे। आज व्यापार में आपको रोज की अपेक्षा अधिक मुनाफा होगा। इनफार्मेशन टेक्नोलोजी के स्टूडेंट के लिए आज का दिन ख़ास है।

**कर्क :**आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। सामाज सेवा से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपको लोगों का सपोर्ट मिलेगा। दांपत्य रिश्ते में ख़ुशी का माहौल बनेगा। जॉब की तालाश ख़त्म होगी, जिससे अपनी जरूरतों को पूरा करेंगे। होम ट्यूशन दें रहे लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज साथ में घूमने जायेंगे। लेखन का कार्य कर रहे लोगों को आज सम्मानित किया जायेगा।

**सिंह :**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप नया घर खरीदने का विचार बनायेंगे। परिवार के लोगों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में आपकी मेहनत से अच्छा लाभ होगा। आज बाहर के तली भुनी चीजों को खाने से परहेज करें। आज किसी से भी बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण बनाये रखें। लवमेट एक दूसरे को बेहतर समझेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधर होगा।

**कन्या :**आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। छात्र अपनी प्रगति की ओर अग्रसर रहेंगे। कारोबार में आ रही किसी रुकावट का आज समाधान मिल जायेगा। जिससे काम अच्छा चलेगा। फंडिंग एजेंसी से जुड़े लोगों को अन्य लोगों का सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख समृद्धि का माहौल बना रहेगा। विदेश में नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज नए अवसर प्राप्त होंगे। किसी बड़ी कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा।

**तुला :**आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार में उत्सव का माहौल बना रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। आज किसी को दिए हुए रुपये आपको वापस मिलेंगे। रुके कामों को पूरा करने का आज सही समय है। आज आपको बेवजह किसी से उलझने से बचना चाहिए। व्यापार को बढ़ाने के लिए आज किसी अनुभवी से सलाह लेंगे।

**वृश्चिक :**आज आपका दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होने वाला है। सकारात्मक सोच के साथ व्यापार में निवेश के लिए आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज आप घरेलू जिम्मेदारियों को भली-भांति निभाएंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज घूमने जायेंगे। पहले की गयी मेहनत का आज अच्छा परिणाम मिलेगा। आज आपको अपने आस-पास हो रही गतिविधियों पर ध्यान रखने की जरूरत है।

**धनु :**आज का दिन उत्साह से भरपूर रहने वाला है। किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के उपचार होने से खुद को बेहतर महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन में आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज ऑनलाइन आर्डर मिलने से आपको अधिक लाभ होगा। आज किसी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको बहुत ख़ुशी होगी। अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए आप नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे भविष्य में आपको लाभ मिलेगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाएगा। नया बिसनेस शुरू करने में आपको सफलता मिलेगी। अच्छा लाभ होगा। छात्रों को अपनी पढाई पर विशेष ध्यान देने की अवश्यकता है। प्राइवेट शिक्षकों को पदोन्नति मिलने के अच्छे योग बन रहे हैं । बिजनेस साझेदार के साथ ताल मेल बनाकर चलने से आपको लाभ मिलेगा। किसी भी बात को आज सोच-विचार कर बोलने की आवश्यकता है।

**कुम्भ :**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जिससे आपकी दोस्ती मजबूत बनेगी। शिक्षकों के लिए दिन ऊर्जा से भरा रहने वाला है। काम के प्रति आपका डर खत्म होगा। काम करने में मन लगेगा । व्यापारिक क्षेत्र में लाभ के समाचार प्राप्त होंगे। आज आपकी आमदनी बढ़ने से बचत करने में सफल रहेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन :**आज का दिन आपके लिए खुशनुमा पल लेकर आया है। किसी चीज को पाने की कामना आज पूरी होगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसानों की फसल की पैदावार अच्छी होगी। परिवार में नन्हे मेहमान के आगमन से ख़ुशी का माहौल बनेगा। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आज आप कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं। मेडिसिन कंपनी में कार्यरत लोगों का काम अच्छा चलेगा। आज आप खानपान के साथ-साथ अपनी दिनचर्या में भी सुधार करेंगे।

# यूपी:जातीय जनगणना की 'आग' में आसानी से नहीं सिकेंगी सियासी रोटियां



**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में भी जातीय जनगणना के मसले पर सियासत शुरू हो गई है.योगी सरकार पर दबाव बनाने के लिए बीजेपी विरोधी नेता और गठबंधन तो हो-हल्ला मचा ही रहे हैं,भाजपा के सहयोगी दलों के नेता भी इस मुद्दे पर विपक्ष के सुर में सुर मिलाते नजर आ रहे हैं.जातीय जनगणना मसले पर भले ही योगी सरकार और बीजेपी अलग-थलग पढ़ गई हो,लेकिन वह विरोधियों के सामने 'हथियार' डालने को तैयार नहीं हैं,फिर भी इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बीजेपी जातीय जनगणना की वकालत करने वालों को भले ही हिन्दू एकता के लिए खतरा बता रही हो,लेकिन बेचैनी उसकी भी बढ़ी हुई है.क्योंकि यह वह आग है जिसमें सबका 'झुलसना' तय है. इस आग में कौन अपनी सियासी रोटियां सेंकने में सफल होगा,यह समय बतायेगा.परंतु यह भी तय है कि इसका फैसला चंद महीनों के भीतर होने वाले तीन राज्यों के विधान सभा और उसके बाद लोकसभा चुनाव हो जायेगा,लेकिन काट हर चीज की होती है,इसलिए यह नहीं समझना चाहिए कि जातीय जनगणना की मांग को हवा देकर किसी पार्टी का सियासी सफर थम जायेगा या फिर उसका ग्राफ बेतहाशा बढ़ जायेगा.बिहार में इसकी बानगी दिखने भी लगी है,वहां पूछा जा रहा है कि नितीश कुमार कैसे इतने लम्बे समय से सीएम बने हुए हैं,जबकि बिहार में उनकी कुर्मी जाति की भागेदारी मात्र दो-ढाई प्रतिशत ही है.इसी प्रकार लालू यादव के परिवार को भी कटघरे में खड़ा किया जा रहा है.क्योंकि बिहार में यादवों की भागीदारी मात्र 14.27 फीसदी हैं,लेकिन यह परिवार बिहार में लम्बे समय से राज कर रहा है,क्यों नहीं लालू या नीतीश की पार्टी द्वारा 19.65 भागीदारी वाले दलित नेता को सीएम नहीं बनाया जाता है.इसी प्रकार 17.70 फीसदी मुसलमानों में से किसी को अभी तक सीएम की कुर्सी क्यों नहीं नसीब हुई.बीजेपी सवाल खड़ी कर रही है कि क्यों लालू और नीतीश ही हर बार उनकी पार्टी की तरफ से सीएम का चेहरा होते हैं. बहरहाल, जातीय जनगणना की सियासत में पिछड़ों को सियासी फायदा जरूर हो सकता है.क्योंकि एक अनुमान के अनुसार यूपी में कुल जनसंख्या में पिछड़ों की आबादी करीब 60 फीसदी से अधिक बताई जाती है.हालांकि 1931 की जनगणना के बाद ओबीसी आबादी के जातिवार विभाजन का कोई प्रामाणिक डेटा उपलब्ध नहीं था, लेकिन 2001 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राजनाथ सरकार में संसदीय मामलों के मंत्री हुकुम सिंह की अगुवाई वाली समिति ने राज्य में 79 ओबीसी की आबादी के आधार पर 7.56 करोड़ की गणना की थी.ऐसे में पिछड़ा समाज के वोटरों को लुभाने के लिए कई दल अधिक संख्या में पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों को मैदान में उतार सकते हैं.मगर यह सब इतना आसान नहीं होगा. इसी मुद्दे पर बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट करके केंद्र सरकार से यूपी में भी जातीय जरगणना कराने की मांग की है. कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी पहले से ही ओबीसी को हक दिलाने के लिए मुखर हैं.समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव तो हर समय जातीय जनगणना का राग अलापते रहते हैं. गौर करने वाली बात यह है कि कांग्रेस,बसपा और समाजवादी पार्टी के जो नेता जातीय जनगणना के लिए हायतौबा मचा रहे हैं.इनकी यूपी में लम्बे समय तक अपनी सरकारें रह चुकी हैं,परंतु तब इन्हें जातीय जनगणना कराये जाने की जरूरत नहीं लगी,पर अब सबके ऊपर जातीय जनगणना का भूत सवार है.खास बात यह है कि यह नेता हिन्दुओं की कुल आबादी में कितने प्रतिशत दलित,पिछड़े और अगड़े हैं,इसकी तो गणना चाहते हैं,लेकिन मुसलमानों में कितने अगड़े-पिछड़े हैं,इसका पता लगाना यह जरूरी नहीं समझते हैं.जबकि हिन्दुस्तान में मुसलमानों के बीच भी ठीक वैसे ही जातिवाद का जहर फैला हुआ है,जैसे हिन्दुओं में फैला है,लेकिन मुस्लिम वोट बैंक की लालच में कुछ नेताओं को यह दिखाई नहीं देता है. बहुत सारे लोगों को लगता है कि मुसलमानों में जाति के आधार पर कोई भेद ही नहीं है. वहीं कुछ लोगों का मानना है कि मुसलमानों में भी जातियां तो हैं, लेकिन उनमें उतने गंभीर मतभेद हैं नहीं, जितना कि हिंदुओं में है. मुसलमानों में जातिवादी भेदभाव की बता कि जाए तो भारतीय मुसलमान मुख्यतः तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है. इन्हें अशराफश,अजलाफ, और अरजाल कहा जाता है. ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं. हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशराफ, अजलाफ और अरजाल को देखा जाता है. राज्यसभा के पूर्व सांसद और पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के नेता अली अनवर अंसारी कहते हैं कि अशराफ में सैयद, शेख, पठान, मिर्जा, मुगल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं. मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं. दूसरा वर्ग है अजलाफ. इसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं. इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें खास तौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, कुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं. कुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं. हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जा सकती है.

तीसरा वर्ग है अरजाल. इसमें हलालखोर, हवारी, रज्जाक जैसी जातियां शामिल हैं. हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालखोर और



कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं. अरजाल में वो लोग हैं, जिनका पेशा हिंदुओं में अनुसूचित जाति के लोगों का होता था. इन मुसलमान जातियों का पिछड़ापन आज भी हिंदुओं की समरूप जातियों जैसा ही है.मुसलमानों में भी जाति प्रथा हिंदुओं की तरह ही काम करती है. विवाह और पेशे के अलावा मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के रीति रिवाज भी अलग-अलग हैं. मुसलमानों में भी लोग अपनी ही जाति देखकर शादी करना पसंद करते हैं. मुस्लिम इलाकों में भी जाति के आधार पर कॉलोनियां बनी हुई दिखाई देती हैं. कुछ मुसलमान जातियों की कॉलोनी एक तरफ बनी हुई है, तो कुछ मुसलमान जातियों की दूसरी तरफ. पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल में तुर्क, लोधी मुसलमान रहते हैं. उनके बीच काफी तनाव रहता है.उनके अपने-अपने इलाके हैं. राजनीति में भी ये देखा जाता है.इस संबंध में राज्यसभा सांसद रहे अली अनवर अंसारी कहते हैं कि जीने से लेकर मरने तक मुसलमान जातियों में बंटा हुआ है. शादी तो छोड़िए, एक-दो अपवादों को छोड़कर इनके बीच रोटी-बेटी का रिश्ता भी नहीं है. जाति के आधार पर कई मस्जिदें बनाई गई हैं. गांव-गांव में जातियों के हिसाब से कब्रिस्तान बनाए गए हैं. हलालखोर,हवारी,रज्जाक जैसी मुस्लिम जातियों को सैयद, शेख,पठान जातियों के कब्रिस्तान में दफनाने की जगह नहीं दी जाती. उनके अनुसार, कई बार तो पुलिस को बुलाना पड़ता है.अक्सर मुसलमान जातीय आधार पर आरक्षण की मांग भली करते रहते हैं, लेकिन अपनी राजनीति बचाये रखने के लिए तमाम नेताओं को यहां कुछ गलत और जातिवाद नहीं दिखाई देता है.ऐसे ही सवाल यूपी में मायावती,अखिलेश और कांग्रेस के समाने भी खड़े हो सकते हैं.क्योकि यह लोग भले ही सामाजिक न्याय के लिए जातीय जनगणना की बात करते हों,लेकिन चुनाव जीतने पर स्वयं सीएम की कुर्सी पर चिपक कर बैठ जाते हैं और अपने करीबियों को अन्य महत्वपूर्ण पदों पर बैठा देते हैं.यहां तक की नौकरशाही भी इन नेताओं के जातिवादी रंग में रंग जाती है. बात उत्तर प्रदेश की कि जाए तो यूपी में जनसंख्या में 55 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी ओबीसी की होगी. राजनाथ सिंह सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2001 में तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री हुकुम सिंह की अध्यक्षता में गठित सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की पिछड़ी जातियों में सर्वाधिक 19.4 प्रतिशत हिस्सेदारी यादवों की हैं. दूसरे पायदान पर कुर्मी व पटेल हैं, जिनकी ओबीसी में 7.4 प्रतिशत हिस्सेदारी है. ओबीसी की कुल संख्या में निषाद, मल्लाह और केवट 4.3 प्रतिशत, भर और राजभर 2.4 प्रतिशत, लोध 4.8 प्रतिशत और जाट 3.6 प्रतिशत हैं. हुकुम सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने प्रदेश की 79 अन्य पिछड़ी जातियों की आबादी 7.56 करोड़ होने का अनुमान लगाया था. यह आकलन ग्रामीण क्षेत्रों में रखे जाने वाले परिवार रजिस्टरों के आधार पर किया गया था.. यह मानते हुए कि नगरीय क्षेत्रों की आबादी राज्य की कुल जनसंख्या का 20.78 प्रतिशत है, वर्ष 2001 में उप्र में ओबीसी की संख्या राज्य की 16.61 करोड़ की कुल आबादी के 50 प्रतिशत से अधिक रही होगी.हुकुम सिंह समिति ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के लागू होने पर ओबीसी को दिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण के भीतर अति पिछड़ी जातियों (एमबीसी) के लिए आरक्षण के मुद्दों पर गौर किया था.बता देंकि इससे पहले मंडल आयोग ने देश की कुल जनसंख्या में ओबीसी की हिस्सेदारी 52.2 प्रतिशत मानी थी.अति पिछड़ी जातियों को लेकर राजनीति गर्माने तथा ओबीसी कोटे के अंदर अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के लिए उठी मांग के परिप्रेक्ष्य में योगी सरकार ने वर्ष 2018 में न्यायमूर्ति राघवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक और सामाजिक न्याय समिति गठित करने का निर्णय किया। इस समिति ने अक्टूबर 2018 में 400 पन्नों की रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी, जिसमें ओबीसी को तीन श्रेणियों में बांटा गया था।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## नवरात्र व्रत में रखें सेहत का खयाल

नवरात्र व्रत मन को बहुत ही उत्साह भर देता है। पूरी दुनिया में इस त्योहार को बड़ी धूमधाम से बनाया है और नौ दिन का व्रत भी रखा जाता है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखने के लिए निम्नलिखित बातों का पालन करना चाहिए :-

1. पूरे दिन जल्दी उठें और आराम से सोएं। यह आपकी नींद की गुणवत्ता को सुनिश्चित करेगा।
2. व्रत के दौरान हाइड्रेशन का ध्यान रखें। प्रतिदिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पीएं।
3. समय-समय पर खाना खाएं, जैसे कि सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, और रात का खाना।
4. व्रत में भोजन करते समय स्वस्थ और पोषणपूर्ण आहार का सेवन करें, जैसे कि सब्जियां, फल, दाल, अनाज और दूध आदि।
5. व्रत में भूख को नियंत्रित रखने के लिए उचित मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, और सही मसलों का सेवन करें।
6. व्रत में नमक की मात्रा को संतुलित रखें, क्योंकि अधिक नमक का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।
7. व्रत में उचित मात्रा में पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें, जैसे कि गर्म पानी, हरी चाय, दही, और नारियल पानी।
8. व्रत में मस्तिष्क स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन मेडिटेशन, प्राणायाम, योग, या ध्यान करें।
9. व्रत में उचित मात्रा में प्रकाश का सेवन करें, जैसे कि सूर्योदय के समय धूप में बैठना या सूर्य की रोशनी में टहलना।
10. व्रत में अधिक से अधिक शारीरिक गतिविधियों का सेवन करें, जैसे कि पैदल चलना, योग या व्यायाम करना।

इन सुझावों का पालन करके, आप व्रत के दौरान भी सेहतमंद और प्रफुल्लित रह सकते हैं।



**प्रियंका द्विवेदी
कौशाम्बी**

## कलम

मैं कलम हूं, मैं गरिमा मयी और पैनी धार हूं।
कवियों और लेखकों के लिए,मैं दिव्य उपहार हूं ।।
जब उठते मन में विचार और प्रवाह चलता है।
मेरा हृदय लिखने को,प्रकट होने को मचलता है।।
सारा वातावरण मेरे लेखन से बदलता है।
रचनाकार के सद्विचारों को करती साकार हूं।।
बनती पुस्तकें,यह मेरे लेखन का परिणाम हैं।
मंच पर मैं होती मुखर,होता मेरा नाम है।।
पढ़ते जब धार्मिक ग्रंथ, बन जाता वो धाम है।
समाज में सुसंस्कार आते,ऐसा मैं सुविचार हूं।।
मैं कलम हूं,मैं गरिमामयी और पैनी धार हूं ।



**दर्शना सुभाष पाहवा
ज़ीरकपुर (मोहाली)
पंजाब**

## कलम

कलम चल पड़ी ऐसी मेरी, जैसे चली हवाएं
अब ना रुके यह कभी, अब यह तूफान लाये
शब्दों को पिरो ऐसे, जैसे घटाएं छाये
चीर कर रख दें सीना दुश्मन का,
जब सरहद पर चल जाए
हर नारी का सम्मान करें यह, दुश्मन मार गिराए
देश में सो रही जनता को, यह झकोर कर जगाएं
नहीं गुलाम किसी की तभी तो, मस्त चलती जाए
स्याही डालू मैं ऐसी इसमें.. कभी चुभे कभी मुस्कुराए
शक्ति देना इतनी भगवान इसको, यह कभी रुक ना पाए
कलम चल पड़ी ऐसी मेरी, जैसी चली हवाएं।



**डॉ वीना मसौन
चंडीगढ़**

## कलम

मेरी हिम्मत, मेरा कुल संसार कलम तू है,
लिखती, मुझे बताती सब हाल कलम तू है।
यह चले तो हर कोई झुकता,डरता है इससे,
तलवार से भी अधिक करती वार कलम तू है।
कलम ने झुका दिए तख्तोताज तक दुनिया में,
कलम ने दिला दिए महल-ओ-आराम दुनिया में।
रुक्के भेज कर,लिखकर कलम ने कमाल कर दिया,
किस्से कई बना दिए जनाब इसने धरती पे।
कलम तू लिखती रह,चुप मत रह, कुछ न कुछ बोल,
रखना हिम्मत, झूठ को झूठ और सच को सच बोल।
लोहा तेरा मानता है,हर कोई तुझे जानता है,
इसीलिए कहती हूँ कलम,रूक मत,बोल तू सच बोल।
देश को मेरे देना तू कबीर, तुलसी, जायसी नये,
मुंशी प्रेमचंद हों, जयशंकर हों, कालिदास हों नये।
कलम तू करना शंखनाद, उनकी ही जय बोलना,
जो डिगें नहीं प्रण से, देशहित रहें जो खड़े।
कलम तू प्रेम-गीत लिखना, प्यार लिखना, प्रीत लिखना,
बिछड़े दिलों को मिलाने हेतु सुंदर संदेश भी लिखना।
लिखवाना पाती माँ को, सीमा पर खड़े जवान से,
देना दिलासा,करना सदा सम्मान उसका।
कलम विरह गीत भी लिखना, कालिदास के भावों को सजीव करना,
मेघदूत के पास लिख पाती भिजवा देना प्रियतम को।
दिखाना उसे ऑसू, जुदाई और मिलन संदेश भी लिखना,
कलम तू हारना मत,चुप मत बैठना कभी,सच ही लिखना,
अच्छों को अच्छा, बुरों को बुरा ही लिखना।



**कमलेश सूद
पालमपुर
हि. प्र.**

## वीर जवान जब चलते हैं

कंधों से कंधे मिलाकर के जब वीर जवान चलते हैं कदमों से कदम मिलते हैं दुश्मन का दिल थर्राता है
मातृभूमि की सेवा में जब वो आगे बढ़ते हैं
रजकण का तिलक लगाकर रण में जाते हैं
दृढ़संकल्प लिए मन में शोला बन गिरते हैं
बादल बनकर पर्वत पर भी वो छा जाते हैं
कंधों से कंधे मिलाकर के जब वीर जवान चलते हैं
अंगारों की वर्षा करते खून की होली खेलते जाते हैं
जान हथेली पर रखा सिर पर जुनून रहता है
बंदूक और तोपों से वो खिलौने सा खेलते हैं
खतरों से कब घबराते जब रण में वो जाते हैं
दुश्मन के आघात का हिम्मत से जवाब देते हैं
कंधों से कंधे मिलाकर के जब वीर जवान चलते हैं
पर्वत घाटी और नदिया भी राह जवानों को दे देते हैं
जोश दिलों में भरकर के गीत खुशी के गाते हैं
भारत मां के आंचल को अपने लहू से रंगते हैं
आंधी और तूफान से वीर जवान कब डरते हैं
शोला बनकर पत्थर को भी वो पिघलाते हैं
कंधों से कंधे मिलाकर के जब वीर जवान चलते हैं
अपने हौसलों के दम पर हर बाजी वो जीत जाते हैं

**डॉ अनुराधा प्रियदर्शिनी
मथुरा उत्तर प्रदेश**



## भोर

प्रातः कुञ्ज कली मुस्काई,
किरणें रथ पर बैठी आई।
नभ में स्वर्णिम आभा संग,
लालिमा सविता की जग छाई।।2
भोर की किरणों ने आ आकर,
कर्म-डोर को उजास दिखाई।
जन जन में उल्लास जो फैला,
प्रेम-डोर से सृष्टि रचाई।।4
मन-कानन की कली खिल गई,
स्वर्णिम किरणें छत पर आई।
हम सब ने हँस -हँस कर,
अपनी अपनी कला दिखाई।।6
बच्चे बूढ़े और जवान,
पूर्ण चेतना भर हुए नवमान,
स्फूर्ति लिये वह भागे दौड़े,
जग में करने को सत्काम।।8
चलो चलें हाथ थामकर,
सहयोग करें हम जग का आज,
भोर हमें संदेश है देती,
बाद तिमिर के होता राज ।।10

**सुधा सक्सेना
पाक रूह**



## क्यूँ किस्मत को दोष लगाएँ

तुम राजा हो हम रंक धरा, ऐसे भाव न मन में लाएँ।
अपनी करनी का फल मिलता, क्यूँ किस्मत को दोष लगाएँ।
कोई मांगे हाथ पसारे, कोई फिरता मोटर गाड़ी।
कोई पहने फटे पुराने , कोई पहने रेशम साड़ी।
कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जीवन में इसको अपनाएँ।
अपनी करनी का फल मिलता, क्यूँ किस्मत को दोष लगाएँ।
है मानव मन की भूल यहाँ, जो मिला नहीं उस पर रोता।
जो दिया ईश ने है तुझको, निज कर्मों से उसको खोता।
सुख दुख इक सिक्के के पहलू, हिय को बात सदा समझाएँ।
अपनी करनी का फल मिलता, क्यूँ किस्मत को दोष लगाएँ।
माया के चक्कर में पड़कर,तूने तन सबकुछ मान लिया।
झूठे वैभव के मद आकर,कर निज कुछ नहिं दान दिया।
अब अंत में समय घबराकर, क्यूँ दृग बिंदु सदा छलकाएँ।
अपनी करनी का फल मिलता, क्यूँ किस्मत को दोष लगाएँ।



**कल्पना
भदौरिया
स्वप्निल
लखनऊ, उत्तर
प्रदेश**



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

## पठन-पाठन कार्य में लापरवाही बरतने वाले अध्यापकों के विरूद्ध की जाये कार्रवाई-डीएम



लोकमित्र(ब्यूरो)

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 1641 प्राथमिक विद्यालय है, उच्च प्राथमिक विद्यालय 354 है, संविलियन विद्यालयों की संख्या 377 है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में 19 पैरामीटरवार की स्थिति के सम्बन्ध में समीक्षा की और विद्यालय में विद्युत संयोजन, बालक/बालिका के शौचालय, शौचालय में जल-नल आपूर्ति को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है और कहा कि 19 पैरामीटर के तहत जो भी कार्य है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी जिसमें आसपुर देवसरा में 11 प्रारम्भ है जिसमें से 10 पूर्ण हो चुके है और 01 पर कार्य चालू करा दिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो विद्यालय पूर्ण हो गये है उसकी जांच कराकर हैण्डओवर किया जाये। मंगरौरा में 06 एवं शिवगढ़ में 10 विद्यालय निर्माण के कार्य प्रारम्भ है जिसे जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका के अन्तर्गत 22 विद्यालय निर्माण कार्य में 03 अनारम्भ है। ए0ई0 प्रान्तीय खण्ड द्वारा बताया गया कि खण्डंजा एवं जमीन की विवाद से कार्य रूका हुआ है जिस पर एबीएसए से जानकारी ली गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि ऐसी कोई समस्या नही है जिस पर जिलाधिकारी ने ए0ई0 प्रान्तीय खण्ड को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि 03 दिवस के अन्दर कार्य को शुरू किया जाये और उसकी फोटोग्राफभेजकर अवगत कराया जाये। पट्टी में 07 निर्माण कार्य में से 02 अनारम्भ है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अनारम्भ कार्यो को जल्द शुरू किया जाये और जहां पर कार्य चल रहा है उसे 15 नवम्बर तक पूर्ण किया जाये। डिस्ट्रिक टास्क फोर्स एवं ब्लाक टास्क फोर्स के तहत निरीक्षण अनुपालन की समीक्षा की गयी जिसमे पाया गया कि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जांच नही की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच की जाये। ब्लॉकवार छात्र आधार पेंडेंसी एनालिटिक्स की समीक्षा में जिलाधिकारी ने एबीएसए को निर्देशित किया कि आधार पेंडेंसी एनालिटिक्स के कार्य को कराया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रेरणा मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत मंगरौरा के 01 एवं कालाकांकर के 01 प्राथमिक विद्यालयों में कई दिनों से भोजन नही मिल पाया है जिसमें संज्ञान में यह आया है कि कालाकांकर में कोटेदार द्वारा राशन उपलब्ध नही कराया गया एवं मंगरौरा में स्टाफके इस्तीफा देने के कारण समस्यायें उत्पन्न हुई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि मध्यान्ह भोजना योजना के तहत बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने ,खाद्यान्न परिवहन व्यय, किचन गार्डेन भुगतान, डीबीटी फोटो अपलोड, ब्लाक वाइज परिवार सर्वेक्षण, ब्लाक वाइज स्टूडेन्ट फैमिली आईडी, जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण, विद्यालयों का श्रेणीकरण, सामुदायिक सहभागिता, रसोईयों के मानदेय भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के कुछ विद्यालयों में इस प्रकार की समस्यायें आती है जैसे कोटेदार द्वारा खाद्यान्न न उपलब्ध कराया जाना, विद्यालयों में बर्तनों के चोरी की समस्या, बच्चे के पेयजल की समस्या, हैण्डपम्पों की रिबोर की समस्यायें उत्पन्न होती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में जो चोरी की समस्यायें पायी जाये तो सम्बन्धित के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज कराया जाये तथा पेयजल के समस्या के समाधान हेतु सम्बन्धित विभाग को अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी कार्यशैली को सुधारे और स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य करें, समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करें और जो भी कमियाँ पायी जाये उसे दूर किया जाये, विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाओं द्वारा पठन-पाठन में यदि कोई भी लापरवाही बरती जा रही है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई की जाये। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर कार्यो का निरीक्षण करें जो भी कार्य पूर्ण हो गये है उनका एक हफ्ते के अन्दर सत्यापन आख्या उपलब्ध करा दी जाये। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में जो भी सहयोग की आवश्यकता हो, उस कार्य को किया जाये और यह भी निर्देशित किया कि जनपद में जितनी भी गौशालायें संचालित है उनका समय-समय निरीक्षण करते रहे और जो गाय सड़क/रोड़ पर घूम रही है उन्हें गौशालाओं में भेजा जाये। आवास एवं मनरेगा के कार्यो को भी समय से कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संसाधनों की उपलब्धता होगी प्राथमिकता

## नपं चेयरपर्सन ने कूड़ा गाड़ी व सक्शन मशीन को नगरवासियों को किया समर्पित



लोकमित्र(नि. स.)

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छता अभियान के तहत लालगंज नगर पंचायत को एक मैजिक कूड़ा गाड़ी तथा एक सक्शन मशीन की और सौगात मिली है। अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर के वार्डो के लिए रवाना किया। नपं अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने कहा कि कूड़ा गाड़ी तथा सक्शन मशीन की इस नवीन उपलब्धता से नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहूलियत मिल सकेगी। उन्होने कार्यक्रम में शामिल लोगों से साफ सफाई के लिए स्वयं तथा अपने सम्पर्क में रहने वाले लोगों से भी जागरूकता का संकल्प लिये जाने का आहवान किया। अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने शासन के स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान की कार्ययोजना से लोगों को अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर सभासद दारा सिंह, सभासद पन्ने लाल पाल, हरिशंकर, आशीष जायसवाल, सोनू शुक्ल, अनिकेत दुबे, अरविन्द मिश्र, विकास तिवारी, शास्त्री सौरभ, रोहित मिश्रा, निधि दुबे, सोनू मिश्र आदि रहे।

# मोक्षदा नार जहाँ पुरुषोत्तम राम ने वन गमन के दौरान धरती माता से जल धार बहाने को कहा

लोकमित्र(ब्यूरो)



**प्रतापगढ़।** ग्रामीण परिवेश में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर,बाबा बेलखरनाथ धाम के 29 विद्यार्थियों के शैक्षिक भ्रमण के तहत शहीद स्मारक- गोडे़, मंगरौरा ब्लॉक के 'मोक्षदा का नार' और देवी धाम, चन्दीपुर पहुंचे। बूंद- बूंद से बना , दरिया और सरोवर विषय पर आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से नदी, तालाब, झरने आदि को लेकर चर्चा की गई। बेसिक शिक्षक डा0विनोद त्रिपाठी ने बताया कि जनश्रुतियों के अनुसार मोछहा का नार नामक स्थान गोमुख की तरह प्राकृतिक जल स्त्रोत है ! जहाँ लगभग 500 मीटर दायरे में छोटी - बड़ी सहस्त्र जल धाराये स्पष्ट दिखाई देती है। बच्चों के साथ शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से सीखते व परिभाषित करते है।प्रा0वि0 हेडमास्टर डा0विनोद ने कहा कि प्राकृतिक वातावरण में सहस्त्र जल धाराये देखकर छात्रों में एक अनुभूति जागृत होती है। इससे वे जल ही जीवन, भूगोल, पर्यावरण , विज्ञान व प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जानने समझने में आसानी हुई है। साथ ही बच्चों में समूह में रहने की प्रवृति, नायक बनने की क्षमता, आत्मविश्वास व भाईचारे की भावना प्रबल होती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को भूमि जल स्त्रोत - तालाब, नदी, नहरों व नार के बारे में सरल भाषा में जानकारियां देकर समझाया गया। प्र0अ0 राजेन्द्र सिंह ने बताया भ्रमण सुनियोजित तरीके से किया जाए तो वह सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के लिए बहुत महत्व रखता हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की रुचि व आनंद को बनाए रखना होता है। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में संविलित विघालय विघालय कांपा मधुपुर की स्टुडेंट्स टीम- शहीद सैनिक सुधाकर सिंह के समाधि स्थल- ग्राम गोडे़, सदर और मोछहा का नार की प्राकृतिक छटा देखने के बाद साइकिल टीम - दुर्गा मन्दिर, चन्दीपुर, ब्लॉक क्षेत्र मंगरौरा पहुंचीं। मंदिर प्रांगण के सुन्दर घास के मैदान में बच्चों ने खेलकूद भी किया। इस प्रकार 5 किमी लम्बी स्टूडेंट्स स्टडी साइकिल रैली ग्राम कांपा मधुपुर, बेलखरनाथ धाम से प्रारम्भ होकर प्रथम पडाघ्व शहीद स्मारक, दूसरा मोछहा क नार और तीसरा माँ की स्मृति में बना मंदिर धाम।

# देश के लिये आपसी भाईचारा बडी जरूरत - माधुरी पटेल

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र(ब्यूरो)



**प्रतापगढ़।** जिला एकीकरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने जिले में कौमी एकता को बरकरार रखने के लिये और आपसी भाईचारा बनाने के लिये अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में समिति के वरिष्ठ सदस्य डाक्टर मोहम्मद अनीस एवं रोशन लाल ऊमरवैश्य द्वारा नवागत मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा को पुष्प देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज हमारे देश को और जिले को जो सबसे बड़ी जरूरत है वह कौमी एकता और आपसी भाईचारा है जो यहां पर कायम है। हम एक अच्छे और स्वस्थ वातावरण के माध्यम से समाज के सभी धर्म के लोगों को आपस में जोड़कर समाज को एक नई दिशा दे सकते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज हमें समाज का वातावरण अच्छा करना है, सभी धर्म का सम्मान करना है और अनेकता में एकता के साथ जनपद को एवं समाज को एक नई दिशा और दशा प्रदान करनी है। जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद ने कहा कि जिला एकीकरण समिति की बैठक के माध्यम से हम समाज में एक स्वस्थ माहौल बनाते है। राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र की भावना को इससे बढ़ावा मिलता है। इस तरह की महत्वपूर्ण बैठके हर 3 महीने पर आयोजित की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने कहा कि जनपद में आपसी भाईचारा और मेल मिलाप हमेशा से बना है जनपद में सांप्रदायिक घटनायें कभी नही हुई है और हम समाज में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के माध्यम से एक अच्छा माहौल बना रहे हैं जिससे कि जनपद में कौमी एकता हमेशा बनी रहे। जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की पहचान पूरे प्रदेश में एक अच्छे और कौमी एकता को समर्पित जिले के रूप में है। इस अवसर पर समिति के सदस्य डा0 मोहम्मद अनीस ने कहा कि इस समिति का उद्देश्य जनपद में कौमी एकता को बढ़ावा देना, साथ ही साथ आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देना है, साथ ही समिति के माध्यम से प्रमुख त्योहारों एवं उत्सव जैसे रक्षाबंधन, होली, दिवाली, ईद, बकरीद, क्रिसमस, दुर्गा पूजा, नवरात्र, बसंत पंचमी आदि को समाज के सभी वर्गो के माध्यम से सामूहिक और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाना है। रोशन लाल ऊमरवैश्य ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ हमेशा से कौमी एकता के लिये प्रसिद्ध रहा है, यहां पर सभी धर्म के लोग सभी धार्मिक त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं, कोई भी सांप्रदायिक विवाद जनपद में आज तक नहीं उत्पन्न हुआ है। मौलाना वासिल ने कहा कि जब समाज में कौमी एकता बनी रहेगी तो हमारा मुल्क और हमारा जिला तरक्की करेगा इसके लिये हम सभी लोग प्रयास कर रहे हैं और सभी धर्म के लोगों के साथ मिलजुल कर जनपद में एक अच्छा माहौल बने हुये है। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में रमा मिश्रा वरिष्ठ समाज सेविका, अब्बास अहमद, डा0 राकेश यादव आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# जातिगत जनगणना को लेकर मंत्रिपरिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व के खिलाफ है मोदी सरकार का आचरण- प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने ईडी तथा एजेन्सियों के जरिए भाजपा पर देश में आतंक और दमन का माहौल तैयार करने पर बोला जोरदार हमला



लोकमित्र(नि. स.)

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जाति आधारित जनगणना को लेकर मोदी सरकार पर विरोधाभासी बयानबाजी को देश की जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होनें कहा कि संविधान के अनुच्छेद 75 में सुस्पष्ट है कि मंत्रिपरिषद सामूहिक उत्तरदायी हुआ करता है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना का पक्ष लेते हुए इसे प्रभावी बनाए जाने का बयान दिया है। उन्होनें कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कह रहे हैं कि यह मांग कांग्रेस समेत विपक्ष की गरीबों को बांटने की साजिश है। उन्होनें कहा कि एक वोट बैंक साधने के लिए केन्द्रीय मंत्री का बयान जातिगत जनगणना के पक्ष में आ रहा है। वहीं उन्होनें कहा कि दूसरे वोट बैंक को साधने के लिए पीएम इसके विपरीत राग अलाप रहे हैं। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पीएम से कहा है कि या तो केन्द्रीय मंत्री को मंत्रिपरिषद से बाहर करे अथवा स्वयं के बयान को वापस ले। उन्होनें कहा कि इस प्रकार के सरकार के मंत्रिपरिषद के विरोधाभासी बयान देश की जनता को धोखे मे रखने का सियासी हथकण्डा है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस का रूख स्पष्ट करते हुए कहा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराए जाने की पक्षधर है। उन्होनें कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी का रूख मजबूती के साथ जातिगत जनगणना को लेकर समर्थन की दृढ़ता से बयान दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में होने के बावजूद इस मुददे पर अपना रवैया स्पष्ट न करते हुए भटकाव की राजनीति का सहारा ले रही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ईडी के जरिए मोदी सरकार पर सत्ता की गलत नीतियों के खिलाफ उठने वाली आवाज पर दमन व आतंक का माहौल बनाने को लेकर भी हमला बोला है। उन्होनें कहा कि दिल्ली में आप सांसद संजय सिंह के घर ईडी की छापेमारी से साफ हो गया है कि मोदी सरकार इण्डिया से जुडे नेताओं की आवाज को दबाने के लिए अलोकतांत्रिक हथकण्डा अपना रही है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने दिल्ली पुलिस द्वारा एक समाचार एजेन्सी के भी दफ्तरों में छापेमारी पर कडा ऐतराज जताते हुए कहा कि सत्ता के नशे में चूर बीजेपी सरकार अब तो मीडिया पर भी आतंक का चाबुक चलाने से बाज नही आ रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल में केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा की अति महत्वाकांक्षी योजना की बकाया धनराशि रोके जाने को भी भाजपा की विद्वेषपूर्ण सियासत करार दिया है। उन्होनें कहा कि विपक्ष शासित राज्यों में मोदी सरकार महात्मा गांधी के नाम पर संचालित हो रही मनरेगा की धनराशि रोकने का प्रयास को गरीब तबके के साथ भी अन्याय का दुष्परिणाम भी आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में अवश्य भुगतेगा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान बुधवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां निर्गत हुआ है।

# लापता महिला का तीसरे दिन कुएं में मिला शव

**कुंडा प्रतापगढ़।** घर से लापता महिला का तीसरे दिन गांव के पास कुएं में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के बडेरा निवासिनी राजकली पत्नी मेवा लाल 2 अक्टूबर सोमवार को सुबह भोर में शौचक्रिया करने के लिए घर से बाहर गई थी। लेकिन वह आप फिर घर वापस नहीं लौटी। परिजन उसे दिनभर संभावित स्थानों पर ढूंढते रहे। लेकिन कहीं अता-पता न चलने पर भतीजा शिवम कुमार ने मानिकपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तीसरे दिन बुधवार को गांव के बाहर कुएं में उसका शव पानी में उतराते हुए दिखाई पड़ने पर हड़कंप मच गया। जानकारी पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। ऐसा लगता है किसी ने मार करके उसको कुएं में फेंक दिया। जिसको किसी की भनक नहीं लग पाई।

# मिशन शक्ति योजना से महिलाओं के सशक्तीकरण को मिली सार्थकता-एसडीएम

लोकमित्र(नि. स.)




**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति योजना के छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा एवं एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण शिविर के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम लालधर सिंह यादव ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार के प्रति मजबूत बनाया जाना ही लक्ष्य है। विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने महिलाओं की सुरक्षा तथा जागरूकता को लेकर जानकारियां प्रदान की। प्रबन्ध समिति की अध्यक्ष डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि देश के विकास तथा हर क्षेत्र में आज महिलाओं की सशक्त भूमिका मिशन शक्ति की सफलता है। प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र मिश्र ने मिशन शक्ति योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी पदमजा मिश्रा ने महिलाओं की सशक्त भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। महिला आरक्षी वंदना ने महिलाओं को आत्म सुरक्षा को लेकर जागरूकता के उपाय सुझाये। यूपी कॉन संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सौ पचास प्रशिक्षार्थी आत्मरक्षा एवं उद्यमिता विकास के गुर सीखेंगे। समन्वयक अमित मिश्र ने प्रशिक्षण के ध्येय पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर डा. ऋचा सुकुमार, पंकज सिंह, विक्रम सिंह, वज्रघोष ओझा आदि रहे।

# चाय पान की दुकान से बीयर बरामद, दो आरोपियों पर केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नगर की बाजार में एक चाय पान की दुकान से भारी मात्रा में बीयर की केन बरामद करने में सफलता ली है। चाय की दुकान की आड़ में शराब बिक्री के पुलिस द्वारा पर्दाफाश किये जाने से बाजार के लोग भी हतप्रभ देखे गये। कोतवाली के दरोगा जावेद अहमद खां फोर्स के साथ मंगलवार की शाम बाजार में गश्त पर निकले थे। लालगंज प्रतापगढ़ रोड पर एक चाय पान की दुकान पर मुखबिरी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की तो बीयर की सोलह केन तथा दस खाली केन बरामद हुई। पुलिस ने अवैधानिक तरीके से शराब बेंचने को लेकर बाजार के कन्हैया लाल जायसवाल के पुत्र मक्खन लाल जायसवाल तथा लवकुश जायसवाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून किसानों की जरूरत: निर्भय




**प्रतापगढ़(ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने निघासन में चार किसानों को गाड़ी से कुचलकर मार डालने की दुःखद घटना की तीसरी पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति को संबोधित 14 सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। महामंत्री निर्भय प्रताप सिंह के नेतृत्व में एमएसपी गारंटी कानून बनाने तथा किसानों को दस हजार पेंशन की मांग समेत नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निर्भय प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ छल कर रही है,बिना एमएसपी गारंटी कानून बनाये किसानों की आय दोगुनी होने का दिवास्वप्न दिखा रही है। महंगी बिजली, खाद, बीज और डीजल ने खेती की लागत दोगुनी कर दी है लेकिन मुनाफा कहीं नही है। आवारा पशु किसानों से निवाला छीन रहे है। राज्य परिषद सदस्य का राम बरन सिंह ने कहा कि आज पूरे देश मे किसानों की शहादत को नमन करते हुए पूरे देश मे कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। किसान और मजदूर की एकता इस देश की राजनीति को बदलने का काम करेगी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता लाल बहादुर तिवारी, हरिराज यादव, आरडी यादव, आलोक सिंह, मंजर जलाल, घनश्याम, राम स्वरूप पाल, संतलाल सरोज, राजमणि सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कराटे प्रतियोगिता में कार्तिकेय मिश्रा एवं देवांश मिश्रा ने जीता स्वर्ण पदक

**दिलीपपुर प्रतापगढ़** – एस के आई ए के द्वारा महाराष्ट्र के थाना जनपद में कराटे की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के कार्तिकेय मिश्र एवं देवांश मिश्रा ने स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक जीत कर जिले का एवं अपने ग्राम सभा कोठियाही का नाम रोशन किया कार्तिकेय एवं देवांश दोनों सगे भाई हैं कार्तिकेय की उम्र 10 वर्ष है वही देवांश की उम्र 7 वर्ष है दोनों भाइयों ने जूनियर वर्ग में पदक जीते हैं दोनों ही भाइयों को एक गोल्ड एक एक गोल्ड एवं एक-एक कंस पदक प्राप्त हुआ है इनके पिता कोठियाही निवासी मनोज मिश्रा पेशे से प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं दोनों के पदक जीतने से गांव एवं उनके परिवार में हर्ष का माहौल है।

# लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा सरकार को हटाना जरूरी

## सपा महासचिव शिवपाल यादव ने गिनाईं केंद्र की मोदी सरकार की खामियां, लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा है कि देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा सरकार को हटाना बहुत जरूरी है। इंडिया गठबंधन का यही प्रमुख लक्ष्य भी है। यह सरकार लोकतंत्र में विपक्ष को खत्म करने पर तुली है।पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने आए श्री यादव बुधवार को जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पूर्व अध्यक्ष विनोद पांडेय के आवास पर अनौपचारिक भेंट मुलाकात के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश और प्रदेश की हालत बहुत चिंताजनक है। मौजूदा सरकार देश की भ्रष्टतम सरकार है। समस्त सरकारी संस्थाओं को यह पूंजीपतियों के हाथों बेच रही है। जनहित के नाम पर यह सिर्फ झूठ बोलती है। गरीब और सामान्य आदमी परेशान है। महंगाई आसमान पर पहुंच गई है। धार्मिक उन्माद पैदा कर यह देश तोड़ने में लगी है।जनता से जुड़ी समस्याओं की चर्चा करते हुए सपा महासचिव ने कहा कि इस सरकार को जनसमस्याओं की कोई चिंता नहीं है। बेरोजगारी और गरीबी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। हरतरफ लूट मची हुई है। विदेशी कर्ज बढ़कर डेढ़ गुना हो गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार के सांसद और विधायक बेटियों का अपमान कर रहे हैं। मगर यह सरकार उनको न्याय दिलाने के नाम पर चुप्पी साध लेती है। देश को अपनी मेहनत से सोने और चांदी के तमगे दिलाने वाली बेटियों के साथ हुई घटना इसका उदाहरण है। महीनों धरना देने के बाद भी उनको न्याय नहीं मिला।सपा नेता ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों की बात सत्तापक्ष सुनना ही नहीं चाहता। सत्य बोलने पर विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। जातीय जनगणना का समर्थन करते हुए सपा महासचिव ने कहा कि इससे ही सही ढंग से आरक्षण लागू हो पाएगा। इस अवसर पर श्री पांडेय के आवास पर पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, रानीगंज विधायक डॉ. आर के वर्मा, सपा नेता मनीष पाल, सौरभ सिंह, सियाराम यादव, संतोष पाण्डेय, गीता मिश्रा आदि मौजूद थे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 17 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
ओ0एस0 नं0 179/23
नाम फरीकेन श्रीमती राजकली बनाम दयानाथ आदि बनाम
2. कृष्ण कुमार उम्र 52 वर्ष (लापता) 3. विनोद कुमार उम्र 55 वर्ष (लापता) पुत्रगण श्यामलाल 4. हरखास आम ग्राम पतुलकी प0 व त0 सदर जनपद प्रतापगढ़ तारीख पेशी 09.10.2023

यह कि वाद घोषणात्मक व्यवहारिक निधन उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# दुर्घटना को दावत दे रहा है सड़क पर बना गड्ढा

**रखहा, प्रतापगढ़ ।** पुल के पास सड़क पर पानी के बहाव के चलते बना गड्ढा बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है । पट्टी प्रतापगढ़ रोड पर स्थित रखहा बाजार के पास परैया नदी के पुल के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क पर पानी के बहाव के चलते बड़ा गड्ढा बन गया है जिससे सड़क के नीचे की मिट्टी कट कर बह गई है । प्रतापगढ़ तथा जौनपुर जनपद को जोड़ने वाली इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होने के कारण दबाव भी अधिक रहता है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है ।क्षेत्र के पप्पू हलवाई मुकुंद गौड़, संतोष शर्मा रामराज यादव मेवालाल प्रजापति लक्ष्मीपाल पारसनाथ पाल, शिव मूरत शर्मा आदि लोगों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि शीघ्र सड़क की मरम्मत कराकर यदि पानी का बहाव नहीं रोका गया तो बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता ।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 23 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
प्रकीर्ण वाद सं0 04/2012
नाम फरीकेन हामिद बनाम फहीमुल आदि
बनाम
1/1 साबित अली उम्र 70 वर्ष 1/2 अयूब अली उम्र 60 वर्ष 1/3 क्यूम अली उम्र 45 वर्ष सुतगण फहीमुल 1/4 आसिया उम्र 65 वर्ष 1/5 हनिफा उम्र 50 वर्ष 1/6 नजमुल उम्र 35 वर्ष पुत्रीयॉ फहीमुल समस्त निवासी ग्राम कुटुलिया सॉड़देई त0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.11.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.11.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 15 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 122/22
नाम फरीकेन रामदेव बनाम राम प्रसाद आदि
बनाम
1. राम प्रसाद सुत बासदेव 2. शिवदत्त सुत हरीलाल निवासीगण ग्राम विरसिंहपुर प0 रामपुर त0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.10.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.10.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम भरवारी में पालिसी थी जिसकी पालिसी संख्या 205811633 है का मूल बांड वास्तव में खो गया है।

नाम महेश पुत्र राम भवन
ग्राम भटपुरवा मजरा रामपुर धमावा
पोस्ट शमशाबाद ,सिराथू
जनपद कौशांबी

# सपा नेता और बीरापुर के पूर्व विधायक श्याद अली नहीं रहे

## स्वागत के बाद सपा मुखिया से मिलने पहुंचे थे गेस्ट हाउस आया हार्ट अटैक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** तत्कालीन बीरापुर (अब रानीगंज) के पूर्व विधायक श्याद अली का बुधवार शाम निधन हो गया। वह स्थानीय राजकीय इंटर कालेज मैदान पर आयोजित सपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। जानकारी के मुताबिक सुबह से शाम तक पूर्व विधायक श्याद अली पूरी तरह ठीकठाक थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव और पार्टी के अन्य नेताओं का मैदान पर उन्होंने जोरदारी के साथ स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर के अन्य कार्यक्रमों में भी वह जी जान से जुटे रहे। पार्टीजनों के मुताबिक शाम को जब पहले दिन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ तो पूर्व विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। बताया



जाता है कि उनसे मुलाकात भी हो गई थी। अचानक उन्होंने सीने में दर्द होने की शिकायत की और गिर पड़े। वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ता और साथ रहे लोग उनको तत्काल बलीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां परीक्षण के पश्चात चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस घटना से सभी हतप्रभ रह गए। श्री अली जिले की तत्कालीन विधानसभा बीरापुर से विधायक रह चुके थे।

### चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ छिनैती करने के आरोप में मुकदमा दर्ज । स्थानीय थाना क्षेत्र के बलीपुर परसन गांव निवासी प्रेम करी पुत्र चंद्रकेश कोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 अक्टूबर की देर शाम लगभग 8:00 बजे मैं प्रयागराज से वापस घर आ रहा था की रास्ते में अमरौना व अजगरा के बीच स्थित गिट्टी प्लांट के आगे जैसे ही पहुंचा था कि दो बाइक सवार चार अज्ञात व्यक्ति आये और मुझे जबरन रोक लिया और मेरी बाइक वह मोबाइल छीन कर भाग गए ।

# पिता पुत्र समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पिता पुत्र समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा । स्थानीय थाना क्षेत्र के मानापुर भुवालपुर गांव निवासिनी राजकुमारी पत्नी महेंद्र प्रताप ने पुलिस को ताहिर देकर आरोप लगाई की 7 सितंबर की देर शाम लगभग 6:00 बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही दुंद बहादुर पुत्र रामसुंदर व उनकी पत्नी पूनम तथा बेटे पवन कुमार एक राय होकर लाठी डंडा से लैस होकर गालियां देते हुए मेरे दरवाजे पर है गालियां देने पर विरोध किया तो यह लोग मुझे मारने लगे हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों को आता हुआ देखकर पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए ।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 300 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# कार्यालय नगर पंचायत सराय अकिल, कौशाम्बी

संख्या 485/न0पं0स0अ0/निविदा/2023–24 दिनांक 04.10.2023

## निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी में15वे वित्त आयोग के निर्दिष्ट अनुदान एवं अनिर्दिष्ट अनुदान से प्राप्त धनराशि एवं 14वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी के अनुमोदित पत्रांक संख्या 651(11)/एल0बी0सी0–कौशाम्बीं 2023 दिनांक 05.09.2023 व पत्रांक संख्या 652(10)एल0बी0सी0–कौशाम्बीं 2023 दिनांक 05.09.2023 एवं पत्राक सं 655(3) एल0बी0सी0कौशाम्बी 2023 दिनांक 05–09–2023 के क्रम में कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य में अनुभवीफर्म/ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 04–10–2023 से दिनांक 25–10–2023 दोपहर 12 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है सीलबन्द निविदायें दिनांक 25–10–2023 को अपरान्ह 3:00 बजे को कार्यालय नगर पंचायत सराय अकिल में अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति मे खोली जायेगी यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य की विस्तृत जानकारी के सम्बन्ध में कार्यालय दिवस सम्बन्धित पटल सहायक से सम्पर्क कर विशेष जानकारी की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | निर्माण कार्य का विवरण | आगणन धनराशि लाख रूपये में | जमानत धनराशि (10%) | निविदा शुल्क रूपये में: निविदा शुल्क | (18:) GST | कुल निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वें वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान | 10 हैण्डपम्प की स्थापना का कार्य। | 9.94 | 49400.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 2 | | वार्ड न0 7 में पाईप लाईन विस्तार का कार्य। | 2.35 | 23500.00 | 250.00 | 45.00 | 295.00 | 2 माह |
| 3 | | वार्ड न0 6 भगौतीगंज में शिवराज गुप्ता के घर से नरेश धोबी के घर तक पाईप लाईन का कार्य। | 8.16 | 81600.00 | 825.00 | 148.00 | 973.00 | 3 माह |
| 4 | | वार्ड न0 10 शबिर हसन के घर से इम्तियाज के घर तक पाईप लाईन का कार्य। | 9.97 | 99700.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 | 3 माह |
| 5 | | वार्ड न0 12 अनीस टॉल से मंगलेश चौरासिया के मकान तक पाईप लाईन का कार्य। | 4.59 | 45900.00 | 475.00 | 85.00 | 560.00 | 2 माह |
| 6 | | वार्ड न0 05 में अन्डर ग्रउन्ड पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 7.29 | 72900.00 | 450.00 | 81.00 | 531.00 | 2 माह |
| 7 | | डम्पिंग ग्राउन्ड में मिटटी का कार्य। | 4.80 | 48000.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | 2 माह |
| 8 | 15वें वित्त आयोग बुनियादी अनुदान | वार्ड न0 7 पिन्टुजैन के घर से अनिल के घर तक दोनों तरफ एल0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 4.93 | 49300.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | 2 माह |
| 9 | | वार्ड न0 8 अस्थाई गौशाला में चरही व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 9.26 | 92600.00 | 950.00 | 171.00 | 1121.00 | 3 माह |
| 10 | | वार्ड न0 8 अस्थाई गौशाला में मिट्टी, टीन सेट रोड का कार्य। | 6.33 | 63300.00 | 650.00 | 117.00 | 767.00 | 2 माह |
| 11 | | कार्यालय नगर पंचायत सरांय अकिल में रंगाई, पोताई, दरवाजा, खिडकी, दीवार चिनाई, छत मरम्मत, टाइल्स का कार्य। | 6.96 | 69600.00 | 700.00 | 126.00 | 826.00 | 2 माह |
| 12 | | वार्ड न0 12 सरफराज के घर से अनिल के घर तक मिट्टी इण्टरलाकिंग व कवर्ड यू नाली का निर्माण कार्य। | 4.27 | 42700.00 | 450.00 | 81.00 | 531.00 | 2 माह |
| 13 | 14वें वित्त आयोग | वार्ड न0 3 में करीम उल्ला के घर से लल्लन के घर के आगे तक मिट्टी दोनों तरफ एल0 नाली सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 7.36 | 73600.00 | 750.00 | 135.00 | 885.00 | 2 माह |
| 14 | | वार्ड न0 8 पतेरिया में मेन रोड सन्तोष के घर से अस्थाई गौशाला तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 7.69 | 76900.00 | 775.00 | 139.00 | 914.00 | 2 माह |
| 15 | | कार्यालय नगर पंचायत में 02 नग पी0सी0 व 02 नग प्रिन्टर आपूर्ति का कार्य। | 1.39 | 13900.00 | 150.00 | 27.00 | 177.00 | 1 माह |

नियम एवं शर्ते :–

1. सशर्त निविदायें मान्य नही होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगीं।
2. प्रत्येक निविदा के साथ उसकी निविदा शुल्क 18%GST सहित धनराशि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी के संचालित खाता संख्या 05670200000009 बैंक ऑफ बडौदा सराय अकिल आई0एफ0एस0सी0 कोड BARB0SARAIA में जमा करना होगा। निविदा शुल्क पृथक पृथक जमा करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी
3. निविदा की 10% जमानत धनराशि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी के संचालित खाता संख्या 05670200000009 बैंक ऑफ बडौदा सराय अकिल आई0एफ0एस0सी0 कोड BARB0SARAIA में जमा करना अनिवार्य होगा जिस पर नगर पंचायत सरांय अकिल द्वारा कोई ब्याज देय नही होगा।
4. प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता का हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन नम्बर, जी0एस0टी0 पंजीकरण, निविदा शुल्क की जमापर्ची की मूल प्रति या ट्रांसफर रशीद व जमानत राशि की आर0टी0जी0एस0/एफ0डी0आर0/डी0डी0 की मूल प्रति जमा होना अनिवार्य है।
5. ठेकेदार/फर्म को 15वें वित्त आयोग व 14वें वित्त आयोग के अर्न्तगत विभिन्न कार्यो एवं अन्य कार्यो हेतु किसी भी विभाग अथवा राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट घोषित नही होनी चाहिए। ऐसी फर्मो/ठेकेदारों की निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा तथा तथ्यों को छिपाने के फलस्वरुप उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. शासनादेश संख्या–014/नौ–09–2013 दिनांक 10.12.2013 के द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माणकर्मकार अधिनियम के अर्न्तगत ठेकेदारों के पंजीयन एवं श्रमिकों के पंजीयन कराये जाने अनिवार्य होगें। प्रत्येक निविदा कार्य को पंजीयन ठेकेदार/फर्म को कार्यादेश प्राप्ति कर श्रम विभाग से कराकर नगर पंचायत सराय अकिल में जमा करना होगा।
7. प्रत्येक निविदादाता निविदा होने से पूर्व निर्माण कार्य के स्थल का ठेकेदार भली–भॉति निरीक्षण अवश्य कर लें।
8. निविदा के सबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्राधिकार कौशाम्बी होगा।
9. प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश संख्या 609/नौ–9–2007 ज/07 दिनांक 26.02.2007 के अनुपालन में प्रत्येक निविदा पत्र के साथ 100 रु0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को बिना कारण बताये निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकारी प्राप्त होगा।
11. टेकनिकल बिड खुलने के उपरान्त समस्त अभिलेखों की जॉच (शासन द्वारा निर्गत शासनसादेशों के क्रम में) अवर अभियंता (तकनिकी जॉच) द्वारा की जायेगी उसके पश्चात अग्रिम कार्यवाही होगी।
12. अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ क पत्र सं0 –1319/ नौ–9 –21–45(ज) /21 दिनांक 30–06–2021 द्वारा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में निर्माण/ विकास कार्यें के क्रिन्यावन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (S.O.P) में निर्देष्टि शर्तों प्रतिबन्धों एवं दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगाा।

**लिपिक** — न0पं0 सराय अकिल कौशाम्बी
**अधिशाषी अधिकारी** — न0पं0 सराय अकिल कौशाम्बी
**अध्यक्ष** — न0पं0 सराय अकिल कौशाम्बी

# कार्यालय ग्राम पंचायत मर्दानपुर वर्जी विकास खण्ड कड़ा, जनपद-कौशाम्बी

## निविदा

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत मर्दानपुर वर्जी में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 05.10.2023 से प्राप्त एवं दिनांक 19.10.2023 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 20.10.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।
सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मर्दानपुर वर्जी | सैनी देवी गंज रोड से राईश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | 200x3.5 मि | 952231 | 780201 | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

**उमा देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–मर्दानपुर वर्जी
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

**राम गोविन्द**
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–मर्दानपुर वर्जी
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक

# कार्यालय ग्राम पंचायत परास विकास खण्ड कड़ा, जनपद-कौशाम्बी

## निविदा

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत परास में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 05.10.2023 से प्राप्त एवं दिनांक 18.10.2023 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 19.10.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।
सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | परास मोगंरी लिंक मार्ग से वंसी पासी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली | 100मी0 | 3.78 | 3.03 | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | | भोला के घर से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | 90मी0 | 3.53 | 2.83 | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

**तबस्सुम बेगम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–परास
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

**राजमणि**
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–परास
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक 04.10.2023

# कार्यालय ग्राम पंचायत नांदेमई विकास खण्ड कड़ा, जनपद-कौशाम्बी

## निविदा

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत नांदेमई में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 04.10.2023 से प्राप्त एवं दिनांक 18.10.2023 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 19.10.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा।
सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नांदेमई | पुलिया से रहमतुन निशा के खेत तक इ0ल0कार्य | 108x3मि | 3.99 लाख | 3.36 लाख | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | नांदेमई | फैजउद्दीन के खेत से हसनउद्दीन के खेत तक नाली व इ0ल0कार्य | 107x3मि | 3.99 लाख | 3.38 लाख | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

**राजदा बेगम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–नांदेमई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

**राहुल सिंह**
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–नांदेमई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक

# ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने 132 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण के लिए किया भूमि पूजन व शिलान्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के गांव नेवाजगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा 132 केवी विद्युत उपकेंद्र जिसकी क्षमता 2 गुणे 40 एमवीए केंद्र के निर्माण हेतु भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ। भूमि पूजन और शिलान्यास का कार्य प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया। शिलान्यास के कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री वैकल्पिक सोमेंद्र तोमर और क्षेत्रीय एमएलसी एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान कृषि विपरण दिनेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का सहयोग किया।आपको बता दें कि, महराजगंज तहसील क्षेत्र के नेवाजगंज गांव में आज आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है, विद्युत उत्पादन दो गुना बढ़ाकर हमने आत्मनिर्भरता को बढ़ाया है। अब हमें बिजली प्राइवेट सेक्टर से नहीं लेना पड़ता है, जैसा कि, पूर्ववर्ती सरकारें किया करती थी। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष योगदान से विद्युत क्षेत्र में उत्पादन क्षमता को बढ़कर दोगुना कर दिया है। इसका प्रमाण यह है कि, नगरीय क्षेत्र में सवा लाख लोगों को बिजली कनेक्शन आवंटित किए गए, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि, उत्तर प्रदेश की सरकार ने बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर लिया है। इसके अलावा हमारे द्वारा विद्युत उत्पादन के नए केंद्र खोले जा रहे हैं। जिससे हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ रही है।

जबकि पूर्ववर्ती सपा बसपा की सरकारों में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया गया। बल्कि महंगी दरों पर प्राइवेट संस्थानों से बिजली खरीद कर जनता के बहुमूल्य धन का बंदर बांट किया गया।श्री शर्मा ने यह भी कहा कि, नेवाजगंज में बनने वाले इस बिजली पावर स्टेशन से इतनी क्षमता बढ़ेगी कि, जिले को आत्मनिर्भर करने के अलावा यहां से उत्पादित बिजली मऊ तक के लोगों को सुविधा देगी, और 09 लाख परिवार लाभान्वित होंगे।कार्यक्रम में मंत्री एके शर्मा, राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, समेत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने एक साथ बटन दबाकर शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, सलोंन विधायक अशोक कुमार ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया।इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू, हरचंदपुर ब्लॉक प्रमुख पीयूष प्रताप सिंह, के अलावा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, महराजगंज एसडीएम रजितराम गुप्ता, क्षेत्राधिकार इंद्रपाल सिंह, थाना प्रभारी महराजगंज बालेंदु गौतम के अलावा विद्युत विभाग से निर्देशक पियूष गर्ग के साथ-साथ अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य मंच आयोजित

**सलोन,रायबरेली।** नगर के सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन की आर. बी. एस. के. की टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन भी कराया।विजयी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमित भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं से व्यक्तिक विकास में सहायता मिलती है। प्रतिस्पर्धा का गुण विकसित होता है।उन्होंने कहा कि जो बच्चे आयोजित प्रतियोगिताओं में विजई हुए हैं उनको बधाई और जिन्हें हताशा हाथ लगी हैं।वे आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छी तैयारी के साथ प्रतिभाग करें।निबंध प्रतियोगिता में सौराष्ट्र प्रथम,श्रवण कुमार द्वितीय,सूरज तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में निधि प्रथम, मुस्कान द्वितीय, बुसरा बानो तृतीय स्थान पर रहे।रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि ,निधि , निक्की ,अल्पना और आकांक्षा की टीम प्रथम स्थान पर रही।जबकि अंजलि ,लक्ष्मी ,सुमन ,नेहा ,सेजल की टीम द्वितीय स्थान पर और कुमकुम, अंकिता ,आकांक्षा ,रितु ,प्राची की टीम तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रियांश मौर्य का भाषण सर्वोत्कृष्ट रहा। इस मौके पर डॉक्टर रोली तरसोलिया, डॉक्टर पुनीता शुक्ला, डॉक्टर आलोक सिंह, देवेंद्र भारती ,माधुरी ,गीता देवी स्वास्थ्य विभाग से रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में दिनांक 02.10.2023 से दिनांक 08.10.2023 तक मनाये जाने वाले स्वच्छता जागरुकता पखवाड़ा के अन्तर्गत विधिक सेवा गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु वृहद स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाना है। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत जन-जन तक विधिक सेवा गतिविधियों को पहुँचाने हेतु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन तहसील सदर स्थित ग्राम दरीबा के एमएम पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ इस अवसर पर प्रभात रैली निकाल के गांव में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया उक्त शिविर में माननीय अपर जनपद न्यायाधीशध् सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा उपस्थित छात्रों को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया उक्त शिविर में प्रबंधक प्रभात कुमार चौधरी अध्यापक गण धीरज कुमार, कमलेश कुमार वर्मा, सचिन पटेल, आलोक पटेल, शाश्वत पटेल, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति, पूनम सिंह, अमिता गुप्ता, खुशबू भारती, राजकमल, शुभांजलि, राकेश वर्मा, विकास कुमार, रिंकी साहू, अभिषेक कुमार, उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त तहसील-ऊंचाहार के अन्तर्गत बाबा राम कुमार दास शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज खरौली, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज बछरावां, तहसील-लालगजं में प्राथमिक विद्यालय तौधकपुर, तहसील-सलोन व जनपद अमेठी के अन्तर्गत आने वाली तहसील- तिलोई में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व प्रभात फेरी निकाली गयी। उक्त शिविर व प्रभात फेरी में पराविधिक स्वयं सेवक अजय कुमार बाजपेयी, प्रशांत कुमार बाजपेयी, प्रदीप कुमार यादव, नीरज कुमारी, बृजपाल, दुशेन्द्र कुमार, ज्योति वर्मा, दीक्षा के द्वारा सक्रिय सहभागिता की गयी।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** प्रतापगढ़ में पार्टी कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सपाइयों ने गर्म जोशी से स्वागत किया।इस दौरान सलोन जौनपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग कुछ समय के लिए बाधित हो गया।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने काफिले से दोपहर दो बजे प्रतापगढ़ के लिए निकले थे।शाम चार बजे के करीब सलोन बाईपास ओवरब्रिज के समीप समाजवादी कार्यकर्ताओ ने काफिले को रोककर उनका स्वागत किया।इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी को धन्यवाद देते हुए प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गए।इस मौके पर चौधरी सुरेश निर्मल,विकास श्रीवास्तव,असरफ मेवाती,अधिवक्ता सजंय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं:सरिता गुप्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** जय जवान, जय किसानके उद्घोषक सादगी, ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता संग्राम के नरम दल के नेता सत्य प्रेम अहिंसा के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की जयंती पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि इंजीनियर दीपेंद्र गुप्ता व सभी सदस्यगणो एवं कार्यालय कर्मचारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गयी । नगर पंचायत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम में अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर श्री गुप्त ने कहा कि गांधी जी सत्य और अहिंसा जैसे सामाजिक मूल्य के कारण पूरे विश्व में हमेशा प्रासंगिक रहेंगे।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की ईमानदारी और सत्य निष्ठा अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए। समारोह में महेश शर्मा ,रविन्द्र सिंह, विनोद गुप्ता सधन मिश्रा मनोज दीक्षित सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## आईएमए ने ''से टू नो प्लास्टिक बैग'' के तहत जूट के थैलों का किया निशुल्क वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत ''से टू नो प्लास्टिक बैग'' की पंक्ति को चरितार्थ करते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने शहर के विभिन्न बाजारों में प्लास्टिक के बैग में सब्जी या सामान खरीदने वाले लोगों को जूट के थैले निशुल्क वितरित किए और लोगों से अनुरोध किया कि प्लास्टिक को अपनी जिंदगी से दूर रखिए और स्वच्छता अभियान में देश का सहयोग कीजिए। इस अभियान में डॉक्टर मनीष चौहान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष डॉक्टर बृजेश बहादुर सिंह सचिव डॉक्टर ओमिका चौहान डॉक्टर पूजा त्रिवेदी, डॉक्टर गौरव मिश्रा, डॉ आशीष पांडे एवं श्रीमती विमुक्ती सिंह के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के सदस्यों ने सहयोग किया।

## एसजेएस पब्लिक स्कूल, सलोन में मिशन ''शक्ति दीदी'' के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नारी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एसजेएस पब्लिक स्कूल, सलोन में विद्यालय के प्रबंधक अनुज सिंह व सहप्रबंधिका प्रियंका सिंह कि प्रेरणा से कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह कि उपस्थिति में नजदीकी पुलिस कार्यालय में तैनात सब इंस्पेक्टर पारुल राठी ने कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को मिशन ''शक्ति दीदी'' के बारे में बताया। छात्राओं का परिचय जानने के बाद उन्होंने कहा पुलिस समाज में सुरक्षा व्यवस्था कायम करने के लिए दिन रात प्रतिबद्ध है । छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, साइबर सिक्योरिटी के विषय में विस्तार बताते हुए एक पिंक लेटर बॉक्स पुलिस विभाग की तरफसे विद्यालय में लगाने की बात कही गई जिसमे साइबर क्राइम व किसी भी तरह के अराजक तत्वों से संबंधित शिकायत एक पत्र के माध्यम से उस लेटर बॉक्स में डालने का निर्देश दिया गया।

## पुरस्कार वितरण समारोह के साथ एनटीपीसी में हिंदी पखवाड़ा संपन्न




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण के साथ राजभाषा हिंदी का पखवाड़ा महोत्सव संपन्न हुआ। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 14 से 29 सितंबर 2023 तक ऊंचाहार परियोजना में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध लेखन, सुलेख, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, लोकगीत गायन व नोटिंग-ड्राफ्टिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी, आवासीय परिसर स्थित आवासीत महिलाएं व बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में विजेता बनने की होड़ रही।परियोजना प्रमुख मंदीप सिंह छाबड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्होंने परियोजना के सभी कर्मचारियों से अपील की कि वह कामकाज में गौरव बोध के साथ हिन्दी का ही प्रयोग करें।

उन्होंने कहा कि समय के साथ प्रचार-प्रसार के सभी क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग और उसका बढ़ावा दिनोंदिन सफलीभूत होता जा रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में हिन्दी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। आज हिंदी का प्रचलन इतना बढ़ गया है। यहां तक कि वर्तमान में विदेशों में भी हिन्दी के पठन-पाठन और व्यवहार की स्वीकार्यता हो गई है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व सेफ्टी अकादमी) डॉ. अनिल कुमार डैंग, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल सहित अन्य सभी पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पानी निकास का रास्ता बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश



**लालगंज रायबरेली।** एनएच 232 से आवासीय परिसर जाने की रोड बनाते समय आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने गांव के पानी निकालने की नाली को बंद कर दिया जिससे उक्त गांव का पानी नहीं निकल पा रहा है। पूर्व में सड़क के नीचे पाइप पड़ी थी। पाइप हटा ली गई है जिससे रेल कोच कारखाने के सड़क पार वाली बस्ती के लोगों का पानी निकलना बंद हो गया है ।पूर्व में पानी रेल कोच के आवासीय कॉलोनी के गेट के सामने से मथना नाले में गिरता था। आवासीय कॉलोनी के सामने सड़क बन जाने से करीब आधा सैकड़ा घरों व प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल पूरे प्राण सिंह की तरफ से आने वाले पानी का निकास बंद हो गया है जिस जगह-जगह जल भराव हो गया है। जल भराव से गंभीर बीमारियां होने का संकट खड़ा हो गया है। जल निकासी बंद होने से जनता में आक्रोश है ।ऐहार के पूर्व प्रधान राजकिशोर सिंह बघेल ने कहा कि है कि महाप्रबंधक आरेडिका उक्त गांव का पानी निकालने के लिए नाली की व्यवस्था कराये जिससे उक्त गांव व बस्ती का पानी मथना नाले में जा सके। ऐहार के पूर्व प्रधान राजकिशोर सिंह बघेल ,बबलू त्रिवेदी ,अजय मिश्र ,ओम गुप्ता, गुड्डू नाई, बैजनाथ सिंह आदि लोगों ने कहा है कि अगर जल निकासी का रास्ता नहीं बनाया गया तो वह लोग मामले की शिकायत डीएम से करेंगे।

## बैसवारा पीजी कॉलेज में थल सेना एनसीसी के प्रशिक्षुओं का वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय में 66 यू . पी .एन .सी .सी .बटालियन रायबरेली के कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सोमवार दिनांक 25 सितंबर 2023 से प्रारंभ हुआ था। 66 यू .पी.एन .सी .सी. बटालियन की ओर से आयोजित इस शिविर में 16 कॉलेजो के 500 से अधिक सीनियर और जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। एन. सी .सी. बटालियन कमांडिंग आफिसर कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल द्वारा शिविर का समापन किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को थल सेना का प्रशिक्षण प्रदान करना था । साथ ही साथ इन कैडेट्स में नेतृत्व ,सौहार्द और टीम भावना को स्थापित किया गया। कैडटो को शस्त्र प्रशिक्षण, ड्रिल प्रशिक्षण ,फायर फाइटिंग, मैप रीडिंग, पेट्रोलिंग, जमीनी कला , युद्ध कला एवं स्वच्छता और सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिनों तक चला। प्रशिक्षण टीम का नेतृत्व ट्रेनिंग ऑफिसर कर्नल संजीव धवन एवं कार्यवाहक सूबेदार मेजर दर्शन सिंह कर रहे थे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव और प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने इस तरह के आयोजन हेतु सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने लेफ्टिनेंट संजीत सिंह चौहान, लेफ्टिनेंट सतेंद्र सिंह , अंजू सिंह , आशुतोष सिंह, विजय बहादुर सिंह को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यह जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र ने दी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/को., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :–

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या-11-2023-CW** ''आरओएच शिड्यूल रिपेयर एण्ड मेन्टीनेन्स आफ 600 वैगन अण्डर आरएसपी प्रोग्राम फॉर 01 (वन) ईयर।'' **अनुमानित लागत :** रु. 6,77,78,042.39, **अग्रिम धनः** रु. 4,88,900.00, **निविदा की अवधि :** 12 माह।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **26.10.2023, 15:00 बजे** तक एवं यह ई–निविदा दिनांक **26.10.2023 को 15:00 बजे** के बाद खोली जाएगी। • इस ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताएं तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर/फ्रेट
मुजाधि/यांत्रिक-72 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी संग किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**रायबरेली।** प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफसफाई,पानी और विद्युत की व्यवस्था देखी। उन्होंने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज से बातचीत की और उनका हाल-चाल जाना। प्रभारी मंत्री ने मरीज से उनको मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने औषधि कक्ष का भी निरीक्षण किया और चीफ फार्मासिस्ट से चिकित्सालय में उपलब्ध दवाओं और उसके स्टाक के विषय में जानकारी ली। इससे संबंधित अभिलेखों का भी उन्होंने परीक्षण किया। चीफ फार्मासिस्ट ने प्रभारी मंत्री को बताया कि चिकित्सालय में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध है।सीएमएस महेंद्र मौर्य ने प्रभारी मंत्री को बताया कि चिकित्सालय में सभी सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सभी मरीजों को नियमित दवाई उपलब्ध कराई जाती है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र भी उपस्थित रहे।

## त्रैमासिक दीवार पत्रिका ''नन्हीं कलम'' का बच्चो के माता-पिता ने किया विमोचन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अपने नित नूतन प्रयासों व नवाचारों के लिए जिले में अलग स्थान रखने वाला राही ब्लॉक का प्राथमिक विद्यालय राजापुर के बच्चों ने फिर एक से नवाचार किया है। यहां के बच्चों की तरफसे त्रैमासिक दीवार पत्रिका श्नन्हीं कलमश् तैयार की गई है। बच्चों द्वारा सम्पादित करके तैयार की गई त्रैमासिक दीवार पत्रिका श्नन्हीं कलमश् का बुधवार को विमोचन किया गया। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अजय सिंह के निर्देशन व मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा तैयार की गई त्रैमासिक दीवार पत्रिका श्नन्हीं कलमश् के प्रथम अंक का विमोचन बुधवार को बच्चों के माता-पिता व विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा किया गया। बच्चों की तरफसे तैयार की गई ''नन्हीं कलम'' दीवार पत्रिका की टीम में संपादक कक्षा-5 की दीपान्शी, सह-संपादक आर्यन (कक्षा-4), संकलन सहयोग कक्षा-4 की अनन्या, श्रियांश (कक्षा-3), अभय (कक्षा-2), नीलू (कक्षा-2) और पत्रिका के सज्जा सहयोग में संजू (कक्षा-5), मनीषा (कक्षा-5), रोमा देवी (कक्षा-5) अपूर्वा (कक्षा-3), अनामिका (कक्षा-2), भूमिका (कक्षा-2) रही है। वहीं, इस टीम की संकलन प्रभारी- माया देवी, सज्जा प्रभारी- बन्दना, निर्देशन व मार्गदर्शन अजय सिंह व पत्रिका के संरक्षक प्रधानाध्यापक शिव बहादुर रहे। दीवार पत्रिका के विमोचन के अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष कंचन देवी, सदस्य जागेलाल, राज किशोर, मंजू, सुरावती, शिवबहादुर (प्र.अ.), अजय सिंह, बन्दना, माया देवी, सान्या देवी (डी. एल.एड्.प्रशिक्षु) रसोइया, माताएँ व बच्चे उपस्थित रहे।

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा लोकमित्र विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय सी–5772 सेक्टर 12 राजाजीपुरम लखनऊ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष तिवारी

# स्कूलों के शैक्षिक गतिविधि में स्काउट गाइड को करें शामिल-सीडीओ

## विकास भवन सभागार में जिला स्काउट गाइड समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला परिषद उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिले के प्रत्येक विद्यालयों को जोड़ने के साथ उसके उद्देश्यों को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।

प्रादेशिक मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड डा प्रभात कुमार के आदेशानुसार 19 बिंदुओं पर आधारित समीक्षा बैठक पर चर्चा की गई ।बैठक में प्रमुख रूप से माध्यमिक बेसिक विद्यालयों में शत प्रतिशत पंजीकरण, नवीनीकरण, सीबीएसई विद्यालयों का पंजीकरण नवीनीकरण, 10त्र अंशदान, तृतीय सोपान राज्य पुरस्कार ,बिगनर्स कोर्स ,बेसिक कोर्स ,स्काउट मास्टर गाइड ,कैप्टन ,बीएसजी, ज्ञान प्रतियोगिता ,प्रधानाचार्य प्रधानाध्यापक कार्यशाला के साथ ही साथ विशेष रूप से लक्ष्य के अनुसार आजीवन सदस्य बनाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने उपस्थित समस्त



प्रधानाचार्य एवं जिला संस्था के पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वह प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार द्वारा दिए गए समस्त लक्ष्य को समय से पूर्ण करें एवं स्काउटिंग गाइडिंग गतिविधियों को प्राथमिक लेवल से लेकर उच्च शिक्षा तक अनिवार्य रूप से संचालित करने का कार्य करें ।जिससे जनपद व मंडल में अपनी अग्रणी भूमिका निभा सके। बैठक के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने भी उपस्थित सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि वह आपसी सहयोग बनाकर समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करें । स्काउट गाइड को शैक्षिक गतिविधि में पूरी तरह से शामिल करें।बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने भी उपस्थित सभी सदस्यों को एक साथ मिलकर कार्य करने व अपने विद्यालयों मेंअनिवार्य रूप से दल पंजीकरण करने, अंशदान जमा करने एवं नवीनीकरण आदि समय से कराए जाने पर विशेष बल दिया है। डा चन्दन

### ▸▸समीक्षा बैठक में स्काउट गाइड को प्रत्येक विद्यालय से जोड़ने का संकल्प

पाण्डेय ने विद्यलयों में स्काउट और गाइड को अच्छी तरह से चलाने का निर्देश दिया ।बैठक के अंत में जिला सचिव मोहिउद्दीन सिद्दीकी ने आए हुए समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त अवनीश कुमार शुक्ला ,जिला आयुक्त गाइड रेखा देवी ,डॉक्टर चंदन पांडे ,जिला स्काउट मास्टर बेसिक महमूद उल हक ,जिला संगठन आयुक्त स्काउट सिराजुल हक ,डीएचओ सी साधना पांडेय, राकेश प्रताप सिंह कार्यालय सहायक राहुल शर्मा, अभिमन्यु तिवारी व अन्य समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे ।बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# ''जल ज्ञान यात्रा'' का शुभारंभ

**जौनपुर** – राज्य सरकार की अनूठी पहल पर देश में पहली बार भावी पीढ़ी को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में ''जल ज्ञान यात्रा'' का शुभारंभ किया गया है। गुरुवार को इस कड़ी में जौनपुर में होने जा रही जल ज्ञान यात्रा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 5 के ऊपर के बच्चों को मिशन की परियोजनाओं, जल निगम की लैब का भ्रमण कराया जाएगा। बच्चों को फन गेम्स और क्विज के माध्यम से भी जल जीवन मिशन की जानकारी दी जायेगी। विजेता छात्र/छात्राओं तथा विद्यालय को पुरस्कृत किया जायेगा तथा प्रमाण-प्रत्र दिया जायेगा। आयोजन 5 अक्टूबर 2023 सुबह 9 से 10.30 बजे तक जल निगम लैब तथा जिला परियोजना प्रबंधन इकाई टीम के माध्यम से बच्चों को पानी की जांच की जानकारी दी जाएगी। सुबह 11.30 बजे जिलाधिकारी जल ज्ञान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर वाटर ओवर हैड टैंक स्कीम सेहमलपुर के लिए रवाना करेंगे।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर पूर्व माध्यमिक संघ ने दिया बीएसए को दिया ज्ञापन




**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने शिक्षक समस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन बीएसए व जिला वितलेखाधिकारी कोसौपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निलंबित शिक्षकों को बहाल करना ,शिक्षकों से अवकाश के दिन कार्य लेने पर उपार्जित अवकाश प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज कराना सहित अन्य मांग शामिल है। संघ जिलाध्यक्ष गुरबचन एवं मंडलीय महामंत्री अरुण कुमार मिश्रा की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने सात सूत्री ज्ञापन दिया है जिसमें जिले के समस्त निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए इसमें बहुत शिक्षित 6 महीना एवं 1 वर्ष से लगभग निलंबित है, अध्यापकों से अवकाश के दिन कार्य लेने पर अतिरिक्त अवकाश पोर्टल पर दर्ज कराया जाए ,शिक्षकों के फंड को ऑनलाइन किया जाए, अध्यापकों के अनुपस्थित मिलने पर उनसे स्पष्टीकरण लेने के बाद ही कार्रवाई की जाए, शिक्षकों के फंड को पैतृक जिले गोंडा से मगाया जाए,विकासखंड श्री दत्तगंज के अध्यापक मनीष कुमार सिंह का पोर्टल पर विसंगति दूर की जाए, नगर क्षेत्र उतरौला के जर्जर भवन का निर्माण तत्काल कराया गया, आदि मांग शामिल है इस अवसर पर जिला मंत्री नवीन सिंह गार्गी गुप्ता सहित अन्य तमाम शिक्षक मौजूद रहे है।

# मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर मनाया गया जश्न

**सुलतानपुर।** हर साल की तरह इस साल भी 17 रबीउलअव्वल मंगलवार को सरकारे दो आलम हज़रत मोहम्मद मुस्तफा और इमाम जाफर सादिक अ.स. के जन्म दिन के मौके पर अंजुमन ए इमामिया लौहर दक्षिण की तरह से जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जुलूस पूरे गाव में गस्त करते हुए वहाज्जूद्दीन के दरवाजे से होते हुए इमाम बाड़े मे पहुचा वहाँ पर एक महफिल शेरो शायरी का आयोजन किया गया। जिसमें पहले तकरीर हुई जिसको मौलाना शबाब जलालपुरी ने खेताब किया इसके बाद मुकामी शायरों के अलावा बाहरी शायर मुद्दसिर जौनपुरी शंहनशाह मिर्जापुरी मुनव्वर जलालपुरी मौलाना शकील सुलतानपुरी ने नाते पाक व कसीदा पढ़ा। इस प्रकार रात भर शेरो शायरी कर के जश्न मानाया गया यह जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर असोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।



# श्रीदत्त गंज ब्लाक के पिछड़ेपन को दूर करना की संकल्प सप्ताह का उद्देश्य-हेमन्त

## आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज में संकल्प सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**बलरामपुर।** आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज में संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा ,पोषण आदि की सफल क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी एवं ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल ने दीप प्रज्वलित करके संकल्प सप्ताह का शुभारंभ किया । सर्वप्रथम डॉ अनुराग पांडे ने सभी का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने संकल्प सप्ताह के बारे में विस्तार से उपस्थित सभी लोगो को बताया कि श्री दत्त गंज ब्लाक का पिछड़ापन दूर करने के लिए संकल्प सप्ताह का आयोजन 5 थीम के अंतर्गत 9 सेक्टर जैसे स्वास्थ्य,शिक्षा, पोषण, कृषि ,बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर ड्रिंकिंग वॉटर ,सैनिटेशन, फाइनेंशियल इंक्लूजन व




सोशल डेवलपमेंट पर विशेष फोकस किया जाएगा

जिससे जन सहभागिता के जरिए समुदाय को सशक्त बनाने स्वास्थ्य, पोषण, कृषि ,सामाजिक विकास व बुनियादी संरचनाओं को समृद्ध बनाने का संकल्प लिया जाएगा। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित समुदाय के लोगों से अपील किया कि संकल्प सप्ताह में जन समुदाय के भागीदारी से हम ब्लॉक का पिछड़ापन दूर कर सकते हैं स्वास्थ्य मेले में गर्भवती माता की जांच तथा गोद भराई ,बच्चों का अन्नप्राशन,आयुष्मान कार्ड एवं टीवी के मरीजों को पोषण पोटली देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया कार्यक्रम के समापन में डॉक्टर अनुराग पांडे ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया संकल्प सप्ताह स्वास्थ्य मेले में 398 मरीज एवम 160 गोल्डन कार्ड वितरित किया गया इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्याम मनोहर त्रिपाठी, हेमंत जायसवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीपी सिंह, जिला प्रोग्राम मैनेजर शिवेंद्र मणि , डॉ अनुराग पांडे,ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आशुतोष शुक्ला, राघवेंद्र सिंह,एडीओ पंचायत मानिक राम मौर्य सीडीपीओ पूनम व नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन से जिला कार्यक्रम समन्वयक राकेश शुक्ला सहित हरीश यूनिसेफ से अमित कुमार व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कमर्चारी उपस्थित रहे है।

# एमवीसी की छात्रा जया बृजवाल का बैडमिंटन में राज्य स्तर पर हुआ चयन

**बाड़मेर ।** स्थानीय मथरीदेवी वृद्धिचंद छाजेड़ पब्लिक स्कूल कुशल वाटिका की छात्रा जया बृजवाल का 17 वर्षीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 में राज्य स्तर पर चयन हुआ। प्राचार्य सीमा राठौड़ एवं पुरे विद्यालय परिवार ने छात्रा को बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा जया बृजवाल का एमवीसी पब्लिक स्कूल द्वारा अभिनन्दन किया गया। प्राचार्य राठौड़ ने बताया कि बच्चों में दिन प्रतिदिन खेलों में रूचि बढती जा रही है। हमारी स्कूल में ऐसे कई खिलाड़ी है जो राज्य स्तर पर चयन हो चुका है।

# विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**जौनपुर-** जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में ऑक्सीजन प्लांट व स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने ब्लाकवार आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन भी ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा एक भी कार्ड नहीं बनाया गया है उन्हे नोटिस जारी करें और सभी एमओआईसी नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी पीएचसी ,सीएचसी में बाउंड्री वॉल का निर्माण होना है उसके लिए एक कार्ययोजना तैयार करें।जिलाधिकारी ने आयुष्मान मित्र की नियुक्ति न किए जाने कर सीएमओ के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए इसके पश्चात आयुष्मान कार्ड के तहत क्लेम के सन्दर्भ में भी जानकारी ली।

# मजार के मुताव्लि ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**सुल्तानपुर।** जिले में सुन्नी वक्फबोर्ड में दर्ज मजार की जमीन पर प्राइवेट बस स्टैंड व मछली मंडी लगाने का मामला सामने आया है। यही नहीं मुताव्लि का कहना है कि वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण भी किया गया है। उन्होंने सीएम से पूरे मामले की शिकायत करके न्याय की गुहार लगाया है। दरअस्ल ये पूरा मामला कोतवाली नगर अंतर्गत पांचोपीरन दरगाह की जमीन से जुड़ा है। दरगाह के मुताव्लि अकबर अली ने बताया कि दरगाह पांचोपीर वक्फनंबर 851 सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड लखनऊ में दर्ज है। दरगाह पर कुछ अराजकतत्व मछली मंडी लगाना चाहते हैं। इससे पहले 2011 में वहां पर बाधमंडी बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। उस समय सांसद वरुण गांधी थे।

हम लोगों की मीटिंग हुई कि बाधमंडी को कही पर शिफ्ट किया जाए। उस समय हमारे प्रधान थे बड़काऊ उन्होंने बेचूखा के पुरवा के सामने बाधमंडी एलाट कर दिया।



निषाद समुदाय को वह बाधमंडी दे दी गई। अब क्या है कि कुछ अराजकतत्व चाह रहें हैं कि वहां मछली मंडी लगा दिया जाएं।

हमारे यहां दरगाह पर सावन में मेला लगता है। उर्स मनाया जाता है। मकर संक्रांति मनाया जाता है। जिसमें बाहर के लोग आते हैं। डेढ़ से दो लाख की भीड़ होती है। मेला लगाने के लिए, पार्किंग के लिए और सब चीजों के लिए वक्फबोर्ड की तरफ से स्थान चिन्हित किया गया है। हमारा हाईकोर्ट में भी केस चल रहा है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। हमको पता चला तो हम सीआरओ को इस बात से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक उस जगह पर कोई भी अतिक्रमण नहीं करेगा। जब तक जांच चलेगी कोई भी पार्टी उस पर अतिक्रमण नहीं करेगी। दरगाह पर जात-बिरादरी के लोग आते हैं। यह किसी एक का नहीं है। मुख्यमंत्री का यह आदेश है कि यदि वक्फकी संपत्ति पर कोई अतिक्रमण कर रहा है तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मैं यह अपील करना चाहता हूं कि हमको न्याय मिले।

# अद्यतन तकनीक में निपुणता खोलेगी सफलता के नए द्वार-रमेश मिश्रा

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. तथा पालीटेक्निक के सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए चल रहे स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम ÷दीक्षारम्भ 2023' में आज महत्वपूर्ण सेशन्स का आयोजन किया गया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूरत कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मुख्य अतिथि एवं एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को बेसिक्स को ध्यान में रखना एवं महत्वपूर्ण चीजों को सदा नोट करते रहते और डायरी की महत्ता को सफलता के लिए आवश्यक बताया अपने संबोधन के दौरान उन्होंने छात्रों से तकनीकी रूप से स्वयं को अपडेट रखने की भी अपील की। उन्होंने छात्रों को अपनी कंपनी के माध्यम से प्लेसमेंट के लिए



भी आश्वस्त किया। कार्यक्रम के अन्त में संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ह्यूमेनिटीज तथा अप्लाइड साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संस्थान के एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह, इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षक डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ विमल गुप्ता, डॉ जीशान वकील, संजय सोनकर, कौस्तुभ कुन्दन, प्रदीप द्विवेदी, जे पी मिश्रा, मनोज भार्गव, अखंड प्रताप सिंह, अनमोल सिंह, स्तुति सिंह, ग्रीष्मा श्रीवास्तव तथा बी.टेक. एवं पालीटेक्निक प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं शहर विधायक विनोद सिंह ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए 'दीक्षारम्भ 2023' कार्यक्रम की सराहना की।

# अतिशीघ्र वेतन दिलाए जाने के आश्वान के बाद कर्मचारी काम पर लौटे



**सुलतानपुर।** राज्य कर्मचारी कल्याण समिति चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी अपने 3माह से वेतन नहीं मिलने से मजबूर होकर आज़ से दो घंटे के कार्य वहिष्कार आंदोलन पर चले गए थे। तत्पश्चात् डॉ.सलिल श्रीवास्तव प्रधानाचार्य स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने संगठन के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता हेतु आमंत्रित किया। वार्ता सौहार्द पूर्ण रूप से सम्पन्न हुई जिसमें दस दिन का समय संगठन द्वारा दिया गया यदि इस बीच वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो 16 से आंदोलन पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। वार्ता मंडल में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ओमप्रकाश गौड़ जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण स्वरुप श्रीवास्तव महामंत्री, केके तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनोद कुमार यादव कोषाध्यक्ष, रेनू मिश्रा अध्यक्ष राजकीय नर्सेज संघ, राजप्रताप सिंह मंत्री, धमेंद्र यादव अध्यक्ष लैब टेक्नीशियन संघ, जयभीम बौद्ध नेत्र परीक्षण अधिकारी, सुरेन्द्र यादव एक्स-रे टेक्नीशियन संघ, आर के पांडे डेंटल हाइजिनिस्ट संघ, डॉ सुनील पटेल, डॉ आदित्य नारायण तिवारी, पीएमएस संघ, राम रतन मंत्री चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं,आदि कर्मचारी संघ ने भाग लिया। अंत में संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ ने आंदोलन दस दिन तक स्थगित करने की घोषणा करते हुए कर्मचारियों से अपने कार्य पर जाने की घोषणा की। वार्ता के दौरान मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल भी मौजूद रहे।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, 2 प्रधानाध्यापक निलम्बित

**जौनपुर** – बेसिक विभाग की ओर से परिषदीय स्कूलों में चल रहे निरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखण्ड रामपुर व बरसठी के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शासन द्वारा विद्यालयों मे संचालित योजनाओं एवं अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर की जाँच की गयी। प्राथमिक विद्यालय कुचहना, वि0क्षे0-रामपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री चन्द्रप्रकाश विद्यालय में अनाधिकृत रूप से विद्यालय मे अनुपस्थित पाए गये। श्री सन्दीप कुमार स0अ0, निरीक्षण के दौरान दवा लेकर विद्यालय में उपस्थित हुए। श्री सुबाष चन्द्र वर्मा स0अ0 विद्यालय मे उपस्थित पाए गए। विद्यालय में नामांकित 67 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 41 छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय मे शिक्षक-छात्र अनुपात प्राविधानित व्यवस्था के अनुरूप नहीं पाया गया। विद्यालय प्रांगण साफ-सुथरा नहीं पाया गया। विद्यालय प्रांगण मे घास-फूस उगी पायी गयी। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालय मे सिर्फ टाइलीकरण का कार्य हुआ पाया गया। विद्यालय में रसोई घर का अभाव पाया गया। विद्यालय में अवस्थित शौचालय अध्ययनरत छात्रों हेतु संतृप्त नहीं पाये गये। विद्यालय की अध्यापक उपस्थित पंजिका पर अध्यापकों का मानव सम्पदा कोड अंकित किया हुआ नहीं पाया गया। विद्यालय प्रांगण मे उपस्थित अभिभावकों द्वारा वार्ता के क्रम मे अवगत कराया गया कि, विद्यालय में प्रतिदिन सिर्फ श्री सुबाष चन्द्र वर्मा स0अ0 द्वारा ही उपस्थित होकर शैक्षणिक कार्य किया जाता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक के विद्यालय में अनुपस्थित होनें के कारण विद्यालय की समस्त पंजिकाओं का अवलोकन बी0एस0ए0 द्वारा नहीं किया जा सका। गत वर्ष विद्यालय को 25000 कम्पोजिट धनराशि प्राप्त हुयी है, जिसके आय-व्यय का विवरण प्रधानाध्यापक की अनुपस्थित के वजह से बी0एस0ए0 द्वारा अवलोकित नहीं किया जा सका।, विद्यालयी निरीक्षण मे पायी गयी उपरोक्त गम्भीर कमियों के कारण बी0एस0ए0 द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री चन्द्रप्रकाश को निलम्बित कर दिया गया एवं श्री सन्दीप कुमार स0अ0 को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जानें एवं अभिभावकों द्वारा दिये गये फीडबैक के क्रम में स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। साथ ही साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर, जौनपुर को उक्त विद्यालय की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के क्रम में बार-बार अवगत कराये जाने के उपरांत भी विद्यालय का अनुश्रवण न किये जाने के कारण नाराजगी दर्ज करते हुए स्पष्टीकरण निर्गत किया गया।

प्राथमिक विद्यालय रसुलहाँ, वि0क्षे0-रामपुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सुबाष चन्द्र वर्मा, एम0डी0एम0 उपभोग ब्लाक संसाधन केन्द्र पर जमा कर विद्यालय पर उपस्थित हुए। विद्यालय पर कार्यरत शेष अन्य सहायक अध्यापक व शिक्षामित्र विद्यालय पर उपस्थित पाए गये। विद्यालय मे नामांकित 104 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 71 छात्र उपस्थित पाये गये।

# उद्योग व्यापार मंडल ने की डीएम से शिष्टाचार मुलाकात




**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु मालवीय व जिला अध्यक्ष विजय प्रधान के निर्देशन में आज जिला वरिष्ठ महामंत्री अम्बरीश मिश्रा के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की व व्यापारी मुद्दों पर जिलाधिकारी को अवगत कराया। नवागत जिलाधिकारी द्वारा व्यावसायिक मुद्दों को त्वरित निपटाने हेतु आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य अमर बहादुर सिंह, जिला संरक्षक गिरधर गोपाल, जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरी, गुलाब जयसवाल, जिला महामंत्री मनीष साहू, नगर अध्यक्ष दिनेश गिरी, सतनाम सिंह, अंकित कसौधन, नारायण राय, नारायण कसौधन, आदि कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# सारा मातम अकेले मां रोई, बेटी मशगूल चुप कराने में

## शहीद योगेश तिवारी की स्मृति में काव्यांजलि समारोह आयोजित, निकाली गई श्रद्धांजलि यात्रा

**शमशेरगंज (प्रतापगढ़) नि.सं. ।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के बलीपुर परसन गाँव का लाल शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी की स्मृति में श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । सभी ने अपने शहीद योगेश तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत माता की जय और योगेश तिवारी अमर रहें का नारा लगाया। उसके बाद शहीद आवास पर श्रद्धांजलि सभा एवं काव्यांजलि का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरला शर्मा की वाणी वंदना से हुई। उसके बाद राजेश कुमार ने पढ़ा - वीर जवानों बलि लेना तुम , कभी न देना तुम बलिदान । वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं कवि अखिलेश मिश्र ने पढ़ा - सारा मातम अकेले माँ रोई , बेटी मशगूल चुप कराने में। अभिमन्यु तरंग ने पढ़ा - लेफ्टिनेंट कमांडर योगेश तिवारी जैसे,वीर शहीदों की निशानी लिखते हैं हम । अंजनी अमोघ ने पढ़ा -जब जाऊं मैं इस धरा धाम से तिरंगे में लिपटा मेरा बदन रहे , प्रदीप महाजन ने पढ़ा - मैं उस प्रदेश में जन्मा हूँ अवतरित हुए श्री राम जहाँ। शिव किशोर खंजन ने पढ़ा - हम रहे ना रहें




तुम रहो ना रहो , पर यह लहराता हरदम तिरंगा रहे । अनिरुद्ध मिश्र ने पढ़ा - जो समर्पित किए देशहित जिंदगी, उनकी यादों का दीपक बुझाना नहीं, सुनील प्रभाकर ने पढ़ा - कदम वो जो बढ़ गये तो लौट कर पीछे न आते संचालन नीरज पांडे ने किया अध्यक्षता रजनीश मिश्र ने किया कार्यक्रम का संयोजन आशुतोष आशु ने किया ।इस अवसर पर श्रीमती अन्नपूर्णा तिवारी, शिव भूषण शुक्ल, राजेश शुक्ल डॉ अम्बुज मिश्र, अम्बरीष शुक्ला, शिव भूषण शुक्ला, वृज भूषण मिश्र, पूनम शुक्ल, विजय मिश्र, नीलम शुक्ला , कात्यानी तिवारी, नरेंद्र नारायण तिवारी, सत्येंद्र नारायण तिवारी , सुशील तिवारी, रवि शुक्ल, वृज भूषण शुक्ला स्मारिका तिवारी, प्रिशा तिवारी, अद्रिका तिवारी अमित तिवारी भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला , जय भगवान पाण्डेय, प्रेम नाथ पाण्डेय, विपिन तिवारी, रूपेश तिवारी, समाज सेवी प्रशांत त्रिपाठी, अभिमन्यु सिंह,पत्रकार अनूप त्रिपाठी मौजूद रहे ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे छह लाख

**बाघराय (प्रतापगड़) नि.सं.।** कुंडा कोतवाली के सिलावरपुर गांव निवासी रवींद्र कुमार उर्फ मुन्ना सरोज पुत्र जगतपाल ने अपने घर के बालक को खाद्य रसद विभाग में लिपिक बनवाने के लिए बाघराय के जमलामऊ गांव निवासी एक व्यक्ति को 2018 में तीन लाख साठ हजार रुपए दिए थे। उसके रिश्तेदार रोहित पुत्र शोभलाल निवासी जहानाबाद मंठन कुंडा से भी तीन लाख रुपए दिलाए थे। आरोप है कि उक्त युवक ने दो लोगों को लिपिक बनवाने का वादा किया था। मगर चार वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो वे लोग अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया। इस पर उक्त आरोपी युवक आजकल करता रहा। आरोप है कि मंगलवार को उक्त युवक ने रुपये वापस करने के लिए बुलाया। वहां पहुंचने पर उसने रवीन्द्र सरोज और उसके रिश्तेदार रोहित को कमरे में बंद कर लाठीडंडों से जमकर पीटा। धमकी दी कि अब रुपये मांगोगे तो जान से मार दूंगा। इतना ही नहीं पर्स में रखे 11500 रूपये भी छीन लिए। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल रवीन्द्र सरोज निवासी ग्राम सिलावरपुर को इलाज के लिए सीएचसी बाघराय पहुंचाया।

# सदैव धर्म , नीति एवं ईमानदारी के मार्ग पर चलने की सीख देते थे पण्डित पारसनाथ जी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाबा बेलखरनाथ धाम** -विद्वान भागवताचार्य पारसनाथ जी वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा के तहत समूचे विश्व को एक परिवार मानते थे। उनका मानना था कि धर्म एवं शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। जहां कहीं से भी कुछ सीखने को मिले उसे अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। यह विचार विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद त्रिपाठी ने बेलखरनाथ धाम ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गोंई में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किया! शिक्षा जगत में महती कार्यों के लिए कार्यक्रम में 21 शिक्षक एंव विद्वानों को सम्मानित किया गया! कार्यक्रम संयोजक उमा कान्त त्रिपाठी ने कहा ककिपूज्य पिताश्री के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके विचारों पर चलकर सफलता के मार्ग तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा था कि आजादी तब तक सच्ची नहीं होती, जब तक उसे विचार की आजादी प्राप्त न हो।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ( प्राथमिक) जिलाध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि गुरु, पुरोहित एवं शिक्षक



समाज के ऐसे शिल्पकार व मार्गदर्शक है,जो देश के भविष्य की कर्णधार पीढ़ी के दिलो-दिमाग में सच्चाई, समानता, सौहार्द्र, राष्ट्रीय व भारतीय संस्कृति एवं समृद्ध परम्पराओं की अमिट छाप बना सकता है!

शिक्षक एक राष्ट्र के लिए फव्वारे के रूप में काम करता है, जो अपना ज्ञान चारों ओर फैलाता है। पू0मा0 शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष डा0हीरा लाल मौर्य ने कहा कि अध्यापक हमेशा ज्ञान गंगा को प्रवाहित करते रहते हैं। यह ज्ञान गंगा अविरल प्रवाहित रहे इसके लिए हमेशा नए अनुसंधान व शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव तथा नई चीजें सीखने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।जिला महामंत्री जेपी पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक को विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़ाने के साथ-साथ मनोबल बढ़ाने की टिप्स भी देनी होगी ताकि वे आम जीवन में होने वाली समस्याओं का सरलता से समाधान खोज सकें। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक संघ कोषाध्यक्ष विजय दूबे( डब्बू), सुशील दूबे, विजय सिंह और पवन मौर्य आदि ने शिक्षक सम्मान समारोह मे विचार ब्यक्त किया!

# वन्य जीवों की सुरक्षा कर बचाएं पर्यावरण-अजय क्रांतिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वन्य जीव सप्ताह के तहत वन विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुंभापुर, घुईसरनाथ धाम में वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को वन्य जीव एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में पधारे वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार के वॉलंटियर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वन्य जीवों की सुरक्षा जरूरी है।बिना वन्य जीवों को बचाए पर्यावरण को संतुलित नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वन्य जीवों को बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहाकि वन्य जीवों का शिकार करना कानूनन अपराध है। सभी लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा और जंगलों को बचाने का कार्य करें। इस मौके पर श्री क्रांतिकारी ने सभी को पर्यावरण एवं वन्य जीवों के संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पर्यावरण सैनिक राम चंद्र पांडेय ने लोगों से अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने की अपील की।इस मौके पर वन दरोगा त्रिभुवन नाथ तिवारी, रमेश मिश्रा, शैलेंद्र द्विवेदी, शिवम, सुरेश माली, निर्मला देवी, रागिनी एवं सीमा मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़ ।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ सरदार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण हेतु जागरूक किया गया.राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन में कुसुम मौर्या,डॉ रुचि पाण्डेय, वंदना तिवारी,ललिता पटेल,दीपक कुमार सिंह, राजेश कुमार, अशोक कुमार के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण हेतु जागरूक किया गया.इसी प्रकार एसवी इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में,राजकीय




बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में,राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में,राजकीय उमावि पुरैला प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य सीमा के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य एमपी मिश्रा के निर्देशन में, एवीएन इंटर कालेज जेठवारा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य स्कंद नारायण त्रिपाठी के निर्देशन में संचारी रोगों से बचाव,नियंत्रण और उपचार पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न की गई.

# कारोबारी को तमंचा सटाकर बाइक लूटने की कोशिश

**रखहा (प्रतापगढ़) नि.सं. ।** दुकान के बाहर सो रहे कारोबारी को बाइक से आये बदमाशों ने तमंचा सटाकर बगल खड़ी बाइक लूटने की कोशिश की किन्तु कारोबारी के जग जाने तथा गुहार मचाने से उन्हें भागना पड़ा। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने घटना की जांच की।



पीड़ित कारोबारी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पिपरी खालसा निवासी रामसूरत मिश्र के बेटे तीर्थराज मिश्र ने पट्टी प्रतापगढ़ रोड पर गांव में ही टेन्ट हाउस की दुकान खोल रखी है। सोमवार रात वह घर से खाना खाकर दुकान के बाहर आकर सो गया। बगल ही बाइक तथा सामने ट्रैक्टर भी खड़ा था। मंगलवार सुबह लगभग 4.15 बजे बाइक से तीन बदमाश पहुंचे जिस पर एक बदमाश बाइक पर ही था जबकि दो कारोबारी के पास पहुंच बाइक का लॉक तोड़ने की कोशिश की। लॉक तोड़ने के दौरान खटपट की आवाज सुन व्यापारी की आंख खुल गई। इस पर एक बदमाश ने कारोबारी को तमंचा सटा दिया, जिससे वह हड़बड़ा कर खाट से गिर गया तथा गुहार मचाने लगा। मौके पर जब आसपास के लोग दौड़े तो बदमाश अपनी बाइक से वापस प्रतापगढ़ की दिशा की ओर भाग निकले । बदहवास कारोबारी ने 112 नंबर पुलिस को फोन किया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित कारोबारी ने दिलीपपुर थाने में तहरीर देते हुये कार्रवाई की मांग की है ।एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि पिपरी खालसा के कारोबारी द्वारा लूटपाट की कोशिश करने की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

# मारपीट की घटना में सत्रह नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ क्रास केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी का केस दर्ज किया है। इस घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भी सात नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा व घर में घुसकर मारपीट तथा तोडफोड समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।लालगंज कोतवाली के लाला हनुमान प्रसाद का पुरवा नरायनपुर निवासी रामसजीवन सरोज की पत्नी आशा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के पवई शर्मा के पुत्र राम बहादुर शर्मा, संतलाल के पुत्र मोहित, अशोक के पुत्र सनी, छेदीलाल के पुत्र संतोष, वासुदेव की पुत्री शोभावती तथा इनके परिवार की शीलू, उर्मिला, बबली, धर्मू, विद्या ने लाठी डंडे से लैस होकर दरवाजे पर गालीगलौज शुरू की। आरोपियों ने पीड़िता को जातिसूचक गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर सीओ से मिलकर आपबीती सुनायी। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी राम बहादुर समेत दस के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के वासुदेव के पुत्र संतलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह पन्द्रह सितंबर को अपना टिन शेड लगा रहा था। तभी विरोधी रामदुलारे के पुत्र रामसजीवन व विपिन, रामसजीवन की पुत्री शालू, हीरालाल के पुत्र अंकुश, दीपू की पत्नी रीता तथा दीपू व अरविन्द एवं पांच अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे से लैस होकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर भी मारपीट की। आरोप है कि विपक्षियों ने पीड़ित की बहन के गले का मंगलसूत्र व कंगन हडपते हुए उसके बदनीयती से कपड़े फाड़ दिये। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए घरेलू सामानों में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामसजीवन समेत नौ नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ सोमवार की रात घर में घुसकर मारपीट, बलवा, तोडफोड व छेडछाड समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षन अवन दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई गई



**प्रतापगढ़।** सुखपतिराम इन्टर कालेज साहबगंज प्रतापगढ़ में स पूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा श्याम शंकर शुक्ल ने झंडारोहण कर गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में लाठी डण्डे से सिर फुटौवल को लेकर नौ के खिलाफ क्रास केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना में दो पक्षों मे चले लाठी डंडे को लेकर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से आधा दर्जन तथा दूसरे पक्ष की ओर से तीन आरोपियों के खिलाफ सोमवार की रात मुकदमा दर्ज किया है।संग्रामगढ़ थाना के दुर्गा पाण्डेय का पुरवा महासिनपुर निवासी अलख नारायण तिवारी पुत्र रामसुंदर ने दी गई तहरीर में कहा है कि पहली अक्टूबर को शाम साढ़े चार बजे वह अपनी भाभी को छोडने बाइक से काशीपुर जा रहा था। तभी लालगंज कोतवाली के सौंना सरैंया चौराहे पर गांव के रामसुंदर के पुत्र प्रकाश नारायण शुक्ल, अशोक पाण्डेय, सुशील, सुनील तथा रमेश के पुत्र सुधीर, सुशील के पुत्र शिवसागर, अशोक के पुत्र मौसम ने एकराय होकर लाठी डंडे व कुल्हाडी से हमला बोल दिया। हमले में पीड़ित को सिर में गंभीर चोटें आयी और वह बेहोश हो गया। आरोपियों में से एक ने हमले के दौरान पीड़ित का मोबाइल फोन तथा सोने की चेन भी छीन लिया। बीचबचाव को परिवार के सदस्य दौड़े तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

पीड़ितो के शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी प्रकाश नरायन समेत आधा दर्जन के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास व छिनैती तथा धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के रमेश पाण्डेय के पुत्र अशोक पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका भाई पहली अक्टूबर को दवा लेने लालगंज के सौंना सरैंया तिराहे पर स्थित एक क्लीनिक पर गया था। वहां घात लगाए गांव के रामसुंदर के पुत्र अलख नारायण तिवारी तथा राजेन्द्र व रामचंद्र के पुत्र धीरज तिवारी ने उसके भाई को गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अलख नारायण समेत तीन के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया गया है, जांच कर सत्यता के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मरहूमों के परिजन किए गए सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मरहूम हजरत मौलाना शमसुद्दीन मजाहिरी सलमानी साहब और मरहूम चमन सलमानी, मरहूम रोशन सलमानी, मरहूम अल्ताफ सलमानी की याद में शहर स्थित ऋषभ मैरिज हॉल में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मो. अमन सलमानी ने जबकि संचालन जिला महासचिव अनीस अहमद सलमानी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इण्डिया जमात ए सलमानी संगठन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सगीर सलमानी ने सभी मरहूम लोगों के घर के सदस्यों को सम्मानित कर उनके कंधे से कंधा मिलाकर सुख दुःख में साथ लेकर चलने की बात कही। प्रोग्राम में शामिल संगठन के तमाम पदाधिकारियों में प्रदेश सचिव शकील अहमद सलमानी, पप्पू सलमानी, शहजाद सलमानी जिला प्रवक्ता, पप्पे सलमानी, वकील सलमानी, डा. यूनुस सलमानी, डा. आबाद सलमानी और तमाम सलमानी कौम के फिक्रमंद साथी मौजूद रहे।

# बीमारियो से बचने के लिए साफ-सफाई जरूरी- अष्टभुजा प्रसाद




**सगरा सुंदरपुर ।** लक्ष्मणपुर विकासखंड के हंडौर ग्राम स्थित आंचल पब्लिक स्कूल मे महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों और अध्यापकों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और स्वच्छता के लिए शपथ लिया । इसके पूर्व राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया । इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि हमारे मानसिक और शारीरिक विकास के लिए साफ सफाई अत्यंत आवश्यक है।

साथ ही अपने आस पास के क्षेत्रों और पर्यावरण की सफाई बौद्धिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है।

स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, आसपास का क्षेत्र और हमारा कार्य क्षेत्र साफ सुथरे रहते है। जीवन में सफाई का बहुत महत्व है, चाहे वह शरीर की हो या विचारों की । विद्यालय के प्रबंधक अनूप त्रिपाठी, रुचि, फाल्गुनी, ज्योति, आयुष, अंकेश, अमन ,शुभम ,लक्ष्मी ,नीतू, खुशी, सुमन ,श्रद्धा ने स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की । इस अवसर पर प्रिंसिपल आंचल त्रिपाठी आस्था त्रिपाठी , शिखा दुबे, अंकिता दुबे, सपना उपस्थित रही।

# भारी मात्रा में पटाखा बरामद, तीन आरोपियों पर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में बारूद के बने हुए पटाखे बरामद करने में सफलता ली है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह मंगलवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने बाजार के निवासी मनोज कुमार जायसवाल पुत्र सुंदरलाल तथा रामकुमार जायसवाल के पुत्र छग्गू लाल व रमेश जायसवाल के पास से बासठ किलो बारूद के बने हुए पटाखे बरामद किये। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम का केस दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।

# महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने का दिया था मूलमंत्रः योगेश

**प्रतापगढ़(ब्यूरो)।** मंगरौरा ब्लाक अन्तर्गत भौसिया पंचायत भवन सभागार में राष्ट्र पिता महात्मा गाधीं की जयंती मनाई गई। समाजिक कार्यकर्त्ता योगेश तिवारी ने महातमा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जी सत्य अहिंसा के पथ पर देश को आजाद कराया। परा विधिक स्वयं सेवक गिरीश पाण्डेय ने महात्मा गॉधी के आदर्शो को आत्मसात करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जयराम पुजारी भाजपा अनूसूचित जनजाति जिलाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद प्रधान, पीयलवी अमन त्रिपाठी, नीरज, सूरज, मेवालाल, रामसुख, अमन, राकेश, अजय आदि उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में अधेड़ समेत दो घायल। गंभीर हालत में घायलों को भेजा गया ट्रामासेंटर

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** बाइक व साइकिल की टक्कर में अधेड़ समेत दो घायल हालत गंभीर। स्थानी थाना क्षेत्र के लीलापुर गांव निवासी चिंतामणि पांडे 75 वर्ष किसी कार्य से साइकिल से लीलापुर साहबगंज मोड गए थे घर वापस आते समय जैसे ही वह लगभग 100 मी ही पहुंचे थे की सामने से लीलापुर कुर्मियान गांव निवासी सुरेश वर्मा 24 वर्ष बाइक से आ रहे थे कि रास्ते में अचानक कुत्ता आ जाने के कारण बाइक सवार की साइकिल से जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार सुरेश वर्मा व साइकिल सवाल अधेड़ चिंतामणि पाण्डेय दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए चौराहे पर बैठे स्थानीय लोगों ने दोनों को सड़क के किनारे किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहयोग से एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर लालगंज भेजवाया गया।

# बिजली विभाग में वसूली गैंग की सक्रियता पर डिप्टी सीएम के तेवर कड़े

## बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को संगम सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम स्मार्ट सिटी व महाकुम्भ-2025 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए रेलवे व प्रशासन के अधिकारियों को बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कराये जाने के लिए कहा है,

जिससे कि ऐसी किसी दुर्घटना की कोई सम्भावना न हो। उन्होंने जनपद में ओवरब्रिजों व पुलों के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि पुलों व ओवरब्रिजों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूरा करायें। उन्होंने गुणवत्ता की जांच के लिए एक अलग तकनीकी टीम का गठन करने के लिए कहा है। रिंग रोड़ के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रिंग रोड़ के निर्माण कार्य को महाकुम्भ के दृष्टिगत

**▸▸उपमुख्यमंत्री ने जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की**

शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करायें साथ ही रिंग रोड़ के आस-पास के क्षेत्र को किस प्रकार विकसित बनाया जा सकता है, इसके लिए भी अभी से भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्लान बनाये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। श्री मौर्य ने जनपद में चल रहे सड़को के चैड़ीकरण के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां पर भी चैड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, उस रोड़ को बराबर से चैड़ा किया जाये, कहीं पर भी सड़क कम या ज्यादा न दिखे।

बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बिजली विभाग से सम्बंधित लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने लो-वोल्टेज, ट्रांसफार्मर बदलने में देरी, गलत बिल की शिकायत पर व्यवस्था में अविलम्ब सुधार लाने के लिए कहा है। उन्होंने नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र में शहर के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में वसूली गैंग काफी सक्रिय है, इससे सम्बंधित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को इसपर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने मण्डलायुक्त को विद्युत विभाग से सम्बंधित लगातार आ रही शिकायतों की अलग से समीक्षा करने के लिए कहा है।

इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी एवं श्रीमती निर्मला पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चैहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जारी में डाक्टर मिलना कठिन

**जारी ( प्रयागराज)।** प्रशासन की अनदेखी और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के लापरवाही के चलते जसरा विकासखंड के जारी बाजार स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जारी में वर्तमान समय में लोगों के इलाज के लिए एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहते। परिणाम स्वरूप लोगों को इलाज के लिए झोलाछापों की शरण में जाना पड़ता है। क्षेत्र के गड़ैया कला , गड़ैया खुर्द, जारी गांव, दगवां, बरेठिया, अतर सुईया, मैदा सहित कई अन्य गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त डॉक्टर कभी भी अस्पताल परिसर में बैठकर मरीजों को नहीं देखते अक्सर गायब ही रहते हैं। अस्पताल जाने वाले मरीजों को अस्पताल में कार्य कर रही एक महिला चमेली द्वारा आप शब्दों का प्रयोग कर अस्पताल से भगा दिया जाता है।

# भारतीय किसान यूनियन भानु ने किया आंदोलन

## किसानों के हक के लिए हिला हवाली बर्दाश्त नहीं -राजेश पांडेय



**कोरांव(प्रयागराज)।** भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में सुभाष चपरो के किसान चपरो माइनर पर आंदोलन प्रारंभ किया लेकिन प्रशासन द्वारा हीला हवाली करने की दशा में सुभाष रोड पर धरना प्रदर्शन और प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए रोड जाम करने की चेतावनी दिया जिससे प्रशासन के हाथ पांव फूल गए आनंन फानन में नहर एवं प्रशासनिक विभाग किसानों के बीच में आकर बैठ गए और घंटों चली वार्ता के बाद राजेंद्र कुमार नायब तहसीलदार मेजा व नहर विभाग के जेई कैशुद्दीन को 2 दिन की मोहलत देते हुए किसानों ने अपना मांग पत्र देते हुए मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि अगर 2 दिन के अंदर टेल तक की सिंचाई नहीं हो पाती तो हम किसानों के साथ कोहड़ार कोरांव संपर्क मार्ग लपरी पुल पर जाम कर देंगे किसानों की हक अधिकार की लड़ाई लड़ना हम जानते हैं किसानों के साथ उनके किसी समस्या पर किसी प्रकार के हीला हवाली बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

किसान नेता पुष्पराज शुक्ला ने शासन प्रशासन पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज किसान शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण खून का आंसू रो रहा है जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं धरने में प्रमुख रूप से रमेश पांडे हरि द्विवेदी रांजा पांडेय शंम्भू शूक्ला सुनील शुक्ला वेदमूनी पांडेय सोनू पांडेय मदन पटेल बैजलाल पांडेय गंगासागर पांडेय राजेश कुशवाहा विजय कुशवाहा अमर कुशवाहा राधेश्याम कुशवाहा राभवन पाल आशीष मिश्रा अंशूमान दूबे तौलन पटेल के साथ सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# उमापुर टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के विरोध में धरना प्रदर्शन

## भारतीय किसान यूनियन भानु के नेतृत्व में एसडीएम बारा को सौंपा गया ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालापुर (प्रयागराज)।** बारा थाना अंतर्गत उमापुर टोल प्लाजा पर स्थानीय ग्रामीणों तथा किसानों के शिकायत पर भारतीय किसान यूनियन (भानू )मंडल महासचिव के. के. मिश्रा के मार्गदर्शन में दीपक तिवारी , अंकुश शुक्ला, रजनीश ओझा के नेतृत्व में टोल प्लाजा उमापुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी बारा सुदन अब्दुल्लाह को ज्ञापन देते हुए उचित कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञात हो कि जब से उमापुर टोल प्लाजा का ठेका ठेकेदार बृजेश पांडेय को दिया गया है। तब से ठेकेदार के निर्देश पर लगातार स्थानीय लोगो के साथ अभद्रता और ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली की जा रही है। स्थानीय लोगो द्वारा टोल के नियमों का कोई भी हवाला दिया जाता तो सारे टोलकर्मी मारपीट पर आमादा हो जाते है। जिसकी सूचना बारा थाने में भी दी गई थी। जिस पर कोई भी उचित कार्यवाही नही होने से भारतीय किसान यूनियन भानू के नेतृत्व में स्थानीय किसानों और व्यापारियों के साथ टोल प्लाजा उमापुर में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे ज्ञापन के माध्यम से टोल प्लाजा से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बात की गई। किसान नेता दीपक तिवारी द्वारा पूछा गया कि ओवर लोड ट्रकों और ट्रैक्टरों से किस आधार पर वसूली करते है। वही किसान नेता रजनीश ओझा द्वारा पूछा गया कि सभी टोल कर्मियों के पास यूनिफार्म और पहचान पत्र क्यों नही है। वही किसान नेता अंकुश शुक्ला द्वारा ÷रोड नही तो टोल नही ÷ का नारा भी दिया गया जिसमे मुख्य रूप से अविनाश त्रिपाठी,अमित तिवारी,विनय कुमार, सूरज प्रजापति,नीरज मिश्रा, डा.राजबहादुर लाखा पटेल,अमर सिंह,रामू ,आशु पांडे, राहुल पांडे,सुधाकर सिंह,पिंटू भार्गव,राम सिंह अजय मिश्र के साथ साथ क्षेत्र के अन्य किसान और मजदूर भी उपस्थित रहे। उक्त धरना प्रदर्शन का संचालन ऋषि पाण्डेय द्वारा किया गया।

# कर्मचारियों ने किया कर्मचारी नेताओं का अभिनंदन

## नई दिल्ली में हुई पेंशन शंखनाद महारैली में मनोज पांडेय व डॉ कमल उसरी ने निभाई थी अहम भूमिका

**प्रयागराज।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे, कोरल क्लब में आज इलाहाबाद के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत पेंशन विहीन कर्मचारियों द्वारा पेंशन शंखनाद महारैली की सफलता मे अहम भूमिका निभाने वाले इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के जोनल महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय एवं नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के राष्ट्रीय प्रचार सचिव व एक्टू के राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी के प्रयागराज आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया।



स्वागत अभिनंदन करते हुए पेंशन विहीन कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि दुनियाभर ट्रेंड यूनियंस के आंदोलनों के इतिहास में सिर्फ़ पेंशन और निजीकरण के मुद्दे पर इतनी विशाल महारैली कहि नही हुई है, जैसी महारैली रामलीला मैदान, नई दिल्ली में 1 अक्टूबर 2023 को हुई।

मनोज पांडेय ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन शंखनाद महारैली को हमने अपने जोन नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन सहित इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन संबद्ध एक्टू की तरफ़ से देशभर के विभिन्न रेलवे जोन में लगातार जागरूकता अभियान चलाया।

डॉ कमल उसरी ने कहा कि पेंशन शंखनाद महारैली की सफलता के पीछे फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे और नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे ने लगातार जमीनी काम किया है, 1 जून 2023 से शुरू हुई एनपीएस व निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा जब बिहार के चम्पारण से शुरू हुई आगे बढ़ने लगी और पेंशन विहीन कर्मचारियों के साथ बेरोजगार नौजवानों, छात्रों, किसानों, आदिवासियों का समर्थन मिलना शुरु हो गया था और जब 18 हजार किलोमीटर की यात्रा 33 दिन में ऐतिहासिक सफलता के साथ सम्पन्न हुई तभी हम लोगों को यह एहसास हो गया था कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले 1 अक्टूबर होने वाली महारैली ऐतिहासिक होंगी।

अभिनदंन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागरिक समाज इलाहाबाद के सह संयोजक मनीष सिन्हा, आज़ादी बचाओ आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता दिनेश कुमार, वर्कर्स यूनियन के इरफ़ात अली, शिवेंद्र प्रताप सिंह, संदीप सिंह, चन्दन कुमार चाचा, पंकज कनौजिया, अनिल मिश्रा, गोपाल शर्मा, विजय पटेल, डीजेन चक्रवर्ती, शिव सिंह, अमित कुमार कनौजिया, अमित रंजन, विमल कनौजिया, सुमन्त सिंह, पवन कुमार, अमित शुक्ला, माशूद अहमद इत्यादि लोग उपस्थित रहे थे।

# 200 अवैध कानेक्सन धारियों की बिजली काटी गयी



**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी क्षेत्र के दूरवाणी नगर स्थित आईटीआई कॉलोनी में अवैध रूप से निवास कर लोगो के घरों का बिजली कनेक्शन कटा गया। ज्ञातव्य हो कि आईटीआई कालोनी में लगभग दो सौ परिवार अवैध रूप से निवास कर रहे हैं और बिना कनेक्शन के बिजली का उपभोग भी करते रहे हैं आज बिजली विभाग की टीम ने पुलिस टीम के साथ पहुंच कर बिजली कनेक्शन काट दिए। इस मौके पर एसडीओ नैनी, जेई और लाइन मैनो की टीम मौजूद रही।

# शौर्य जागरण यात्रा का फाफामऊ में हुआ भव्य स्वागत




**फाफामऊ।** विश्व हिंदू परिषद की शौर्य जागरण यात्रा बुधवार को दोपहर में फाफामऊ पहुंची तो भाजपा शिवकुटी मंडल के मंडल मंत्री जय सिंह के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नितिन एवं बजरंग दल के नेतृत्व में सोनभद्र से चल कर यूपी के कई जिलों में भगवा लहराते हुए शौर्य जागरण यात्रा गंगा पार के श्रृंगवेरपुर धाम होते हुए प्रयागराज फाफामऊ पहुंची तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत करते हुए यात्रा में शामिल लोगों को माला पहनाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शौर्य यात्रा को आगे बढ़ाया। शौर्य यात्रा में शामिल विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारी के साथ सनातनी धर्मगुरुओं एवं संत समाज के लोगों ने सनातन धर्म की रक्षा करने हेतु लोगों से अपील किया। स्वागत समारोह में अमित केशरवानी, गौरव अग्रवाल, धीरेंद्र केसरवानी, शक्ति केसरवानी, विपिन बिहारी अग्रवाल, अपूर्व सिंह गौतम, आदर्श सिंह, अंकित केसरवानी, आरडी वर्मा, तरुण अग्रवाल, राजकुमार भारतीय सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूजा अस्पताल में लगा निशुल्क नेत्र शिविर

## दर्जनों मरीजों के मोतियाबिंद का किया गया ऑपरेशन,प्रबन्धक ने कहा, यह मानवीय सेवा की है पहल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के जमुआ स्थित पूजा हॉस्पिटल में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया।अस्पताल के मैनेजर सत्यम सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और असहाय लोगों को उनके नजदीक सुविधा देने की एक कोशिश रही है। कहा, आंख के बगैर जीवन के किसी भी रंग का कोई मतलब नही रह जाता है।

पूजा हास्पिटल जमुआ में लगाए गए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों मरीज पहुंचे।मरीजों की जांच के साथ 27 मरीजों के मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन मरीजों में सरल जैसल (35) कोराव, शशिकांत मिश्रा (55) साड़ी उमन सहित कुल दो दर्जन से अधिक मरीजों का ऑपरेशन डॉक्टरों की टीम ने किया। इसके अतिरिक्त अवधेश



कुशवाहा (58) जमुआ राकेश यादव (60) जमुआ सहित दर्जनो मरीजों की जांच के साथ उन्हें सलाह और मुफ्त दवा दी गयी।

शिविर में कई बुजुर्गों को निशुल्क चश्मा भी दिया गया है। अस्पताल के प्रबन्धक सत्यम सिंह ने कहा कि अस्पताल ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों के लिए इस तरह के कैम्प आयोजित कर उन्हें सहूलियत और सहयोग देने की कोशिश की जाती है।यह हमारी मानवीय व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य कैम्प से आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय लोगों के लाभ के साथ अस्पताल की भी चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह जे कैम्प आयोजित किए जाएँगे।

# महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के छात्रों ने जीते पदक



**नैनी(प्रयागराज)।** वात्सल्य पब्लिक स्कूल प्रयागराज विद्यालय में ताइक्वांडो खेल का आयोजन किया गया था । इस पसंदीदा खेल में प्रयागराज जिले के कई विद्यालयों ने प्रतिभाग किया । जिसमें महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग और विजय हासिल किया। अक्षय त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक पाकर अपने माता -पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। आदित्य,शिवम,अर्पित, एवं तनू सिंह आदि छात्रों ने रजत पदक हासिल करके गौरवान्वित किया। अर्पिता,श्रेयांशिका, संस्कृति , संस्तुति , दिव्या , आशुतोष, अनुराग, अभिनव ,मगन,नितिन, वैभव आदि छात्र-छात्राओं ने कांस्य पदक हासिलकर विजय पताका फहराया टीम कोच एवं खेल निर्णायक श्रेयस चौबे ने सभी विजयी छात्रों को उत्साहित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने पदक प्राप्त सभी छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनकी निखरी हुई प्रतिभा का आँकलन किया । क्रीडा जगत के प्रति ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास का एक प्रमुख अंग है । खेल से हमारा तन-मन दोनो स्वस्थय एवं पवित्र होता है । ध्यान इस बात का रहे कि खेल में अनुशासन अत्यन्त आवश्क है । प्रधानाचार्या जी ने सभी विजयी छात्रों को हार्दिक बाधाइयाँ दिया।

# पितरों को पिंडदान के लिए गया धाम के लिए हुए रवाना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ,प्रयागराज।** विकास खंड बहरिया के महुली और आदमपुर उपरौड़ा गांव से अपने पितरों को पिंडदान श्राद्ध के निमित्त गया धाम तीर्थ बिहार के लिए रवाना हुए। इस सिलसिले में आदमपुर उपरौड़ा गांव निवासी और ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र के पिता पूर्व ग्राम प्रधान हरिहर मिश्र अपने भाईयों के साथ पितरों को पिंडदान करने के लिए गया धाम तीर्थ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र, थानाध्यक्ष बहरिया योगेंद्र कुमार पटेल, श्रृंग्वेरपुर भाजपा मंडल प्रभारी राकेश शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत यादव, ग्राम प्रधान यासीनपुर उर्फ करनाईपुर वीरेंद्र प्रताप सिंह, मिझूरा प्रधान अरुण कुमार सिंह, पंकज मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में गया धाम तीर्थ रवाना होने से पूर्व महुली गांव निवासी डॉक्टर जेबी सिंह डीजे के साथ गांव में घूमते हुए



अक्षत बिखराया तथा अपने कुल देवता की पूजा की।

गया तीर्थ जाने वाले डॉक्टर जगत बहादुर सिंह और उनकी ऊषा सिंह पत्नी को डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए ग्रामीण और परिजनों ने गांव के अंतिम छोर तक जाकर विदा किया। इस मौके पर कुलगुरू शंभूनाथ शुक्ल, श्रृंग्वेरपुर भाजपा मंडल प्रभारी राकेश शुक्ल, तेरसा सिंह, राम बहादुर सिंह, उमाशंकर सिंह, हरिशंकर सिंह, अवधेश बहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह, राहुल सिंह, शोनू सिंह, अभय सिंह, जय सिंह, किरण सिंह, संगीता सिंह, पार्वती सिंह, दुर्गविजय सिंह, छोटेलाल सिंह, चंदन सिंह, पूर्व प्रधान मोहन लाल मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार अभईपुर गांव निवासी रामपाल यादव अपनी पत्नी के साथ पितरों को पिंडदान करने के निमित्त गया धाम तीर्थ बिहार के लिए रवाना हुए।

# बेहतर पुलिसिंग के लिए चौकीदारों को किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव,प्रयागराज।** उतराव थाने में बेहतर पुलिसिंग के लिए चौकीदारों को सम्मानित किया गया। उपहार पाकर चौकीदारों के चेहरे खिल उठे। उतराव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के निर्देशन में बुधवार को थाने में नियुक्त चौकीदारों को एक-एक टॉर्च देकर सम्मानित किया गया तथा बढ़ते हुए अपराध को देखते हुए हर गांव में नियुक्त चौकीदारों को रात में निगरानी रखने का निर्देश दिया।



किसी प्रकार की कोई घटना व अपराध को पुलिस तक सूचित करने के लिए तथा और बेहतर पुलिसिंग बनाने के लिए नियुक्त चौकीदारों को उप निरीक्षक अनिकेत सिंह, दीवान संतोष यादव, भानु चन्द्र शुक्ला सिपाही द्वारा दर्जनों से ज्यादा चौकीदारों को सम्मानित किया। वहीं उतराव पुलिस ने चौकीदारों द्वारा बेहतर पुलिसिंग को लेकर उनकी पीठ भी थपथपाई। ज्ञात हो की थाना क्षेत्र में लगभग हर गांव में चौकीदार नियुक्त किए गए हैं। जो पुलिस को सूचना व गांव में हो रहे अपराधों की जानकारी साझा करते है।

# डंपर से कुचलकर असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत

## सोराव थाना क्षेत्र के कुरगांव हाईवे पर हुआ हादसा

**सोरांव, प्रयागराज।** स्थानीय थाना क्षेत्र की कुरगांव स्थित हाईवे पर बुधवार की सुबह डंपर ने ओवरटेक करते हुए बाइक सवार प्रोफेसर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रोफेसर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से शव की पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि हंडिया थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी डॉ0 लक्ष्मीकांत मिश्र 40 वर्ष कौशांबी भरवारी स्थित मेहता कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त थे। बुधवार की सुबह वह घर से बाइक लेकर कॉलेज जा रहे थे। सुबह 9 बजे वह सोरांव थाना क्षेत्र के कुरगांव स्थित हंडिया कोखराज हाईवे पर पहुंचे ही थे कि पहले से खड़े डंपर को दूसरी डंपर ने ओवरटेक करते हुए लक्ष्मीकांत की बाइक में टक्कर मार दी। डंपर के नीचे चले जाने से दबकर मौत हो गई। सूचना पाकर सोरांव पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की जेब में मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी शिनाख्त की और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# गर्भवती महिलाओं की पोषण मेले में की गई गोदभराई



**बहरिया , प्रयागराज।** आकांक्षात्मक विकास खण्ड बहरिया में बुधवार को नीति आयोग के अन्तर्गत निर्धारित ÷संकल्प सप्ताह÷ के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विकास खंड के ग्राम पंचायत सरायगनी सहित अन्य केंद्रो पर पोषण मेला का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सरायगनी में सीडीपीओ विनोद कुमार, सीएम फेलो डॉक्टर अर्चना और सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार पाल की मौजूदगी में सबकी आकांक्षाये सबका विकास कार्यक्रम के तहत पोषण मेले में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, अन्नप्राशन, बच्चों की वृद्धि, निगरानी व गर्भवती महिलाओं का वजन संतुलित आहार आदि विषय पर चर्चा की गई।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जन समुदाय के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य कैसे अच्छा हो, से सम्बन्धित जन जागरूकता फैलाने संकल्प किया गया। इस मौके पर एडीओ एसटी रविकांत त्रिपाठी, अर्पणा मिश्रा, मीनाक्षी मेटवाल, कुसुम, नूरजहां, ग्राम प्रधान मलिक जुबैर मलिक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हनुमानगंज , प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के रुद्र अपार्टमेंट के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर लग जाने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीरावस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुगरसन गांव निवासी शोभनाथ 25 वर्ष पुत्र मनीलाल बिंद के पिता की मौत 2 सप्ताह पूर्व हो गई थी। बुधवार को वह जरूरी काम से शहर गया हुआ था वापस लौटते समय रूद्र अपार्टमेंट के समीप अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह छिटक कर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार दुर्घटना कारित करने के बाद अपार्टमेंट के अंदर चली गई और वहां पर खड़े गार्ड ने कार के अंदर आते ही तुरंत गेट बंद कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा में भर्ती कराया गया।

# शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखो रुपए का सामान जलकर राख

**सहसों,प्रयागराज।** सहसों बाईपास स्थित इंदिरा मोबाइल शॉप पर रात में शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण लगभग 10 लाख रुपए तक मोबाइल व एसेसरीज, लैपटॉप आदि जलकर राख हो गया।दुकानदार जितेंद्र कुमार ने बताया कि 45 एंड्राइड नई मोबाइल, 5 लैपटॉप, सीरीज आदि मिलाकर लगभग 10 लख रुपए तक के सामान जलकर खाक हो गए।मंगलवार की रात दुकानदार इनयतापुर गांव निवासी जितेनन्द कुमार दुकान बंद करके घर सोने चला गया। सहसों बाईपास के समीप बुधवार भोर में गोमती में चाय पान की दुकान रखे दुकानदार ने दुकान में से धुआं उठता देख तत्काल आसपास के लोगों सहित दुकानदार को फोन करके बुलाया। मौके पर पहुंचे दुकानदार सहित अन्य लोगों ने समरसेबल चलिकर पानी से दुकान का पूरी तरह गर्म सटर को ठंडा किया तथा जाली से दुकान के आन्दर पानी डालकर आग पर काबू पाया। तत्पश्चात दुकानदार ने दुकान खोलकर अंदर देखा तो लाखों रुपए के मोबाइल एसेसरीज जलकर जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस जांच पड़ताल कर लौट गई।

# आपराधिकता जुड़ी होगी तो सांसदों को मिली मुकदमे से छूट पर विचार करेंगे, कोर्ट की अहम टिप्पणी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी में कहा है कि अगर मामले में आपराधिकता जुड़ी है को कानून निर्माताओं को मिली कानूनी छूट पर विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांसदों-विधायकों को मुकदमे से छूट देने वाले 1998 के आदेश की समीक्षा की जाएगी। बता दें कि 1998 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत सांसदों और विधायकों पर संसद और विधानसभाओं में भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने जैसे मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें इस बात पर विचार करना होगा कि अगर मामले में आपराधिकता जुड़ी है तो क्या तब भी सांसदों-विधायकों को विशेषाधिकार का फायदा दिया जाए या नहीं। पीठ ने 1998 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि यह माना कि आपराधिकता के बावजूद कानून निर्माताओं को छूट मिली हुई है। मुख्य न्यायाधीश के अलावा इस संविधान पीठ में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। बीती 20 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले की समीक्षा के लिए संविधान पीठ का गठन किया था। संविधान पीठ ने इस मामले पर आज सुनवाई की।

बता दें कि झामुमो प्रमुख और पूर्व सीएम शिबू सोरेन, उनकी बहू सीता सोरेने समेत पार्टी के चार सांसदों पर आरोप लगा था कि 2012 में राज्यसभा चुनाव के दौरान एक विशेष उम्मीदवार को वोट देने के लिए उन्होंने रिश्वत ली थी। इस पर सीबीआई ने सोरेन और उनकी पार्टी के सांसदों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर सीता सोरेन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर कहा कि संवैधानिक प्रावधान सांसदों को इन मामलों में मुकदमे से छूट देते हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले को रद्द कर दिया था।

### क्या है 1998 का फैसला

उल्लेखनीय है कि साल 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में फैसला देते हुए कहा था कि सांसदों-विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत आपराधिक मामलों में छूट मिली हुई है, जिसके तहत सदन में पैसों के बदले सदन में भाषण देने और वोट देने के मामले में उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अनुच्छेद 105(2) कहता है कि संसद का कोई भी सदस्य सदन में किसी भी भाषण या वोट देने के लिए अदालत की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अनुच्छेद 194 के तहत ऐसी ही सुविधा विधानसभा के लिए दी गई है।

## संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस के निलंबन पर इलाहाबाद उच्च न्यायालयने लगायी रोक

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने आज (4 अक्टूबर) उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें अमेठी के संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने कहा कि अस्पताल के खिलाफ जांच जारी रहेगी। पीठ ने राज्य को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को भी कहा। ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत के कुछ दिनों बाद 18 सितंबर को अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। संजय गांधी अस्पताल का संचालन कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा उसके सदस्य हैं।संजय गांधी अस्पताल की सभी सेवाओं पर रोक लगाए जाने के खिलाफ 400 से अधिक कर्मचारियों का धरना भी देखने को मिला। राम शाहपुर गांव की रहने वाली 22 वर्षीय दिव्या शुक्ला की मौत की जांच के बाद 17 सितंबर को अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और इसके बाह्य रोगी विभाग व आपातकालीन सेवाओं पर रोक लगा दी थी। महिला रोगी को 14 सितंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके पति ने दावा किया था कि दिव्या के इलाज में लापरवाही की गई जिसकी वजह से अंततः उसकी मौत हो गई। विपक्षी दलों ने दावा किया था कि अमेठी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद स्मृति ईरानी ने अस्पताल बंद कराया है। भाजपा ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाया है, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने आंदोलकारी अस्पताल कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया है। स्वास्थ्य विभाग के फैसले के विरोध में भाजपा सांसद वरुण गांधी ने भी आवाज उठायी थी। वरुण गांधी ने लिखा कि सवाल संजय गांधी अस्पताल के 450 कर्मचारियों और उनके परिवार का ही नहीं, रोज सैकड़ों की संख्या में इलाज कराने वाले सूबे की आम जनता का भी है। उनकी पीड़ा के साथ न्याय 'मानवता की दृष्टि' ही कर सकती है, 'व्यवस्था का अहंकार' नहीं।

## नवीन पटनायक के इटली दौरे पर भाजपा ने उठाए सवाल, सीएम ने श्रद्धा के साथ जाने पर विधानसभा में दी सफाई



**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक जब वेटिकन सिटी गए तो उनके साथ श्रद्धा नाम की महिला भी थीं। खबरें सामने आने के बाद सीएम पटनायक से जुड़े कई सवाल पूछे जाने लगे। अटकलों पर विराम लगाते हुए नवीन पटनायक ने श्रद्धा पर बयान दिया है। उन्होंने इस महिला को फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल करार दिया। ओडिशा विधानसभा के पटल पर दिए एक बयान में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी दिवंगत बहन गीता मेहता ने श्रद्धा को उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए भेजा था। पटनायक के बयान के बाद श्रद्धा से जुड़ी अटकलों पर पूर्ण विराम लगने की पूरी उम्मीद है।

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता जयनारायण मिश्रा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक श्रद्धा को टूर कराने ले गए थे। ओडिशा विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष मिश्रा ने कहा, सीएम नवीन पटनायक ने श्रद्धा को घुमाने ले जाने का प्रयास किया। मिश्रा ने सवाल किया कि क्या सीएम नवीन पटनायक के बयानों की पुष्टि के लिए स्वर्ग जाकर गीता मेहता से पूछना होगा? उन्होंने पूछा कि श्रद्धा को गोवा से क्यों लाया गया? क्या ओडिशा में कोई फिजियोथेरेपिस्ट नहीं है?

### श्रद्धा वेटिकन सिटी किस हैसियत से गईं?

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष मिश्रा के अलावा भाजपा सांसद बसंत पांडा ने भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने पूछा, सीएम को बताना चाहिए कि श्रद्धा नाम की महिला कौन है और उसने किस हैसियत से मुख्यमंत्री के साथ वेटिकन सिटी का दौरा किया। इन दोनों के अलावा राजधानी भुवनेश्वर से निर्वाचित भाजपा की महिला सांसद अपराजिता सारंगी ने भी श्रद्धा को लेकर सवाल पूछे।

### सवाल पर भड़की बीजद ने भाजपा नेताओं को पागल बताया

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सारंगी ने लिखा, विपक्ष के नेता, जयनारायण मिश्रा और वरिष्ठ सांसद बसंत पांडा ने सीएम के साथ वेटिकन जाने वाली एक रहस्यमयी महिला के बारे में सवाल किया। सारंगी का आरोप है कि नवीन निवास तक श्रद्धा की निर्बाध पहुंच पर सवाल खड़े किए जाने पर सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रवक्ताओं ने भाजपा नेताओं को 'पागल' बताया!

### किसने चुनी फिजियोथेरेपिस्ट, क्या इलाज हो रहा है?

एक दूसरे एक्स पोस्ट में सारंगी ने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में श्रद्धा के नर्स या फिजियोथेरेपिस्ट होने की बात सामने आ रही है। अगगर ऐसा है तो ये और भी चिंताजनक है क्योंकि मुख्यमंत्री को किसी निजी और गुप्त इलाज के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने सवाल किया कि इस थेरेपिस्ट का चुनाव किसने किया और किस तरीके का इलाज किया जा रहा है?

### ओडिशा सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल

ओडिशा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए सारंगी ने एक और पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री पटनायक को एक डिजाइन के तहत राजनेताओं और नौकरशाहों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने पूछा कि चीफ सेक्रेटरी और विकास आयुक्तों के साथ सीएम ने व्यक्तिगत रूप से आखिरी बैठक कब की थी? मुख्यमंत्री को खुफिया सूचनाओं से जुड़ी अहम जानकारियां कौन भेज रहा है? क्या सीएम को जानकारी है कि ओडिशा में क्या हो रहा है? 147 सीटों वाली ओडिशा विधानसभा का समीकरण भी काफी दिलचस्प है। आंकड़ों के लिहाज से भले ही भाजपा की झोली में महज 23 सीटें हैं, लेकिन 110 सीटों वाली बीजद के खेमे में नवीन पटनायक के बाद उनके जैसे कद्दावर नेताओं का अभाव है।

## महीने पहले ही संजय सिंह कर चुके हैं ईडी का स्वागत, आप ने शेयर की फोटो

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर पर ईडी ने रेड मारी है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी सुबह-सुबह सिंह के घर पहुंचे और अभी वहीं पर मौजूद हैं। ईडी की कार्रवाई का विपक्ष ने जमकर विरोध किया है तो वहीं आम आदमी पार्टी ने एक्स पर संजय सिंह की एक फोटो शेयर की है। संजय सिंह ने महीनों पहले ईडी अधिकारियों के स्वागत के लिए अपने घर के बाहर पोस्टर लगाया था और अब आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स से फोटो शेयर करते हुए फायर इमोजी साझा की है। दिल्ली में आप सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को फरवरी में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। अब संजय सिंह पर कार्रवाई हो रही है।

## अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय का नया समन, रुजिरा को भी पूछताछ के लिए बुलाया



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को नया समन जारी किया है। अभिषेक की पत्नी रुजिरा को भी तलब किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि ईडी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में अभिषेक बनर्जी को बुलाया है। जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा को भी 11 अक्तूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में हमारे अधिकारी नौ अक्तूबर को अभिषेक और 11 अक्तूबर को उनकी पत्नी से पूछताछ करेंगे। दोनों को यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित हमारे कार्यालय में आने के लिए कहा गया है। इससे पहले ईडी ने इसी मामले में टीएमसी नेता के माता-पिता अमित और लता बनर्जी को इस सप्ताह अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया था।

### तीन अक्तूबर को भी बुलाया था

दरअसल, टीएमसी सांसद को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में तीन अक्तूबर को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। हालांकि, सरकारी योजनाओं के भुगतान को दिल्ली में पार्टी के विरोध-प्रदर्शन की वजह से अभिषेक ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें बुधवार को नया समन जारी किया।

### 13 सितंबर को अभिषेक से नौ घंटे हुई पूछताछ

इससे पहले 13 सितंबर को साल्टलेक में ईडी कार्यालय में अभिषेक से नौ घंटे तक लंबी पूछताछ की गई थी। ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें ईडी ने विपक्षी दलों की बैठक में जाने से रोकने के लिए यह दिन चुना। अभिषेक ने आरोप लगाया था कि ईडी और सीबीआई पिक एंड चूज के आधार पर मामलों को आगे बढ़ा रही हैं।

### अभिषेक के माता-पिता को भी किया था तलब

ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के माता-पिता को भी तलब किया था। भर्ती घोटाले से जुड़ी कंपनी लिप्स एंड बाउंड्स के निदेशक के तौर पर अभिषेक के पिता अमित बंद्योपाध्याय और माता लता बंद्योपाध्याय को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। बता दें कि इस कंपनी में अभिषेक बनर्जी सीईओ हैं। ईडी ने पिछले दिनों भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में कंपनी के कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया था तथा कई अहम दस्तावेज बरामद किए थे।

## 'मैंने बच्चा खो दिया, पत्नी डॉक्टर की लापरवाही की वजह से परेशान', शख्स का दावा

**मुंबई।** नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 48 घंटों में 31 मरीजों की जान जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले में जमकर राजनीति हो रही है। इस बीच एक व्यक्ति ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि उसके नवजात बच्चे की जान चली गई और उसकी पत्नी डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से परेशान है। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नागेश सोलंके ने दावा किया कि मेरे बच्चे का वजन कम नहीं था और वह बिल्कुल ठीक था। पता नहीं मेरे बच्चे को क्या हुआ जो अब नहीं रहा। मैंने अपना बच्चा खो दिया, सीजेरियन सेक्शन के कारण मेरी पत्नी की सेहत पर बुरा असर पड़ा। मैंने अपना सब कुछ खो दिया। सोलंके ने बताया कि नांदेड़ के एक निजी अस्पताल में पत्नी की सीजेरियन सेक्शन प्रक्रिया हुई। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने दावा किया कि बच्चा ठीक है।

## सिक्किम में बादल नहीं, ग्लेशियर से बनी झील फटने से तबाही, केदारनाथ-चमोली में इसी से मचा था हाहाकार

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट के राज्य सिक्किम में बीती रात आई बाढ़ से तबाही और हुए भारी नुकसान के पीछे जो जानकारी अब तक सामने आ रहा है वह यही है कि उसे इलाके में बादल फट गया और इतनी बड़ी तबाही मच गई। हालांकि, हकीकत में इस तबाही के पीछे बादल का फटना नहीं है।

मौसम विभाग के मुताबिक, सिक्किम में जो तबाही आई है वह इस इलाके में ग्लेशियर के निचले इलाकों में ग्लेशियर के पिघले पानी से बनी झीलों के फटने से हुई है। वैज्ञानिकों की भाषा में इसको 'ग्लेशियल लेक आउट बर्स्ट फ्लड' (GLOF) कहते हैं। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जिस तरह से ग्लेशियर के निचले इलाकों में ऐसी झीलें बनी हैं, वह इस तरह की आने वाले समय में और भी बड़ी आपदाएं पैदा कर सकती हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, जिस तरीके की घटना बीती रात सिक्किम में ग्लेशियल लेक के फटने की हुई है। ठीक उसी तरीके की घटना उत्तराखंड के चमोली में भी हुई थी। इसके अलावा 2013 में केदारनाथ त्रासदी के पीछे भी एक बड़ी वजह ग्लेशियल झीलों का फटना ही था। वही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से इस तरह की खतरनाक झीलों की पहचान और उनकी मैपिंग करने तथा उनके फटने से होने वाली तबाही से बचने के लिए न सिर्फ दिशा निर्देश जारी किया बल्कि इस पर लगातार काम हो रहे हैं।

केंद्रीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अमर उजाला डॉट कॉम को बताया कि सिक्किम में आई बाढ़ और मची तबाही किसी बादल के फटने से नहीं हुई है। उनका कहना है कि इस बाढ़ की वजह ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड है। वह कहते हैं कि यह वह लेक होती हैं जो हिमालयन रीजन खास तौर से सिक्किम और लद्दाख के इलाकों में ग्लेशियर के नीचे वाले हिस्से में उसके पिघलने वाले पानी से बड़ी लेक के तौर पर तैयार हो जाती है। इन लेक में पानी बहुत ज्यादा जमा होता है और जब कभी यह पानी का जमाव फ्लड के रूप में अपनी सभी सीमाएं तोड़ देता है तो सिक्किम में जिस तरीके की रात को बाढ़ आई है वैसी ही तबाहियां भी मचाती है। सिक्किम के इलाके में ऐसे जिलों पर नजर रखने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि जब भी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड आता है तो वह अचानक ही होता है और एक तरह के अपने बांध की संरचना को तोड़कर के समूचे इलाके को खतरे में डाल देता है।

फिलहाल अभी तक जिस तरीके की जानकारियां सामने मिल रही है। उसके मुताबिक चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नीचे की ओर 15-20 फीट की ऊंचाई तक जल स्तर अचानक बढ़ गया। इससे सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन प्रभावित हो गए हैं। 23 जवानों के लापता होने की सूचना है और कुछ वाहनों के कीचड़ में डूबे होने की खबर है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र कहते हैं कि अभी भी जिस तरीके की जानकारी यहां से मिल रही है वह यही है कि वहां पर बादल फटने की वजह से और बांध से पानी छोड़े जाने की वजह के चलते ही लोगों की जुबान पर है।हालांकि उनका कहना है कि ऐसे मामले में जिम्मेदार एजेंसियां लगातार मदद के लिए वहां पर मौजूद हैं। वह कहते हैं जिस तरीके से ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट हुआ और उसका पानी इतनी तीव्रता के साथ आगे बढ़ा की मौजूद बांध को अगर ना खोला जाता तो और भारी तबाही की संभावना बन सकती थी। वहीं अब तक की मिली जानकारी के मुताबिक सिक्किम में तबाही की खबरें आ रही है। उफनती तीस्ता नदी के कारण प्रमुख सड़कें और पुल बह गए हैं। इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-10 समेत प्रमुख सड़कें बह गईं हैं।

## 'पुडुचेरी समेत तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटें जीतेंगे', भाजपा से अलग होने के बाद पलानीस्वामी का दावा



**पुडुचेरी।** अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी पलानीस्वामी ने सलेम में पार्टी को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने अन्नाद्रमुक गठबंधन द्वारा पुडुचेरी समेत तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया है। भाजपा से अलग होने के फैसले पर भी पलानीस्वामी ने एक बड़ा बयान दिया है।

अन्नाद्रमुक ने 25 सितंबर को भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था। पार्टी यह कहकर अलग हुई कि भाजपा अन्नाद्रमुक के पूर्व नेताओं के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रही है। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने बताया कि भाजपा से चार साल पुराने गठबंधन को तोड़ने का फैसले अकेले का नहीं बल्कि दो करोड़ पार्टी कार्यकर्ताओं ने लिया है।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम भाजपा से नाता तोड़ने के अपने फैसले पर कायम हैं। भाजपा से नाता तोड़ने का फैसला किसी के दबाव में नहीं लिया गया है। कुछ घटनाएं हमारे कार्यकर्ताओं को आघात की है।' बता दें कि अन्नाद्रमुक ने 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान सहयोगी के रूप में भाजपा के साथ गठबंधन किया था।

इंडिया गठबंधन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अभी पूरी तरह से नहीं बन पाई है। उन्होंने तमिलनाडु सीएम पर निशाना साधते हुए उन्हें इंडिया गठबंधन में शामिल होने से पहले कावेरी जल बंटवारा मुद्दे पर ध्यान देने की नसीहत दी है।

## भारतीय वायु सेना को मिला एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट, आईएएफ चीफ चौधरी ने कही यह बात



**बेंगलुरु।** आज वायु सेना को एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट मिला है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को बंगलूरू में एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंपा।

आईएएफ के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बताया कि तेजस फाइटर जेट के एलसीए मार्क 1A की 83 खेप के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। चौधरी ने कहा, 'हमने 83 एलसीए मार्क 1ए के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। हम ऐसे ही 97 और विमान चाहते हैं। इससे हमारे पास इसके 220 विमान हो जाएंगे।' उन्होंने कहा कि एलसीए के इतनी संख्या में शामिल होना देश के लिए गर्व की बात है। अगले दो सालों तक मिग-21 लड़ाकू विमानों को बेड़े से बाहर कर दिया जाएगा।

### आज का दिन एतिहासिक

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा, 'आज एक एतिहासिक दिन है। मुझे एचएएल में होने और यहां किए गए सभी समझौतों को देखने पर बहुत गर्व होता है। हमने पहला एलसीए ट्विन-सीटर आईएएफ को सौंप दिया है।' उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले हम दूसरे देशों पर लड़ाकू विमानों के लिए निर्भर थे।

भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि भारत हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करे। हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आज HAL ने एक इतिहास रचा है। पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल में हम एक के बाद एक सीढ़ी चढ़ते जा रहे हैं। एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट आज राष्ट्र को समर्पित हुआ है। यह एक एतिहासिक दिन है, इसे भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे ही और 18 राष्ट्र को मिलने वाले हैं।

### तेजस के LCA Mk-1A की खासियत जानिए

यह तेजस विमान का अपग्रेडेड वर्जन है। इसमें कई आधुनिक उपकरण लगे हैं। रडार वॉर्निंग रिसीवर, आत्मरक्षा के लिए जैमर पॉड सहित और भी कई खासियतें हैं। यह विमान हवा से हवा, हवा से सतह पर मार करने के लिए सबसे सटीक हथियार है। यह विमान वजन में भी हल्का है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ही बनाएगा। यह अपनी श्रेणी का सबसे हल्का और सबसे छोटा बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है।

### दिल्ली में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी आयोजित

वहीं दूसरी ओर दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें भारतीय सेना के हथियारों का जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है। गुरुत्वा सिस्टम के अक्षय जैन ने बताया कि द्रोणाम काउंटर-ड्रोन सिस्टम को नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की स्वावलंबन 2023 प्रदर्शनी में रखा जाएगा। भारतीय वायु सेना ने बड़ी संख्या में इसके लिए ऑर्डर दिया है। उन्होंने बताया कि इन्हें भारतीय वायु सेना द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन में भी तैनात किया गया था। यह पूरी तरह से स्वदेशी है और 2021 में आईडीईएक्स प्रतियोगिता जीती है। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नौसेना ने एक एंटी-स्वार्म ड्रोन 30 मिमी गोला-बारूद विकसित किया है, जो दुश्मनों के सैकड़ों ड्रोन से बचाने में मदद करेगा। 30 एमएम बारूद का इस्तेमाल एके-630 हथियारों में किया जाता है। गोला-बारूद को पुणे में एक रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ साझेदारी में तैयार किया गया है और आज भारत मंडपम में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

## डायरेक्टर कैल ब्रंकर ने बताया कि पॉ पेट्रोल-द माइटी मूवी आखिरकार अपने पिछले अध्याय से कैसे अलग है

**मुंबई।** जब एडवेंचर सिटी में एक जादुई उल्का पिंड दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, तो इसकी वजह से पॉ पेट्रोल पप्स (कुत्ते के बच्चों) को महाशक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे बेहद शक्तिशाली बन जाते हैं। ये नई शक्तियाँ टीम की सबसे छोटी सदस्य स्काई का सपना साकार करने की वजह बन जाती हैं। हालाँकि, स्थिति तब एक अंधकारमय मोड़ ले लेती है, जब पप्स का कट्टर विरोधी मेयर हमडिंगर जेल से भाग जाता है और विक्टोरिया वेंस के साथ सेना में शामिल हो जाता है। विक्टोरिया वेंस एक वैज्ञानिक है, जिसमें उल्का के लिए खासा जुनून है। वह पप्स की महाशक्तियों को चुराकर खलनायक बन जाती है। पैरामाउंट पिक्चर्स और वायाकॉम 18 स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, 'पॉ पेट्रोलः द माइटी मूवी' 13 अक्टूबर को पूरे भारत में अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

डायरेक्टर कैल ब्रंकर, पहली फिल्म के बाद इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए दमदार वापसी कर रहे हैं। उक्त प्रोजेक्ट पॉ पेट्रोल की आगे की कहानी की पेशकश करने पर आधारित है। ब्रंकर और इस प्रोजेक्ट की रचनात्मक टीम का लक्ष्य प्रत्येक पप को सुपरहीरो की अद्वितीय शक्तियों से लैस करना था, ऐसी शक्तियाँ, जो उनके व्यक्तित्व से मेल खाती हों। इसके अतिरिक्त, इस मूवी में देखे जाने वाले माइटी पप्स के व्हीकल्स को एक नए अंदाज़ में देखा जा सकेगा। इन व्हीकल्स में पलक झपकते ही शीर्ष गति तक पहुँचने की शक्ति है, जो फिल्म के एक्शन को सातवें आसमान पर पहुँचाने का काम करते हैं। ब्रंकर कहते हैं, ₹हम कुछ ऐसी सुपरहीरो शक्तियों की तलाश कर रहे थे, जो पप्स के लिए व्यक्तिगत रूप से शामिल हों।₹ उन्होंने नए नामित माइटी पप्स व्हीकल्स पर बातचीत करते हुए बताया कि इस फिल्म में पेश किए गए व्हीकल्स एक अन्य टर्बो-चार्ज एलिमेंट के रूप में, एक सेकंड के एक अंश में शीर्ष गति पकड़ सकते हैं। वे आगे कहते हैं, ₹फिल्म में हमने ताकतवर पप्स के लिए नए व्हीकल्स को शामिल किया है। पप्स द्वारा चलाए जाने वाले ये व्हीकल्स भविष्य की भावना, नए रंगों और अविश्वसनीय कार्यक्षमता के साथ उनकी महाशक्तियों के पूरक हैं। उनके नए सुपरहीरो सूट के माध्यम से जैसे ही पप्स की शक्तियाँ बढ़ती हैं, उसके बाद वे व्हीकल पर अपना हाथ पटक सकते हैं, शक्ति स्थानांतरित कर सकते हैं और अपनी राइड को जीवंत रूप दे सकते हैं।'

फिल्म के पैमाने को अपनाते हुए, ब्रंकर बताते हैं, 'फिल्म की कहानी वास्तव में कई स्तर आगे है। सुपरहीरो कहानी बनाने का सबसे रोमांचक हिस्सा यह है कि इसने हमें बड़े एक्शन और विज़ुअल को लेकर अधिक उत्साह को शामिल करने की अनुमति प्रदान की है।'

# नशेड़ी भाई ही निकाला भाई का कातिल

## भयंकर शराब के नशे में डंडों से पीट पीट कर की थी भाई की निर्मम हत्या, भेजा गया जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के डीली गिरधर पूरे प्रकाश गांव निवासी 38 वर्षीय अखिलेश सिंह पुत्र हरिहर सिंह सिंह की निर्मम हत्या का खुलासा इनायत नगर पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने सगे भाई की हत्या करने वाले भयंकर शराब के नशेड़ी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने गिरफ्तार किए गए हत्यारे भाई के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा और बल्ली भी बरामद कर लिया है।



बताते चलें कि पूरे प्रकाश गांव में बीते मंगलवार की दोपहर करीब 12:30 बजे 38 वर्षीय अखिलेश सिंह का लहू लुहान शव घर में ही चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ पाया गया था। मृतक के शरीर में कई जगहों पर गंभीर चोट के निशान भी बने हुए थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने घटनाक्रम की बारीकियों से निरीक्षण किया था और हुए घटना में प्रयुक्त लाठी व बल्ली को अपने कब्जे में लेते हुए मृतक अखिलेश के शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। पुलिस ने प्रथम प्रथम दृष्टया मृतक के छोटे नशेड़ी भाई दिनेश सिंह को तत्काल मौके से ही हिरासत में ले लिया था और कड़ी पूछताछ में जुट गई थी। घटना की जानकारी के बाद मायके से अपने घर पहुंची मृतक अखिलेश सिंह की मां मालती सिंह ने अपने सगे मंझले बेटे दिनेश सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु पुलिस को तहरीर दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिए गए नशेड़ी युवक से पूछताछ कि जहां युवक ने अपना जुर्म कबूल करते हुए घटना की सारी कड़ियां एक-एक कर बयां कर दी। दिनेश सिंह से पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी दिनेश सिंह ने बताया कि हम दोनों भाईयों ने शराब पी थी और शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज होने लगी थी। मुझे गुस्सा आ गया तभी मैंने अपने भाई अखिलेश सिंह को लाठी व लकड़ी की बल्ली से मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अपने सगे भाई को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी दिनेश सिंह को थाना क्षेत्र स्थित सिद्ध नाथन मंदिर के पास से गिरफ्तार किए जाने का दावा कर रही है। मौजूद है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक अखिलेश सिंह की मां की तहरीर पर सगे भाई दिनेश सिंह पर गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय पेश कर दिया गया जहां न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

# वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्रतियोगिता से हमें अपनी कमियों का पता चलता है : लल्लू सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सांसद मेधा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड मिल्कीपुर में आयोजित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों छात्र- छात्राओं को सांसद लल्लू सिंह व आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया।बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता हमें सफलता के पथ पर अग्रसर करती है। वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में प्रतियोगिता से हमें अपनी कमियों का पता चलता है। जिसे दूर कर हम अपने व्यक्तित्व विकास में निखार ला सकते है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से मन में आत्मविश्वास बढ़ता है। आत्मविश्वास ही व्यक्तित्व विकास की सीढ़ी है।




इस दौरान अयोजित प्रतियोगिताओं में चित्रकला प्रतियोगिता में अनुभव कुमार मिश्र प्रथम, हर्षवर्धन द्वितीय तथा सदापरवीन तीसरे स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में पुष्पांजलि पाण्डेय प्रथम, रामानंद मिश्र द्वितीय, रौनक तृतीय कविता प्रतियोगिता में स्वास्तिक दुबे प्रथम सुनेहा द्वितीय व अमन तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में अनुभव कुमार मिश्र व स्वास्तिक दुबे पू.मा.वि. टिकरा प्रथम पू.मा.वि. कहुआ द्वितीय तथा प्रा. वि. सिरसिर तीसरे सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिल्कीपुर प्रथम कम्पोजिट विद्यालय किनौली द्वितीय तथा कम्पोजिट विद्यालय सिरसिर तीसरे स्थान पर रहा है।इस दौरान ब्लाक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सहित संचालन समिति के सदस्य, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीनों पर दबंग कर रहे अवैध कब्जा, प्रशासन मूकदर्शक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कर्नलगंज, गोण्डा।** तहसील व कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र में भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीनों पर दबंगई के बल पर अवैध कब्जेदारी का कार्य तेजी से फल फूल रहा है। इसकी सूचना तहसील से लेकर जिले के अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जूं तक नही रेंग रही है और भू-माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। आपको बता दें कि वर्तमान उपजिलाधिकारी विशाल कुमार के आदेशों का असर जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों पर नहीं दिख रहा है या वह किसी मोह माया के जाल से कार्यवाही करने से पीछे हट रहे हैं। पूरा मामला तहसील कर्नलगंज क्षेत्र से जुड़ा है। यहां तहसील मुख्यालय व कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर कर्नलगंज से गोंडा रोड पर पावर हाउस के पास गाटा संख्या 469 स जलमग्न भूमि व लोक निर्माण विभाग की सरकारी भूमि है, जिस पर और कर्नलगंज बस स्टॉप से कटरा रोड पर गाटा संख्या 373 जलमग्न जमीन जो ताल हाजा के नाम से पूर्व में कागजातों में दर्ज थी जिसकी हेरा फेरी करके उसे अपने नाम करवाकर तेजी से अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसकी सूचना तहसील से लेकर जिला प्रशासन को दी गई है लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। आपको बता दें कि इस जमीन पर पूर्व में किए जा रहे अवैध कब्जे के संबंध में तत्कालीन उपजिलाधिकारी हीरालाल द्वारा भू माफियाओं के ऊपर कार्यवाही की जा चुकी है, जिसमे कर्नलगंज बस स्टाफ से कटरा रोड पर जो गाटा संख्या 373 ताल हाजा के नाम से जमीन दर्ज थी,उस पर उपजिलाधिकारी हीरालाल द्वारा कार्यवाही करने के बाद भी अवैध निर्माण कार्य चोरी से चलने पर एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार को खबर कवरेज करने के दौरान गाली-गलौज के बाद मारपीट पर उतारू होने पर थाने में दिनांक 5 फरवरी 2023 को सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था जो यूपी काप एप पर देखा जा सकता है वहीं गोंडा लखनऊ रोड पर गाटा संख्या 469 स सरकारी भूमि पर भी पूर्व उपजिलाधिकारी द्वारा कई बार कार्य को रोकवाया गया और अंत में मुकदमा दर्ज करवाना पड़ा। इस तरह से देखा जा सकता है कि जमीन सरकारी थी। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि अगर जमीन सरकारी नही थी तो तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा काम को रोकवाया क्यों गया और अगर जमीन पर मालिकाना हक निर्माणकर्ताओं का है तो निर्माण कार्य में बाधा डालने के नाम पर उपजिलाधिकारी हीरालाल के ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए और अगर सरकारी जमीन है तो जिम्मेदार उपजिलाधिकारी सहित सभी अधिकारी,कर्मचारी और भू माफियाओं पर कार्यवाही करनी चाहिए। इस संबंध में वार्ता करने हेतु उपजिलाधिकारी विशाल कुमार से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

### दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए 25 हजार वालंटियर्स लगाये जायेंगे

**अयोध्या।** कुलपति प्रो गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए वालंटियर्स द्वारा 24 लाख दीये राम की पैड़ी सहित 50 घाटों पर बिछाये जाएंगे। 20 अक्टूबर तक दीये एवं अन्य सामग्री को संग्रहित कर लिया जाएगा। इसके लिए राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह घाटों पर पांच स्टोर बनाये गये हैं। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो एस एस मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए 25 हजार वालंटियर्स लगाये जाएंगे। इनकी सूची लगभग बन गई है। 8 नवम्बर को चिह्नित स्थानों पर दीये बिछाने का कार्य शुरू हो जायेगा। इस बार 24 लाख दीपों में करीब एक लाख लीटर सरसों तेल से दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। निरीक्षण के समय कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, प्रो शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर लटक रही बर्खास्तगी की तलवार

## 28 वर्ष से सीएचसी मिल्कीपुर पर नियुक्त है फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्त है स्वास्थ्य पर्यवेक्षक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में 28 वर्ष से एक ही स्थान पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे डीपी यादव के फर्जीवाड़े की फेहरिस्त लगातार बढ़ती ही जा रही है। पहले फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी और अब महानिदेशक की ओर से कराई गई जांच में फर्जी नियुक्ति की रिपोर्ट आने के बाद डीपी यादव पर संकट के बदले गहराते ही जा रहे हैं।




बताते चलें कि उसकी नियुक्ति को लेकर अयोध्या जनपद के विकास खण्ड अमानीगंज निवासी विपिन कुमार शुक्ला ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। जिसमें महानिदेशक परिवार कल्याण को भी पार्टी बनाया गया है। न्यायालय ने महानिदेशक से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव की नियुक्ति के बारे में जानकारी मांगी थी। जानकारी प्राप्त करने के लिए महानिदेशक ने अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल को जांच कराकर रिपोर्ट देने के लिए कहा था। सीएमओ की ओर से गठित की गई तीन सदस्य टीम ने जांच रिपोर्ट में लीपा पोती कर महानिदेशक के यहां रिपोर्ट भेज दी। जिससे महानिदेशक संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने प्रथम नियुक्ति बताए जाने वाले जनपद हमीरपुर के सीएमओ से जांच रिपोर्ट तलब की।

सीएमओ हमीरपुर ने स्वास्थ्य पर्यवेक्षक डीपी यादव के द्वारा बताए जाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला ,जहां नियुक्ति बताई जा रही है ,पर जांच कराई तो उनको वहां पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति से संबंधित सेवा अभिलेख या व्यक्तिगत पत्रावली नहीं प्राप्त हुई। हालांकि वहां पर एक अप्रैल 1993 से एक दिसंबर 1994 तक वेतन लेने की बात जरूर सामने आई है। किंतु डीपी यादव की सेवा पुस्तिका में उसकी नियुक्ति 1990 में बताए जाने का कोई प्रमाण पत्र नहीं मिला है । यदि उसकी 1990 में नियुक्ति हुई थी तो उसे वेतन 1993 से कैसे जारी होना प्रारंभ हुआ। यह सवाल अब तक अनुत्तरित हैं । फिलहाल सीएमओ हमीरपुर ने महानिदेशक को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। जिसमें यह कहा है कि डीपी यादव की नियुक्ति से संबंधित सेवा अभिलेख व व्यक्तिगत पत्रावली इस जनपद में उपलब्ध नहीं है । ऐसे में एक बात फिर डीपी यादव की ओर से की गई जालसाजी से पर्दा उठता नजर आ रहा है। अब महानिदेशक को ही फैसला करना है कि न्यायालय को क्या जवाब दिया जाएगा। डीपी यादव के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पर बर्खास्तगी की तलवार लटकती नजर आ रही है। सीएमओ अयोध्या डा संजय जैन का कहना है कि निर्णय महानिदेशक वह उच्च न्यायालय को करना है।हम इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कह सकते।

# कांशीराम जी ने आजीवन पूरे देश में संघर्ष किया उनके संघर्ष को बहुजन समाज कभी भूल नहीं पाएगा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जाना बाजार - अयोध्या।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बामसेफ डीस-4 बीएसपी के जन्मदाता मान्यवर कांशीराम का 17वां परिनिर्माण दिवस श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता 09 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रातः 9:00 बजे मान्यवर कांशीराम जी स्मारक स्थल लखनऊ के मैदान में पहुछेंगे इसकी तैयारी के लिए बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के पदाधिकारीओ कार्यकर्ताओं की बैठक जाना बाजार में संपन्न हुआ बैठक को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि ऊपेक्षित कमजोर वर्गों के अंदर राजनीतिक चेतना पैदा करके बहुजन समाज पार्टी ने अल्प समय में देश की तीसरे नंबर के राष्ट्रीय पार्टी बनकर के पूरे देश के दलितओ शोषितोंओ पिछड़ोंओ मजलूमों गरीबों का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया इसके लिए मान्यवर कांशीराम ने आजीवन पूरे देश में संघर्ष किया उनके संघर्ष को बहुजन समाज कभी भूल नहीं पाएगा उन्हीं के बदौलत आज पूरे देश में बहुजन समाज में अवतरित संतो गुरुओ महापुरुषों के के विचारों पर चलकर बहुजन समाज पार्टी आने वाले समय में इस देश का हुक्मरान बनकर भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से लागू करने हेतु अनवरत संघर्ष कर रही है बहुजन समाज पार्टी के प्रभारीश्री विमल ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज से सैकड़ो की संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचेंगे बैठक में विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के प्रभारी लल्लन पासवान विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र भारती जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद पूर्व ग्राम प्रधान पवन मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अंकुर सिंह पूरा ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष चुने गए

**पूरा बाजार- अयोध्या।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन अयोध्या के ब्लॉक इकाई पूरा बाजार की एक बैठक ब्लॉक हाल मे आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अनिल तिवारी व संचालन शिवकुमार यादव ने किया शिवकुमार यादव ने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के अस्वस्थता के कारण यह निर्णय लिया गया है कि अभिषेक सिंह उर्फ अंकुर सिंह को पूरा बाजार का ब्लाक अध्यक्ष का दायित्व सौपा जाए जिसका समर्थन राजेश कोरी अनूप कुमार वर्मा उदल यादव लल्लन प्रसाद राम तेज कोरी सहित अन्य प्रधानों ने किया। ब्लाक महासचिव अनूप कुमार वर्मा ने कहा कि जिला व प्रदेश कार्यकारिणी को इस चुनाव के बारे में अवगत करा दिया जाएगा इस अवसर पर मौजूद प्रधानों में विजय रंजन राजेश कुमार कोरी रमेश सिंह रामतेज लाला सिंह अलाउद्दीन मोनू सिंह राजेश मौर्य राकेश सिंह प्रभावती राणा सिंह प्रहलाद वर्मा राम अवतार संगीता देवी अनीता सिंह ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष का समर्थन करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# सड़क दुर्घटना का कारण बनते है हाईवे पर मौजूद आवारा पशु

**» क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को मांग पत्र भी भेजा गया**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर- अयोध्या।** आवारा छुट्टा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के लिए तमाम दिक्कतें पैदा कर रहे हैं। कभी-कभी सड़क दुर्घटना का कारण भी बनते हैं और जानलेवा साबित होते हैं। बीकापुर के आसपास प्रयागराज हाईवे पर आवारा पशुओं का झुंड अक्सर लोगों के लिए सड़क दुर्घटना का कारण बनते हैं।



हाइवे पर आवारा पशु झुंड में अपना डेरा जमाए रहते हैं। ऐसा ही एक नजारा बुधवार को बीकापुर के समीप व्यस्ततम इलाका जलालपुर तिराहा प्रयागराज हाईवे पर देखने को मिला। प्रयागराज हाईवे आवारा पशुओं की शरणास्थली बना हुआ है। बुधवार को जलालपुर माफी में आवारा गोवंश पशुओं का झुंड काफी समय तक हाईवे पर मौजूद रहा लोगों को आवा गमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। तथा अवरोध बना रहा। प्रयागराज हाईवे पर आए दिन कई पशु भारी वाहनों की टक्कर से घायल होते रहते हैं। जिसको लेकर जिम्मेदार मौन रहते हैं। विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बीकापुर कस्बा में स्थित मिलिट्री ग्राउंड, तहसील परिसर, कोतवाली परिसर में भी आवारा पशु मौजूद रहते हैं। जिनसे लोगों को हमेशा खतरा बना रहता है। पिछले दिनों आवारा पशुओं की समस्या और ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे और पातुपुर गांव के ग्रामीणों द्वारा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करके उच्च अधिकारियों को मांग पत्र भी भेजा गया था। लेकिन अभी तक कोई पल नहीं हुई है। क्षेत्र के जागरूक लोगों कहना है कि आवारा पशुओं को गौशाला भेजे जाने की शासन की योजना पर सिर्फ खाना पूर्ति की जाती है धरातल पर कोई काम नहीं होता है।

# संजय सिंह के आवास पर ईडी के छापे के विरोध में आप का प्रदर्शन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** आप सांसद व यू पी प्रभारी संजय सिंह के दिल्ली आवास पर ई डी ने छापा मारा ,इस बात की जानकारी जैसे ही आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को हुई।इ सके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिलों में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में अयोध्या के गाँधी पार्क में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार केंद्र की एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है।पहले सांसद संजय सिंह को राज्यसभा से सस्पेंड किया और अब अनायास छापे डालकर परेशान कर रही है। पार्टी के किसी भी नेता के यहाँ से कुछ भी नही मिलता है इसके बावजूद सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस तरीके के छापो से कतई डरने वाले नही है। प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या शुभम श्रीवास्तव महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद सुफियान महासचिव सुनील मौर्य खेलकूद प्रकोष्ठ के महासचिव रितेश सिंह छात्र सभा के प्रदेश सचिव मोहित यूके द्विवेदी महाराज गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य गायत्री मिश्रा हर्षवर्धन कोरी सूरज प्रधान इंद्रजीत यादव बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अरविंद सेन शारजाह मास्टर नीलेश चतुर्वेदी हरिशंकर तिवारी आदि साथी प्रदर्शन में मौजूद थे।

# रामनगरी की प्राचीन विरासत गणेशकुंड को मिली नई पहचान, पौराणिक कुंड की लौटी रौनक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही राम नगरी मे वर्षो से उपेक्षित पड़े पौराणिक गणेश कुंड की रौनक एक बार फिर से लौटने लगी है। यहां अब एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटाने लगी है। पौराणिक गणेश कुंड का वजूद मिटने की कगार पर था। किंतु विकास प्राधिकरण की पहल पर आज वही कुंड आस्था व पर्यटन का केंद्र बन चुका है। विकास प्राधिकरण द्वारा इस कुंड का करीब एक करोड़ की लागत से सुंदरीकरण कराया गया है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर इस कुंड पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी है।



वर्षों से वीरान पड़े रामनगरी की प्राचीन विरासत गणेशकुंड को एक नई पहचान मिली है। कुंड करीब एक बीघा भर में फैले गड्ढे के रूप में था, लेकिन अब यह आकर्षण का केंद्र बन चुका है। एडवर्ड तीर्थ विवेचनी सभा ने 1902 में रामनगरी की 84 कोस की परिधि में जिन पौराणिक स्थलों को चिह्नित किया था। उनमें गणेश कुंड भी था। यहां कुंड के किनारे लगा शिलापट कुण्ड की पौराणिकता की सत्यता को प्रमाणित कर रहा है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कौशल्यानंदन ने बताया कि गणेश कुंड मणीपर्वत के दक्षिणभाग में स्थित हैं। अयोध्या का इतिहास विवेचित करते प्राचीन मणिपर्वत के दक्षिण गणेशकुंड का उल्लेख मिलता हैं। जहां पर माघ कृष्ण चतुर्थी को स्नान-पूजन का महत्व है। पूजन में ॐ नमः श्रीगणेशाय इस मंत्र का प्रयोग कर गणेश जी की स्तुति से मनोकामना पूरी होती है।

### पौराणिक कुंडों का कराया जा रहा है सौंदर्यीकरण

नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि अयोध्या को पौराणिक स्वरूप प्रदान करने में यहां के प्राचीन मंदिरों व कुण्डों का बड़ा महत्व है। इसे देखते हुए एक करोड़ की लागत से गणेश कुंड को उसके पौराणिक स्वरूप को लौटाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां गणेश चतुर्थी के दिन गणेश कुंड पर पूजन महाआरती की नई परंपरा शुरू हुई है। स्थानीय लोगों की एक समिति का गठन किया गया है। समिति के द्वारा हर रोज गणेश कुंड पर महाआरती का आयोजन कराती है। अयोध्या की पहचान से जुड़े कुंडों की पहचान लौटाने का काम किया जा रहा है। सभी कुंडों का सुंदरीकरण कराकर वहां पूजन आरती की व्यवस्था कराई जाएगी।

### आयोजित हुआ निशुल्क शिविर

**बीकापुर- अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के पातुपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर बुधवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर एवं आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर में ग्रामीणों ने अपनी आंखों का परीक्षण करवाया। और चिकित्सीय सलाह लिया। शिविर का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद ने किया। कैंप में करीब 46 नेत्र पीड़ितों का परीक्षण किया गया। जिसमें करीब 10 ग्रामीण मोतियाबिंद की बीमारी से पीड़ित पाए गए। उनका निशुल्क ऑपरेशन करवाने का परामर्श दिया गया। शिविर का आयोजन अयोध्या फेको स्वास्थ्य आई केंद्र द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में नेत्र सहायक डॉक्टर हर्षित तिवारी, कैंप ऑर्गेनाइजर अरुण कुमार सिंह ने आने वाले मरीजों को परीक्षण के दौरान आवश्यक परामर्श व दवाई वितरित की। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मरीजों का मोतियाबिंद हो जाने के कारण ऑपरेशन किया जाना है।

# टेस्ट राइड एवं माइलेज टेस्टिंग कैंप का हुआ आयोजन

**» स्प्लेंडर बाइक को छोड़कर सभी बाइकों पर पाए निश्चित उपहार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर अयोध्या।** बीकापुर कस्बा स्थित राधे ऑटो मोबाइल्स पर टेस्ट राइड एवं माइलेज टेस्टिंग कैंप का हुआ आयोजन। जिसका आयोजन राधे एजेंसी के मालिक मनीष तिवारी ने किया। श्री तिवारी ने बताया कि अपनी मनपसंद बाइक बुक करें और बुकिंग में स्प्लेंडर बाइक को छोड़कर सभी बाइकों पर पाए निश्चित उपहार व एक हजार रुपए की बम्पर छूट, उन्होंने बताया कि महालोन एवं एक्सचेंज मेला का भी लाभ ग्राहक उठा सकते हैं। सिर्फ आधार कार्ड लेकर आए और अपनी मनपसंद हीरो बाइक व स्कूटर ले जाएं। ऑनलाइन बुकिंग पर गाड़ी के दाम से दो प्रतिशत जमा करना होगा और आने वाले समय में बीकापुर क्षेत्र के आसपास सभी बाजारों में कैंप लगाकर सर्विस किया जाएगा। प्रबंधक मनीष तिवारी ने कैंप में आए हुए सभी सम्मानित लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर ट्रीरेट्री सर्विस ऑफीसर विमल प्रताप सिंह, मैनेजर विनोद पाल, प्रधान राकेश यादव, डा दिनेश तिवारी, अमित सिंह, जय प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र मे लगभग दस वर्ष से हीरो मोटर साइकिल के माध्यम से लोगों की सेवा करते रहने पर कम्पनी द्वारा गाड़ी की सर्विस, तरह - तरह की गारंटी - वारंटी की सुविधा मिलने से ग्राहकों को और सुविधा मिलना बताया है। मिलने वाली सुविधाओं के उदघाटन में उक्त प्रमुख लोगों के क्षेत्र के गड़मान्य लोग भारी संख्या में रहे है।

### पितरों को तर्पण देने के लिए यात्रा पर हुए रवाना

**बीकापुर- अयोध्या।** पितृपक्ष में पितरों को पिंडदान से तृप्त करने का सिलसिला जारी है। गाजा बाजा के साथ लोग अपने पितरों को पिंडदान करने के लिए धार्मिक स्थलों पर प्रस्थान कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीकापुर के ग्राम पंचायत पातु पर में बुधवार को गिरीश कुमार तिवारी, अशोक तिवारी तथा दयावती तिवारी पितरों को तर्पण देने के लिए यात्रा पर रवाना हुए। भरत कुंड में प्रथम पिंडदान देने के बाद अयोध्या एवं गया बेदी तक तीन स्थलों पर पिंडदान की प्रक्रिया से निवृत होकर करीब डेढ़ सप्ताह बाद घर वापस लौटेंगे। इस दौरान अक्षत छिड़काव कार्यक्रम पूरे गांव में भ्रमण करके किया गया। मान्यता है कि यात्रा पर निकलने से पहले कुल और वंश के सभी पितरों को गया बेदी आगमन का निमंत्रण देने के लिए अक्षत छिड़काव का रिवाज की धार्मिक मान्यता है। इस मौके पर बड़ी तादाद में ग्रामवासी मौजूद रहे। सनातन धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष में पिंडदान की प्रक्रिया करने से पूर्वजों को तृप्ति मिलती है।

# महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर सीएम योगी का खौफ

**नागेन्द्र सिंह**

**लखनऊ।** 6 वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं एवं बच्चियों से जुड़े अपराधों को कम करने, आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के जो प्रयास किए हैं, उसके चलते न सिर्फ प्रदेश में इन अपराधों में काफी कमी आई है बल्कि हैवानों को सजा दिलाने के लिए पीड़ितों के परिजन भी आगे आ रहे हैं। सीएम योगी के जगाए इस विश्वास के कारण न्याय की आस में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने खिलाफ होने वाले अपराधों की शिकायत करने में कोताही नहीं बरती। नतीजा ये रहा कि एक तरफ जहां प्रदेश के कुछ जिलों में मामलों में वृद्धि दर्ज की गयी है, वहीं पुलिस की चौकसी और मामलों के निस्तारण में तेजी के चलते प्रदेश भर में कुल मामलों में गिरावट भी दर्ज की गयी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, लव जिहाद, धर्म परिवर्तन को लेकर समीक्षा बैठक में हैवानों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही इन मामलों के मुकदमों को दर्ज करने में हीलाहवाली करने वालों पुलिसकर्मियों पर सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान महिला अपराध को लेकर सख्त कार्रवाई करने वाले टॉप 5 और खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम 5 की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गयी। यह रिपोर्ट इस साल जनवरी से लेकर अगस्त माह तक की है।

महिला अपराध संबंधी समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया गया कि प्रदेश में जनवरी से अगस्त तक दुष्कर्म के 1869 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 1359 मामलों में आरोप पत्र दाखिल कर दिये गये हैं जबकि 220 में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी है। वहीं 290 मामलों की विवेचना की जा रही है। योगी सरकार की ओर से बलात्कारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने से लोग आगे आकर मुकदमे दर्ज करा रहे हैं। इससे भले ही प्रदेश के कुछ जिलों में दुष्कर्म के दर्ज मामलों में वृद्धि हुई हो, लेकिन ओवरआल प्रदेश में रेप के मामलों में कमी दर्ज की गई है।

जागरूकता के चलते दुष्कर्म के मुकदमे पिछले आठ माह में फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर में ज्यादा दर्ज किए गऐ हैं। वहीं इन मामलों में संलिप्त कुल 2578 अभियुक्तों में से 2325 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की गयी। वहीं वांछित 253 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दुष्कर्म के मामलों में बड़ी कार्रवाई करने वालों में टॉप 5 जिलों में बदायूं, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा और संभल शामिल हैं जबकि प्रयागराज, शाहजहांपुर, बलरामपुर, कौशाम्बी और फतेहपुर का प्रदर्शन काफी खराब है। इसी तरह पॉक्सो एक्ट के 5957 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 4860 में आरोप पत्र दाखिल कर दिये गये हैं जबकि 373 में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गयी है। वहीं 724 मामले विचाराधीन हैं

सरकार की ओर से पॉक्सो एक्ट में सख्त कार्रवाई और जागरूकता का नतीजा है कि पहले जहां लोग इन मामलों को लोकलाज के चलते दर्ज नहीं कराते थे, वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में पॉक्सो एक्ट के मामले दर्ज कराने में वृद्धि हुई है। इन जिलों में तेजी के साथ इन मामलों को निपटाया भी जा रहा है। इन जिलों में अयोध्या, कौशांबी, अंबेडकरनगर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और झांसी शामिल हैं। उक्त मामलों में संलिप्त कुल 8699 अभियुक्तों में से 8009 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की गयी तथा 690 अभियुक्त वांछित हैं। पॉक्सो एक्ट के तहत रामपुर, झांसी, हरदोई, खीरी और सीतापुर ने तेजी से कार्रवाई कर प्रदेश भर में अच्छा प्रदर्शन किया है। उधर, औरैया, कमिश्नरेट प्रयागराज, कानपुर, कन्नौज और बहराइच का प्रदर्शन काफी खराब रहा है।

### अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने को आगे आ रहा पीड़ित परिवार

प्रदेश में पिछले आठ माह में शीलभंग के 6445 मुकदमे दर्ज किए गये, जिसमें से 4531 मामलों में आरोप पत्र एवं 596 में अंतिम रिपोर्ट लगायी जा चुकी है जबकि 1318 मामलों में विवेचना चल रही है। योगी सरकार के एक्शन और जागरूकता के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में शीलभंग के मुकदमों में वृद्धि दर्ज की गयी। इन जिलों में देवरिया, अंबेडकरनगर, मीरजापुर, फतेहगढ़ और कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर शामिल हैं।

# पार्क के झूले से लटका मिला 14 वर्षीय किशोर का शव, आत्महत्या की जताई जा रही आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम क्षेत्र के आकांक्षा परिसर पॉकेट 2 के पार्क के झूले पर दुप्पटे के सहारे 14 वर्षीय किशोर आरव सिंह का शव लटका मिला। आरव एक निजी स्कूल में कहा 9 का छात्र था। सुबह पार्क में टहलने आए एक अधिकारी ने किशोर को फांसी लटका देख परिजनों को सूचना दी।

जानकीपुरम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेंद्र सिंह ने बताया कि आलोक सिंह जानकीपुरम के आकांक्षा परिसर पॉकेट 2 में पिछले पांच साल से पत्नी हेमन सिंह, पुत्र आरव (14) व बेटी सोना (12) के साथ रहते है। आलोक सिंह सीपीडब्लूडी में एई हैं। उनका बेटा आरव सीएमएस अलीगंज में कक्षा 9 का छात्र है। इस समय स्कूल में परीक्षा चल रही है।

इंस्पेक्टर के मुताबिक सुबह कालोनी में रहने वाले एक अधिकारी कालोनी के पार्क में टहलने गए। जहां पार्क के एक झूले में आरव का शव दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। उन्होंने घटना की सूचना परिजनों को दी। बच्चे को देखकर घर में कोहराम मच गया। परिचितों के मुताबिक आरव पढ़ाई में अच्छा था लेकिन उसने सुसाइड क्यों किया, इसका अभी पता नहीं चल सका है।

# किसानों के हितों के ध्यान मे रखते हुए आलू बीज की विक्रय दरें निर्धारित : उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

**» किसान जनपदीय उद्यान अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर सकते हैं: उद्यान मंत्री**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने किसानों एवं आलू उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आलू बीज की विक्रय दरें निर्धारित कर दी है।

निर्धारित दरों के अनुसार आधारित प्रथम आलू 3325 रूपये प्रति कुंतल, आधारित द्वितीय आलू 2915 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित प्रथम) 2655 रूपये प्रति कुंतल, ओवर साइज (आधारित द्वितीय) 2600 रूपये प्रति कुंतल तथा आधारित प्रथम आलू (ट्रूथफुल) 2570 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। सफेद एवं लाल आलू प्रजातियों की विक्रय दरें एक समान है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि आलू बीज की गुववत्ता आदि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर कृषकों को आलू बीज उठाने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने निदेशक उद्यान को आलू बीज विक्रय व वितरण की कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराने के निर्देश दिये है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किसानों को नकद मूल्य पर आधारित प्रथम, द्वितीय तथा प्रमाणित आलू बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। इन दरों पर प्रदेश के कृषक अपने जनपदीय उद्यान अधिकारी से नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर आलू बीज का उत्पादन कर सकते हैं। यह आलू बीज आधारित प्रथम, आधारित द्वितीय तथा प्रमाणित श्रेणी का है, इससे आगामी वर्षों के लिए बीज तैयार किया जा सकता है। प्रदेश के किसान भाई अपने जनपद के उद्यान अधिकारी से मिलकर निर्धारित दरों पर आलू बीज प्राप्त कर अपने निजी प्रक्षेत्रों पर बीज उत्पादन कर सकते हैं।

उद्यान मंत्री ने राजकीय शीतगृह अलीगंज लखनऊ एवं मोदीपुरम, मेरठ से आलू बीज निकासी एवं जनपदों तक ढुलान व्यवस्था, नियंत्रण एवं आलू बीज के सड़न, संकुचन व सूखन के निर्धारण एवं नियंत्रण हेतु उप निदेशक उद्यान की अध्यक्षता में निगरानी समिति का गठन किया है। यह समितियां आलू बीज की छटाई, बिनाई एवं सुखाई के उपरान्त आलू बीज वितरण एवं निकासी के कार्यों हेतु उत्तरदायी होंगी।

राजकीय शीतगृह अलीगंज लखनऊ हेतु उप निदेशक उद्यान लखनऊ को अध्यक्ष, जिला उद्यान अधिकारी लखनऊ को सदस्य तथा आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, अलीगंज लखनऊ को सदस्य व सचिव बनाया गया है। इसी तरह राजकीय शीतगृह, मोदीपुरम, मेरठ हेतु उप निदेशक उद्यान मेरठ को अध्यक्ष, जिला उद्यान अधिकारी मेरठ को सदस्य तथा आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, मोदीपुरम मेरठ को सदस्य व सचिव बनाया गया है।

# कोरोना महामारी के बाद भाजपा सरकार संक्रमण और महामारी रोक पाने में असफल : अजय राय

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने पूरे प्रदेश में पैर फैलाती डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा की योगी आदित्यनाथ सरकार को घेरा है और कहा है कि कोरोना महामारी के बाद सरकार संक्रमण और महामारी रोक पाने में दोबारा असफल साबित हुई है, सरकार की नाकामी से प्रदेश वासियों की असमय जान जा रही है, जिसकी ज़म्मिदार सीधे योगी सरकार है। जमीनी स्थिति बद से बदतर हो चुकी है।

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में वायरल डेंगू जैसी भयानक बीमारियों से जनता पीड़ति है, अस्पताल भरे पड़े हैं और इन वायरल संक्रमित बीमारियों के लिए आवंटित आगे और छिड़काव के बजट में भ्रष्टाचार कर कागजी खाना पूर्ति की जा रही है। भयावह स्थित होने के बावजूद भी समाचार पत्रों में इन खबरों को प्रकाशित करने से रोका जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि कोरोना के बाद डेंगू महामारी दूसरी जानलेवा बीमारी सावित हो रही है। इससे जहाँ सरकार की उपेक्षा और अक्षमता के कारण लाखों लोग इसके शिकार हो रहे हैं वहीं हजारों की संख्या में लोगों की जाने जा रही हैं। इसको मौत कहने के बजाय हत्या कहना उचित लगता है। उन्होंने कहा कि जीवन व्यक्ति का मूल अधिकार है और उसका आधार है स्वास्थ्य, सरकार इसको देने में पूर्णतया असफल रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आखिर क्यों विभागीय अधिकारी रोजाना जारी होने वाले बुलेटिन सार्वजनिक क्यों नही कर रहे हैं, कारण स्पष्ट है- हकीकत को छुपाया जा रहा है, प्रदेश में 30 सितंबर तक सिर्फ़ सरकारी अस्पतालों में 17560 मरीज थे, उसके बाद के आंकड़े बंद कर दिए गए, प्राइवेट अस्पतालों के तो आंकड़े ही नही दिए जा रहे हैं। सरकार सिर्फ प्रचार में नंबर वन बनी हुई है और प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही है।

श्री अजय राय ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार स्मार्ट सिटी की बात करती है जिसमें कूड़ा प्रबंधन, जल निकासी, और साफ सफाई मुख्य घटक हैं लेकिन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 700 से ज्यादा मरीज भर्ती थे, जनपद हरदोई में 4998 मरीज भर्ती हुए इसके अलावा बहुत से जनपदों में जिला स्वास्थ्य अधिकारी सूचना का बुलेटिन भी बंद कर चुके हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी ने कहा भाजपा सरकार ने इस मौसमी संक्रमण और बीमारी से लड़ने की कोई तैयारी नही की। जबकि प्रतिवर्ष इस तरह के वायरल संक्रमण का खतरा रहता है लेकिन सरकार इससे निपटने की तैयारियों के प्रति गंभीर नही है। परिणाम स्वरूप लाखों लोग रहस्यमयी बुखार से असमय अपनी जान गवां बैठे हैं। सरकार आंकड़ों की बाजीगरी से इस पर पर्दा डालकर और अपनी नाकामी छिपा नही सकती। रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# पश्चिम को अलग राज्य बनाने की मांग पर मंत्रियों में असहमति

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने की मांग कर नया मुद्दा खड़ा कर दिया है। हालांकि भाजपा की ओर से इस पर कोई बयान नहीं आया है। मगर इस मांग पर मोदी सरकार के अन्य मंत्री ही सहमत नहीं है। वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी इसके खिलाफ हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाकर मेरठ को उसकी राजधानी बनाने की मांग उठाई है। बालियान की इस मांग को लेकर पार्टी के अंदर ही विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को लखनऊ में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल यूपी के बंटवारे की कोई आवश्यकता नहीं है। यह निर्णय केंद्र सरकार को करना है और केंद्र का ऐसा कोई विचार भी नहीं है। केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने भी कहा कि यूपी का बंटवारा नहीं होना चाहिए। बालियान ने ऐसी मांग क्यों है, इसके बारे में वह ही बता सकते हैं।

उधर, भाजपा के सहयोगी निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने भी इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम को अलग राज्य बनाया गया तो वह मिनी पाकिस्तान बन जाएगा। भाजपा हमेशा से ही छोटे राज्य की समर्थक रही है। एनडीए की सरकार के समय ही बिहार से अलग कर झारखंड, यूपी से अलग कर उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य बनाया गया था। यूपी की आबादी के लिहाज से इसे तीन राज्यों में बंटवारे की मांग पहले भी उठी है।

### रंग ला रही अभिनव पहल, पूरा हो रहा 'महिला स्वावलंबन

**लखनऊ।** दूरदर्शिता, संवेदनशीलता, प्रगतिशील विचार, जनता के बीच सक्रियता व जनकल्याण के प्रति समर्पण ये सब सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की खूबियां हैं जो उन्हें हर जनप्रतिनिधि से अलग बनाती हैं। सरोजनीनगर विधायक अपनी अभिनव व अनूठी पहल और योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के हर वर्ग को विकास की कड़ी से जोड़ रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए सरोजनीनगर विधायक द्वारा क्षेत्र में अब तक 40 'तारा शक्ति सिलाई सेंटरों' की स्थापना की जा चुकी है जिसमें 600 से अधिक विभिन्न प्रकार की सिलाई मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। यहां महिलाओं को ट्रेनिंग के साथ-साथ कार्य करने के अवसर भी दिलाए गए हैं। इस सेंटर से 1,200 से अधिक महिलाएं जुड़ कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनी हैं।

# निदेशक कुणाल सिल्कू ने वीआरएस प्रशिक्षण के लिए लैब का किया उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय, भारत सरकार की संस्था निमि, चेन्नई के सहयोग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ के द्वारा संस्थान में वीआरएस (वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर) प्रशिक्षण के लिए लैब का उद्घाटन बुधवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कू के द्वारा किया गया।

निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 ने संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्था की तारीफ की। के श्रीनिवास राव, उप निदेशक ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की सराहना की तथा नैषध पलेजा ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निर्भय कुमार सिंह, वर्चुअल रियलिटी प्रभारी की प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में विशिष्ट योग्यता के लिए वांछित कौशल प्राप्त कर प्रशिक्षार्थियों को प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण परिदृश्य में कई लाभ प्रदान कर सकता है। व्यावसायिक कौशल परिस्थितिकी तंत्र को वर्चुवल रियलिटी आधारित इण्टरैक्टिव सामग्री प्रदान करना तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा कार्यस्थल पर यथार्थवादी कठिन अनुभवों सहित विभिन्न स्थितियों में पूरी तरह से डूब सके और उन्हे बाहर निकलने के तरीको के बारे में सीख सके। जो राजकीय आईटीआई के लिए मिश्रित शिक्षण पद्धति को और मजबूत करने के लिए वर्चुवल रियलिटी सामग्री एक पायलट रोलिंग प्रोजेक्ट होगा। जिससे प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में पारंगत होने में मदद करेगा। यह योजना भारत सरकार पूरे भारत में पाँच राजकीय आईटीआई को प्रदान की गयी है जिसमें यह संस्थान भी है।

इस अवसर पर के. श्रीनिवास राव, उप निदेशक, राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान, चेन्नई एवं नैषध पलेजा, सह संस्थापक, फीस्ट सॉफ्टवेयर प्रा0लि0, मुम्बई तथा मण्डलीय संयुक्त निदेशक भगवत दयाल, प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, चन्द्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य, शिवानी पंकज, प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# अपग्रेड होगा पाठ्यक्रम : यूपी के मदरसों में पढ़ाया जाएगा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 16,513 मदरसे के छात्र-छात्राओं को नई तकनीक और विश्वस्तरीय कालेजों में एडमिशन के लिए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने नई पहल की है। मदरसों में पढ़ने वाले 13.92 लाख छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। मदरसे व स्कूलों के शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ व हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष सभी मदरसों को यूडायस से जोड़ा गया है। बच्चों का आधार प्रमाणीकरण कराया गया। जिसके बाद मदरसों में बच्चों की वास्तविक सूचना प्राप्त हुई। अब अन्य शैक्षिक बोर्ड से बराबरी के लिए मदरसा शिक्षा परिषद में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कोर्स को शामिल किया गया है।

बुधवार को विभाग की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी का प्रशिक्षण अध्यापकों को दिया जाएगा। धर्मपाल सिंह ने बताया कि मदरसे के बच्चों को इस नई तकनीक की जानकारी मिलने पर वे विश्वस्तरीय कालेजों में एडमिशन के लिए खुद को तैयार कर पाएंगे।

### संकल्प सप्ताह मेले में उमड़ा जनसैलाब, स्वास्थ्य सेवाओं का मिला लाभ

**लखनऊ।** आंकाक्षी विकासखंडों में सरकारी योजनाओं को रफ्तार देने के लिए योगी सरकार ने 3 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के 68 ब्लॉक्स में संकल्प सप्ताह मेले का आयोजन किया। यह मेला पूरे सप्ताह तक चलेगा। इसमें व्यापक पैमाने पर जनभागीदारी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सभी चिन्हित 68 ब्लॉक्स के शत प्रतिशत हेल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) और सब सेंटर (एससी) में मेला लगाया गया, जिसमें औसत आगंतुकों की संख्या 99 रही। वहीं ब्लॉक्स के 99 प्रतिशत पीएचसी और सीएचसी में औसतन 202 लोग सहभागी बने। इसे संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग की ओर से चयनित आकांक्षी ब्लॉक्स के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा इकाइयों व हेल्थ वेलनेस सेंटरों में मेगा स्वास्थ्य शिविर चलाया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं का परीक्षण, जोखिम गर्भावस्था की पहचान व टीकाकरण किया गया।

# वन्य जीवों से जानमाल की हानि की दशा में मुआवजे की राशि को बढ़ा सकती है योगी सरकार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** वन्य प्राणि सप्ताह पहली से सात अक्टूबर तक चल रहा है। वन्य प्राणि हमारे जीवन व वनों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इनके परिवेश को सुरक्षित रखने व इनके संरक्षण के लिए जनता को जानकारी देने के लिए इस सप्ताह का अधिक महत्व है। वन्यजीव सुरक्षा व संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अफसरों को योगी सरकार सम्मानित भी करेगी। वहीं प्रदेश सरकार वन्य जीवों से जानमाल की हानि की दशा में मुआवजे की राशि को बढ़ा सकती है। यूपी में यूपी में ईको पर्यटन की असीम संभावनाओं के मद्देनजर पर्यटन शुल्क में भी काफी कमी की जा सकती है। संभावना है कि शुक्रवार को पीलीभीत में सीएम योगी ऐसे ही बड़े ऐलान कर सकते हैं।

### यूपी के हित में कई बड़ी योजनाएं भी लागू कर सकती है योगी सरकार

पीलीभीत दौरे पर सीएम योगी यूपी के हित में कई बड़ी योजनाओं का शुभारंभ कर सकते हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण वन्य जीवों से जानमाल की हानि की दशा में अनुग्रह राशि को बढ़ाए जाने से संबंधित है। इसके साथ ही 2014 से दी जा रही आर्थिक अनुग्रह सहायता की दर में बदलाव भी संभव है। वहीं ईको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के निमित्त पर्यटन शुल्क में भी काफी कमी की जा सकती है।

### 51 वन विश्राम भवनों का जीर्णोद्धार

वन्य जीव सप्ताह के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पीलीभीत टाइगर रिजर्व में कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीएम यहां कई बड़ी सौगात भी दे सकते हैं। यहां उच्चीकृत 51 वन विश्राम भवनों का जीर्णोद्धार किया गया है। इसके अतिरिक्त सारस गणना रिपोर्ट 2023 पुस्तक रिलीज होगी, जिससे इसके बारे में आमजन भी जानकारी हासिल कर सकें।

### बाघ मित्र ऐप होगा लांच, बाघ मित्रों का सम्मान

पीलीभीत में एक तरफ जहां बाघ मित्र ऐप लांच होगा, वहीं बाघ मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा। बाघ मित्र ऐप जहां बाघ से सुरक्षा दिलाने में कारगर होगा। इस ऐप के जरिए आमजन सरकारी विभागों को मदद करने और आसपास के लोगों को जागरूक करने में मददगार होंगे। आबादी वाले क्षेत्र में बाघ व ग्रामीणों की सुरक्षा में यह ऐप काफी कारगर होगा। शहद किट का वितरण होने के साथ ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उत्कृष्ट कार्य करने वाले बाघ मित्रों को सीएम सम्मानित भी करेंगे। साथ ही वन्य जीव सुरक्षा व संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अफसर व कर्मचारी भी सम्मानित होंगे। वन्य जीव संरक्षण व सतत ईको पर्यटन विकास कार्यशाला का शुभारंभ भी होगा।

### जयदीप अहलावत की 'जाने जान' और 'थ्री ऑफ अस' : हिमालयन फिल्म फेस्टिवल 2023 के उद्घाटन और समापन के लिए चयनित

**लखनऊ।** अभिनेता जयदीप अहलावत ने इस साल एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, क्योंकि उनकी प्रशंसित फिल्में ₹जाने जान₹ और ₹थ्री ऑफ अस₹ को हिमालयन फिल्म फेस्टिवल 2023 के उद्घाटन और समापन दोनों के लिए चुना गया है। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 29 सितंबर को शुरू हुआ और अक्टूबर तक जारी रहेगा। तीसरा, 2023, लुभावने हिमालय पर्वत दृश्यों के बीच एक मनोरम सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है।

जयदीप ने फेस्टिवल के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ₹मैं हिमालयन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनकर वास्तव में रोमांचित और उत्साहित हूं। यह विविध सिनेमाई अनुभवों को प्रदर्शित करने का एक शानदार मंच है। यह आश्चर्यजनक और फायदेमंद लगता है कि उद्घाटन और समापन दोनों महोत्सव की फिल्में मेरी हैं।


# निदेशक कुणाल सिल्कू ने वीआरएस प्रशिक्षण के लिए लैब का किया उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मत्रांलय, भारत सरकार की संस्था निमि, चेन्नई के सहयोग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ के द्वारा संस्थान में वीआरएस (वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर) प्रशिक्षण के लिए लैब का उद्घाटन बुधवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कू के द्वारा किया गया।

निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 ने संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्था की तारीफ की। के श्रीनिवास राव, उप निदेशक ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की सराहना की तथा नैषध पलेजा ने वर्चुअल रियलिटी लैब में बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निर्भय कुमार सिंह, वर्चुअल रियलिटी प्रभारी की प्रशंसा की।





प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान में चल रहे विभिन्न व्यवसायों में विशिष्ट योग्यता के लिए वांछित कौशल प्राप्त कर प्रशिक्षार्थियों को प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ वर्चुवल रियलिटी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण परिदृश्य में कई लाभ प्रदान कर सकता है। व्यावसायिक कौशल परिस्थितिकी तंत्र को वर्चुवल रियलिटी आधारित इण्टरैक्टिव सामग्री प्रदान करना तथा प्रशिक्षार्थियों द्वारा कार्यस्थल पर यथार्थवादी कठिन अनुभवों सहित विभिन्न स्थितियों में पूरी तरह से डूब सके और उन्हे बाहर निकलने के तरीको के बारे में सीख सके। जो राजकीय आईटीआई के लिए मिश्रित शिक्षण पद्धति को और मजबूत करने के लिए वर्चुवल रियलिटी सामग्री एक पायलट रोलिंग प्रोजेक्ट होगा। जिससे प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण में पारंगत होने में मदद करेगा। यह योजना भारत सरकार पूरे भारत में पाँच राजकीय आईटीआई को प्रदान की गयी है जिसमें यह संस्थान भी है।

इस अवसर पर के. श्रीनिवास राव, उप निदेशक, राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान, चेन्नई एवं नैषध पलेजा, सह संस्थापक, फीस्ट सॉफ्टवेयर प्रा0लि0, मुम्बई तथा मण्डलीय संयुक्त निदेशक भगवत दयाल, प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, चन्द्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य, शिवानी पंकज, प्रधानाचार्य की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## संक्षेप

### खबरीलाल गोण्डा: पीड़ित ने चोरी की घटना के मामले में थाने में दी तहरीर

कर्नलगंज, गोण्डा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोंचा कासिमपुर निवासी राहुल पाण्डेय पुत्र जयप्रकाश पाण्डेय ने चोरी की घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। राहुल पाण्डेय ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि दिनांक 2/3-10-2023 की रात में 12 बजे के बाद अज्ञात चोरों द्वारा मेरे घर में घुसकर बक्शे में रखा जेवरात कान का झाला, अंगूठी, बाला सोने की व नथिया चांदी का पायल चोरी करके उठा ले गए। गांव के बाहर सड़क के पास खाली बक्शा पड़ा है। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

एटा। उप जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी वीआईपी की सूचनानुसार उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी 05 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे वात्सल्य आरोग्य धाम कोसमा जलेसर पहुंचेगे। मा0 उप मुख्यमंत्री जी वात्सल्य आरोग्य धाम कोसमा में नेत्र परीक्षण एवं शल्य चिकित्सा कक्ष का लोकार्पण करेंगे। तदोपरान्त 11:30 बजे अलीगढ़ मण्डल के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में बैठक करेंगे। तदोपरान्त अपरान्ह 12 बजे जनपद आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अस्पताल के लाईसेंस बहाली पर जनता खुश- जयसिंह प्रताप यादव

अमेठी। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज चालू होने पर सपाइयों मिठाई बांट ख़ुशी जाहिर की।पिछले दिनों संजय गाँधी अस्पताल को बंद कर दिया गया था धरने और आंदोलन के बीच हाईकोर्ट ने स्टे दें दिया है और कल से अस्पताल निरंतर जारी रखने का आदेश दिया है, अस्पताल चालू करने कर जयसिंह प्रताप यादव ने जनता के बीच मिठाई बाँट कर ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि अमेठी कि जनता कि जीत है ।अमेठी वासी कोर्ट का आभार व्यक्त करते है !सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा अमेठी की जनता के साथ गलत होगा। तो समाजवादी पार्टी इनकी लड़ाई जारी रखेगी!

### फिरोजाबाद महोत्सव 2024 को और अधिक विशाल एवं भव्य बनाये जाने को लेकर पर्यटन मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

फिरोजाबाद| आगामी फिरोजाबाद महोत्सव 2024 को और अधिक विशाल एवं भव्यता प्रदान किए जाने की मॉग को लेकर जनपद स्थापना एवं विकास समिति का एक प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री ठा. जयवीर सिंह से मिला| जनपद स्थापना एवं विकास समिति के अध्यक्ष द्विजेंद्र मोहन शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने आगामी फिरोजाबाद महोत्सव 2024 को भव्यता प्रदान किए जाने हेतु प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृत मंत्री ठा.जयवीर सिंह से मुलाकात की और आगामी फिरोजाबाद महोत्सव 2024 को और अधिक विशाल एवं भव्यता के साथ कराए जाने का अनुरोध किया | समिति के महासचिव उमाकांत पचौरी एडवोकेट ने माननीय मंत्री जी को अवगत कराया कि फिरोजाबाद जनपद का अभी तक गजेटियर प्रकाशित नहीं हो सका है समय रहते इसका गजेटियर प्रकाशन कराया जाए|

### थाना प्रभारी ने पूर्व प्रधान को दी धमकी हुए की शिकायत की तो जेल में सड़वा दूंगा

फिरोजाबाद| थाना प्रभारी लाइन पार ने कुरी कूपा के पूर्व प्रधान को धमकी दी है कि यदि क्षेत्र में जुआ होने की शिकायत अधिकारियों से की तो तुझे जेल में सड़वा दूंगा| पूर्व प्रधान ने थाना प्रभारी की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक एडीजी आगरा जोन को पत्र भेजकर की है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है थाना लाइन पार गांव कुरी कूपा के पूर्व प्रधान प्रेमचंद पुत्र नाथूराम ने पुलिस के उक्त आला अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है किसी ने क्षेत्र में जुआ होने की शिकायत मेरी वर्तमान प्रधान के नाम से 29 सितंबर को डाक द्वारा की थी थाना प्रभारी ने 3 अक्टूबर को जब मुझे थाने पर बुलाया तोवह लोकमन ठेकेदार को साथ लेकर थाना लाइन पर पहुंचा वहां थाना प्रभारी सचिन कुमार मौजूद थे उन्होंने मुझे भददी गालियां दी और भददी गालियां देते हुए कहां कुरी कूपा क्षेत्र में जुआ पुलिस संरक्षण में होता है ऐसे ही होगा यदि तूने शिकायत की तो तुझे झूठा मुकदमा लगाकरजेल में सड़वा दूंगा शिकायती पत्र में आरोप लगाया है थाना प्रभारी ने जब में रखें₹7000 और मोबाइल फोन ले लिया और हिरासत में लेकर हवालात में बंद कर दिया और करीब 3 :30 घंटे तक हवालात में बंद रखा प्रार्थना पत्र में कहा गया है इस घटना की सारी कहानी थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है यदि कमरे की जांच कर दी जाए तो सारी घटना स्पष्ट हो जाएगी प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है थाना प्रभारी ने मोबाइल फोन तो वापस कर दिया परंतु ₹7000 वापस नहीं किए प्रार्थना पत्र में उक्त सभी पुलिस के आला अधिकारियों और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है थाना प्रभारी लाइन पार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही करें

### ट्रैक्टर से वृद्ध की हत्या के मामले में आधा दर्जन नामजद, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

फिरोजाबाद| थाना नारखी क्षेत्र में अवैध कब्जा हटवाने गए जिला प्रताप पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने के मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस की कई टीम लगी हैं। कल्याण गढ़ी में मंगलवार को हुई घटना में मृतक जगदीश पाल के बेटे योगेंद्र पाल सिंह ने नेत्रपाल पुत्र बेनीराम तथा उसके पुत्र इंद्रपाल कोमल सिंह केशव देव धर्मेंद्र तथा पवन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सभी घड़ी कल्याण के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीन आरोपी इंद्रपाल पवन तथा केशव को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिशें दे रही है। ट्रैक्टर की टक्कर से मृत जगदीश पाल के शव का गमगीन माहौल में टापा खुर्द स्थित उनके खेत पर अंतिम संस्कार हुआ। उनके छोटे बेटे प्रदीप ने चिता को मुखाग्नि दी। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस हर संभावित स्थान पर दबिश दे रही है।

# हाईकोर्ट ने संजय गाँधी चिकित्सालय को मिली राहत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** एक महिला की अप्रेशन के पहले मौत को लेकर सरकार ने प्रशासन की रिपोर्ट पर लाईसेंस निलंबित कर दिया था । जिसे लेकर सांसद वरूण गाँधी,डॉ संजय सिंह, अखिलेश यादव,आम आदमी पार्टी कांग्रेस नेता आशीष शुक्ल,पूर्व एम एल सी दीपक सिंह,कांग्रेस पार्टी के अनुषागिक संगठन के जिलाध्यक्ष कांग्रेस महिला ममता पाण्डेय,कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष राम बरन कश्यप,कांग्रेस छात्र संगठन जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह तमाम राजनैतिक दल ने प्रदेश के महामहिम राज्यपाल,मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी। ज्ञापन भेजा,धरना-प्रदर्शन किए,मशाल जुलूस निकाले,कैडिल मार्च निकाले,सत्याग्रह आंदोलन चलाया। कि संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज का लाईसेंस बहाल किया जाय।

संजय गाँधी मेमोरियल ट्रस्ट एव संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज के निदेशक मनोज कुमार मुटटू,अधिशाषी अधिकारी अवधेश शर्मा ने लखनऊ उच्च न्यायालय की शरण ली।न्यायालय ने मामला जनहित के चलते संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज के लाईसेंस निलंबन के आदेश पर स्थागन आदेश जारी कर दिया।

आशीष शुक्ल ने बताया कि जनता की जीत है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि जनहित की लड़ाई कांग्रेस ने लडी। न्यायालय ने इंसाफ कर दिया । पूर्व एम एल सी दीपक सिंह ने कहा कि न्यायालय ने जनता की उम्मीद को बिश्वास मे बदल दिया। ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल ने कहा कि न्यायालय ने समय पर उचित इंसाफ किया। न्यायधीश की सराहना करते है। समाज सेवी प्रोफेसर डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि न्यायालय पर भरोसा कायम है ।अस्पताल के लाइसेंस निलंबन पर स्थागन आदेश जारी होने पर खुशी जताई। संजय गाधी चिकित्सालय मुंशीगंज आस पास के जनपद के लिए बरदान है। यह जीत अमेठी की है । प्रशासन और शासन को इस पर राजनीति करने का कोई औचित्य नही है। स्थागन आदेश अस्पताल सहित आम जन मानस को राहत दी।

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरि शंकर जायसवाल ने कहा कि जनता की आवाज सरकार नही सुनी। न्यायालय ने जनहित के मुददे पर मरहम लगा दिया। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि अमेठी की जनता के साथ सरकार का कारनामा उजागर हो गया। हाईकोर्ट ने राहत दे दी ।सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने न्यायालय के स्थागन आदेश पर खुशी जताई। कांग्रेस युवा प्रदेश प्रवक्ता प्रांजल तिवारी ने कहा कि अस्पताल को लेकर राजनीति नही होनी चाहिए। सरकार की मंशा साफ हो गई। न्यायालय ने जनता को राहत दी। खुशी जताई। न्यायालय की सराहना किया। पूर्वांचल के लिए एक संदेश न्यायालय ने दिया। सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाए। और संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज के लाईसेंस बहाल कर दिए।

संजय गाँधी अस्पताल मुंशीगंज कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हक की लडाई संस्थान ने जीती। कर्मचारियो के परिवार को राहत दी। जनहित के लिए गाँधी परिवार का ट्रस्ट सदैव काम किए। घर की नौकरी रही ।समाज कल्याण की भावना से सदैव संघ के कर्मचारियो ने काम किया। जाति और धर्म से दूर रहकर सेवा की। आज अस्पताल के लिए स्वर्णिम समय है।कांग्रेस नेता दिवाकर पाण्डेय,पूर्व प्रधान अशोक कुमार शुक्ल,नन्हे उर्फ अरुण कुमार मिश्र,पवन कुमार दूबे,सुभाष मिश्र,शीतला तिवारी,डा देव मणि तिवारी,मोहम्मद फारूक अहमद बाबर,पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राज कुमार पाण्डेय,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलावती मौर्य,उदय राज यादव,अजीत कुमार यादव,भारत धुरिया आदि ने संजय गाँधी चिकित्सालय मुंशीगंज के लाईसेंस बहाली पर खुशी जताई है। जनता की उम्मीद पर कांग्रेस और गाँधी सदैव खरा उतरा है।

## अमेठी में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 2025 मे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर आयोजित सक्रिय समर्थ कार्यकर्ता संगोष्ठी में गायत्री परिवार के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गुरुदेव के विचारों व कार्यक्रमों को अमेठी के गाँव-गाँव, घर-घर पहुँचाने का संकल्प लिया।

जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अमेठी के लिए ये गौरव व हर्ष का विषय है कि वर्ष 2025 में अमेठी की धरती पर पहली बार 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं युवा अभ्युदय कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा प्राप्त हो चुकी है । युवा अभ्युदय कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्व विद्यालय के प्रति कुलपति डॉ० चिन्मय पण्ड्या जी के आने की स्वीकृति मिल चुकी है। युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार से प्राप्त दिशा निर्देश की चर्चा कार्यक्रम की चर्चा करते हुए डॉ० सिंह ने कहा कि हमारी लुप्त होती संस्कृति को बचाने के लिए घर-घर में गायत्री साधना को पहुँचाना पड़ेगा। 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने हेतु लक्ष्य निर्धारित किए गये जिसमें दिसंबर 2024 तक सवा पाँच करोड़ गायत्री मंत्र का जप, 5512 साधक जोड़े तैयार, 7500 युवाओं को गायत्री परिवार के रचनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय करना, 51000 विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जोड़ना, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम के लिए न्याय पंचायत स्तर पर टीम का गठन, 1951 माताओं को माँ की पाठशाला से जोड़ना , 6500 अखंड ज्योति पाठक, प्रत्येक प्रत्येक ब्लॉक में व्यसन मुक्ति, वृक्षारोपण, व्यक्तित्व परिष्कार, स्वस्थ्य जीवन शैली, स्वावलंबन प्रशिक्षण, 24 आदर्श ग्राम बनाने के लिए ब्लाकवार ज़िम्मेदारी सौंपी गई। परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा व वादक नीरज तिवारी ने भारतीय संस्कृति पर गीत संस्कृति रही कराह न मेरा रूप बिगाड़ो रे के माध्यम से भारतीय संस्कृति को अपनाने की प्रेरणा दी।

## विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आई एम ए गाजियाबाद द्वारा निशुल्क शुगर चेक अप कैंप का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** 'विश्व मधुमेह दिवस' मनाए जाने हेतु कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू हो चुके हैं। इसी कड़ी में सिख- ताल विवेकानंद नगर गाजियाबाद में आज निशुल्क शुगर चेकअप कैंप लगाया गया ।जिसमें 50 मरीजों ने निशुल्क जांच कराई ।यह कार्यक्रम डा प्रहलाद चावला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आई एम ए गाजियाबाद के विशेषज्ञ डा पुरी ने इसमें भाग लिया एवं मरीज को शुगर से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी । ज्ञात हो 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है जिसको दीपावली के कारण इस बार 19 नवंबर को संपन्न किया जाएगा ,परंतु जागरूकता एवं निशुल्क जांच का सिलसिला अक्टूबर से शुरू कर दिया गया है इसी कड़ी शिविर आयोजित किया गया अग्रिम कैंप की जानकारी एवं संपन्न होने पर सूचना समय से प्रेषित की जाएगी।

### आबकारी विभाग ने की छापेमारी, 45 लीटर अवैध शराब बरामद

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जनपद के क्षेत्र-अमेठी के थाना - संग्रामपुर के अंतर्गत ग्राम- सरैया कनु, धरौली में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, करीब 250 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 03 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 अमेठी व आबकारी स्टॉफ अभय प्रताप सिंह, रवि प्रकाश गौतम, प्रेम शंकर शर्मा व बृजेश चंद्र पांडेय आबकारी सिपाही सम्मलित रहें।

## 37 साल के बाद अदालत से मिला न्याय, परिजनो को मिली असीम खुशी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** लंबी अदालती लड़ाई के बाद आखिर पीड़ित को न्याय मिल ही गया। इस न्याय के लिए पीड़ित को 37 साल तक अदालतों के चक्कर काटने पड़े। कड़ी मेहनत और साक्ष्य के आधार पर मिली जीत पर अधिवक्ता व पीड़ित के परिजनों ने खुशी जताई। समाज के लोगों का आज भी अदालतों पर विश्वास पूरी तरह से कायम है।

यह पूरा प्रकरण अमेठी तहसील के राजस्व गांव कटरा राजा हिम्मत सिंह से सम्बन्धित है। अदालत में अपना पक्ष रखते हुए वादी राम सुंदर ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उनके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन पर उनके विपक्षी रामसुख जमीन में हिस्सा नहीं दे रहे थे। आपको बताते चलें कि उक्त मुकदमे के वादी रामसुंदर व उक्त मुकदमे के प्रतिवादी गण रामसुख गंगा आदि के पिता ने बाबूराम ने गांव मे एक मकान का बैनामा सन 1956 में मिलाकर आधा-आधा लिया था ।बैनामा के बाद क्रेतागण बैनामे की आराजी में अपनी-अपनी सुविधा अनुसार बिना किसी बंटवारे के संयुक्त रूप से अध्यासित थे ।कुछ समय पश्चात प्रतिवादीगण के पिता बाबूराम की मृत्यु हो गई। बाबूराम की मृत्यु हो जाने के बाद सन 1986 में वादी ने प्रतिवादी गण से उस जमीन के बंटवारे की बात किया ।जिस पर प्रतिवादी द्वारा जमीन का बंटवारा भी नहीं किया और उसे जबरदस्ती मारपीट कर खदेड दिया। इस घटना से व्यथित होकर वादी रामसुंदर ने सिविल कोर्ट मुन्सिफ दक्षिणी कक्ष संख्या 24 के न्यायालय में बंटवारे का मुकदमा दायर किया मुकदमे में वादी की तरफ से अमेठी जनपद के नेवढ़िया निवासी राजेन्द्र यादव अधिवक्ता थे।अदालत के निर्णय से वादी रामसुंदर के परिजनों ने खुशी जताई। उन्हें न्याय मिलने में लगभग 37 साल लग गए ।लंबे संघर्ष के बाद आखिर उन्हें अदालत से न्याय मिल ही गया। आज भी लोगों की उम्मीद अदालतों पर कायम है।

### शपथ पत्र के सत्यापन हेतु तीन सदस्यीय समिति का किया गठन

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमेठी मंजू मौर्या के विरुद्ध 47 सदस्यों के नोटरी युक्त शपथ पत्र के साथ प्राप्त अविश्वास प्रस्ताव पत्र की नोटिस पर विचार करने हेतु दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे क्षेत्र पंचायत कार्यालय अमेठी के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के सत्यापन हेतु तीन सदस्य समिति का गठन किया गया है जिसमें उप जिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, खंड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा को नामित किया गया है। उन्होंने उक्त कमेटी को दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज में पूर्वाह्न 11:00 बजे संलग्न क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस के साथ प्रस्तुत किए गए।

### पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी बीजेपी: जिला अध्यक्ष उदय प्रताप राणा

**एका।** बुधवार को नगर पंचायत परिसर में भाजपा के नए जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पधारे वृंदावन लाल गुप्ता, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सत्यपाल राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख जसराना मोहन दत्त उर्फ़ गुड्डू लोधी, भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश संखवार, रामकैलाश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश शर्मा, उम्मेद सिंह राजपूत,जिला कार्यकारिणी सदस्य जसवीर सिंह यादव,का नगर पंचायत अध्यक्ष माया देवी सागर के साथ प्रतिनिधि महाराणा प्रताप और कालू ने पटका पहनकर पुष्प वर्षा करते हुए फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहां कि आने वाले चुनाव में सनातन पर कटाक्ष करने वालों को जनता किनारे करेगी। नए जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहां के लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने सहयोगियों के साथ अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

## अब कमर्शियल बिल्डिंग्स के मालिकों को देना होगा पानी का यूजर चार्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित उद्योग, होटल-रेस्तरां, मॉल्स-मल्टीप्लेक्स और दुकानों समेत सभी व्यावसायिक भवनों के मालिकों को आगामी वित्तीय वर्ष से प्रति एक हजार लीटर पानी के लिए 32 रुपये तक यूजर चार्ज भी देना पड़ सकता है। नगर निगम के जलकल विभाग की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव पर बोर्ड की सहमति मिलने के बाद इस पर मंथन शुरू हो गया है। पानी की दरें भी प्रस्तावित कर दी गई हैं। बैठक का कार्यवृत्त जारी होने के बाद इस प्रस्ताव को लागू करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए अधिकारियों और पार्षदों की संयुक्त कमेटी गठित हो जाएगी।दरअसल, नगर निगम वाटर टैक्स से जितनी आमदनी करता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा फंड हर साल पानी की आपूर्ति पर खर्च करता है। ऐसे में निगम अधिकारी पानी के संसाधनों पर होने वाली आमदनी को बढ़ाने पर मंथन कर रहे हैं। निगम के जलकल विभाग की ओर से वर्ष 2015 में व्यावसायिक और घरेलू भवनों से पानी का यूजर चार्ज वसूलने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। नगर निगम के तत्कालीन बोर्ड ने आवासीय भवनों की बजाय पहले चरण में सिर्फ व्यावसायिक भवनों पर यूजर चार्ज लगाने की सहमति दे दी थी। इसके बाद यह प्रस्ताव फाइलों में बंद हो गया। अब 26 सितंबर को हुई बोर्ड बैठक में अधिकारियों ने दोबारा इस प्रस्ताव को पेश कर बोर्ड की सहमति ले ली है। कितने पानी के इस्तेमाल पर कितना यूजर चार्ज देना होगा, इसके लिए जलकल विभाग ने दरें भी प्रस्तावित कर दी हैं। जलकल विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्टार रेटिंग वाले होटल्स, नर्सिंग होम, कोल्ड स्टोरेज, आइस्क्रीम व बर्फ फैक्टरी, बॉटलिंग प्लांट, पेट्रोल पंप, गैराज और सर्विस स्टेशन आदि पर यह लागू होगा।

### 22 संपत्तियों का करोड़ों की कर माफी का मामला, नगरायुक्त ने दिए जांच के आदेश

**गाजियाबाद।** नगर निगम के अधिकारियों ने इंदिरापुरम क्षेत्र की 22 संपत्तियों का करोड़ों का संपत्तिकर गुपचुप माफ कर दिया। आरोप है कि जनवरी 2022 में हुए इस घोटाले को वसुंधरा जोन के तत्कालीन जोनल अधिकारी ने स्थानांतरण हो जाने के बावजूद रविवार को अवकाश के दिन में अंजाम दिया। नगर निगम से रिलीव कर दिए जाने के अगले दिन उन्होंने पत्रावलियां मंगाकर उनका निस्तारण किया। इसकी शिकायत महापौर सुनीता दयाल के पास पहुंची तो उन्होंने नगरायुक्त को जांच के आदेश दिए। नगर आयुक्त ने तीन अधिकारियों की जांच कमेटी गठित कर दी है।नंदग्राम निवासी एसपी शर्मा की ओर से महापौर को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाए गए हैं कि वसुंधरा जोन के इंदिरापुरम स्थित हैबीटेट सेंटर, शिवम मेडिकल इंस्टीट्यूट, दो नामचीन स्कूलों की फाइलों का निस्तारण तत्कालीन जोनल प्रभारी सुनील राय की ओर से स्थानांतरण पर रिलीव होने के अगले दिन किया गया।८

## एक बार फिर खाकी ने लौटाई चेहरों पर मुस्कान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा छुट्टी के बाद स्कूल से घर ना पहुंचे 08 वर्षीय बालक को अथक प्रयास के बाद ₹सीसीटीवी कैमरों₹ की मदद से ढूंढकर परिजनों के किया सुपुर्द। गतदिवस को समय करीब 14:00 बजे थाना कोतवाली नगर पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्चा कबीर चौहान पुत्र राघवेंद्र चौहान निवासी ग्राम भदवास थाना पिलुआ जनपद एटा जिसकी उम्र करीब 10 वर्ष है जो राम बाल भारती स्कूल में पढ़ता है तथा कक्षा 2 का छात्र है। आज सुबह 6:30 बजे घर से स्कूल के लिए आया था छुट्टी होने के बाद वापस घर नहीं पहुंचा। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर की क्राइम टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त बालक स्कूल की छुट्टी के बाद अपने दोस्त कृष्णा पुत्र लेखराज सिंह निवासी अतरौली थाना कोतवाली देहात एटा के घर पर चला गया था जिसे क्राइम टीम के द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा एटा पुलिस का धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# राशन कार्ड धारक सभी वरिष्ठ नागरिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**» जनपद में 60 साल से ऊपर के करीब 6386 राशन कार्ड धारक परिवारों के सदस्यों के बनेंगे कार्ड**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अब राशन कार्ड धारक सभी वरिष्ठ नागरिकों (60 साल से ऊपर) का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देश दिया है। प्रदेश में पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक के ऐसे 11.74 लाख परिवार हैं, जिनमें सभी सदस्य वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से ऊपर) हैं। इन सभी को अतिरिक्त परिवारों के सापेक्ष सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया- प्रमुख सचिव के आदेश के अनुपालन में कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जनपद में करीब 6386 परिवार ऐसे हैं, जिनमें 60 साल से ऊपर के सदस्य हैं। इस सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हैं। यह डाटा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) से लिया गया है, जो पूर्णतः आधार सीडेड है, जिस कारण इन परिवारों का स्थलीय (भौतिक) स्तर पर चिन्हांकन अत्यन्त सुगम एवं सुलभ होगा। यह डाटा योजनान्तर्गत संचालित पोर्टल पर सम्मिलित कर लिया गया है।

उन्होंने बताया-पात्र लाभार्थी स्वयं या किसी भी स्वयंसेवी / सरकारी कर्मचारी / राशन दुकानदार या कोई अन्य साधन द्वारा भी पोर्टल (https://beneficiary.nha.gov.in) या ऐप (Ayushman App) के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में प्रदेश में 22 वें स्थान पर आया जनपद

आयुष्मान भारत योजना की जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक अनामिका चौहान ने बताया- लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में रैंकिंग में सुधार हुआ है। अब जनपद गौतमबुद्धनगर प्रदेश में 22 वें स्थान पर आ गया है। जनपद में 1.05 लाख से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चले आयुष्मान भवः अभियान के तहत 43616 कार्ड बनाए गये।

### उपचार के मामले में दूसरे स्थान पर है जनपद

अनामिका चौहान ने बताया- उपचार मुहैया कराने के मामले में जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर हैं। योजना शुरू होने से अब तक करीब 46252 लाभार्थियों को योजना से आबद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में उपचार उपलब्ध कराया जा चुका है। जनपद में योजना से आबद्ध 51 अस्पताल हैं, जिनमें 12 सरकारी और 39 निजी अस्पताल हैं। जनपद में 53685 लाभार्थी परिवार हैं।

उन्होंने बताया- योजना के अंतर्गत प्रति परिवार, प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा योजना से आबद्ध चिकित्सालयों में मिलती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वाइक सवार युवक की मौत

**फिरोजाबाद।** टूंडला एक बाइक सवार युवक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई ।साथ में बच्चा भी घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने दोनों तरफ जाम लगा दिया जाम की सूचना पर सीओ सिटी कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया तथा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया। मंगलवार लगभग 8:30 बजे कमलेश कुमार पुत्र निहाल सिंह उम्र करीब 42 वर्ष अपने 10 वर्षीय बेटे अमित के साथ से राजा की ताल की तरफ जा रहे थे इसी दौरान अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक गिर गई और कमल सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई बच्चा अमित घायल हो गया घटना की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित होकर रोड की तरफ आ गए और जिन्होंने देखते ही देखते दोनों तरफ जाम लगा दिया।

## एच आर आई टी कॉलेज में पाइथन और रास्पबेरी पाई पर दो-दिन के वर्कशॉप का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** एच आर आई टी कॉलेज ने अपने कॉम्प्यूटर विज्ञान और तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के छात्रों के लिए पाइथन और रास्पबेरी पाई पर दो-दिन के वर्कशॉप का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन की शुरुआत कि समूह निदेशक डॉ. एन.के. शर्मा और महानिदेशक डॉ. वी.के. जैन द्वारा दी गई।वर्कशॉप की शुरुआत में, HRIT कॉलेज के उपाध्यक्ष म्र. अंजुल अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और छात्रों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात, एच ए आर टी कॉलेज के निदेशक महाशय डॉ. वी.के. जैन, समूह निदेशक डॉ. एन.के. शर्मा, और सॉफ्ट प्रो कंपनी की सीईओ सुश्री . यशी आस्थाना ने लाम्प का प्रदीपक किया और इस महत्वपूर्ण आयोजन को और अधिक महत्वपूर्ण बनाया।मुख्य वक्ता और प्रशिक्षक




मिस्टर रोहित शर्मा ने सभी मौलिक और महत्वपूर्ण अवधारणाओं की स्पष्टीकरण किया और छात्रों से कोडिंग और प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया। उन्होंने सत्रों को संवादात्मक तरीके से समझाने के लिए उत्सुक किया और छात्रों को बातचीत के माध्यम से शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अद्वितीय कार्यशाला में, छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपने कौशल को सुधारा। इस आयोजन ने उन्हें नए और महत्वपूर्ण तकनीकी ज्ञान का प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया।वर्कशॉप के उद्घाटन और प्रशिक्षण सत्रों को एक बेहद सामरिक तरीके से जोड़ा गया, जिससे यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण और शिक्षाप्रद आयोजन बन गया। कार्यशाला को मिस्टर पुष्पेंद्र, ece,en के विभाग के हेड, ने संयोजित किया। इस कार्यशाला में डॉक्टर शिवा, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के विभाग के हेड, मिसेस बबिता चौधरी, मिसेस रंजना शर्मा, और मिस्टर अतुल भूषण का सहयोग सराहनीय रहा।

# आपराधिकता जुड़ी होगी तो सांसदों को मिली मुकदमे से छूट पर विचार करेंगे, कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी में कहा है कि अगर मामले में आपराधिकता जुड़ी है को कानून निर्माताओं को मिली कानूनी छूट पर विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सांसदों-विधायकों को मुकदमे से छूट देने वाले 1998 के आदेश की समीक्षा की जाएगी। बता दें कि 1998 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत सांसदों और विधायकों पर संसद और विधानसभाओं में भाषण देने या वोट देने के लिए रिश्वत लेने जैसे मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें इस बात पर विचार करना होगा कि अगर मामले में आपराधिकता जुड़ी है तो क्या तब भी सांसदों-विधायकों को विशेषाधिकार का फायदा दिया जाए या नहीं। पीठ ने 1998 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि यह माना कि आपराधिकता के बावजूद कानून निर्माताओं को छूट मिली हुई है। मुख्य न्यायाधीश के अलावा इस संविधान पीठ में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। बीती 20 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नोट के बदले वोट मामले में 1998 के फैसले की समीक्षा के लिए संविधान पीठ का गठन किया था। संविधान पीठ ने इस मामले पर आज सुनवाई की।

### क्या है 1998 का फैसला

उल्लेखनीय है कि साल 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में फैसला देते हुए कहा था कि सांसदों-विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत आपराधिक मामलों में छूट मिली हुई है, जिसके तहत सदन में पैसों के बदले सदन में भाषण देने और वोट देने के मामले में उन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अनुच्छेद 105(2) कहता है कि संसद का कोई भी सदस्य सदन में किसी भी भाषण या वोट देने के लिए अदालत की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अनुच्छेद 194 के तहत ऐसी ही सुविधा विधानसभा के लिए दी गई है।

बता दें कि झामुमो प्रमुख और पूर्व सीएम शिबू सोरेन, उनकी बहू सीता सोरेने समेत पार्टी के चार सांसदों पर आरोप लगा था कि 2012 में राज्यसभा चुनाव के दौरान एक विशेष उम्मीदवार को वोट देने के लिए उन्होंने रिश्वत ली थी। इस पर सीबीआई ने सोरेन और उनकी पार्टी के सांसदों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर सीता सोरेन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर कहा कि संवैधानिक प्रावधान सांसदों को इन मामलों में मुकदमे से छूट देते हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले को रद्द कर दिया था।

# संजय सिंह पर कार्रवाई से भड़के केजरीवाल, कहा- इनका हताश प्रयास, भाजपा नेता बोले- सीएम के इशारे पर घोटाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हो रही है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह के यहां छापेमारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है। आप समेत कई अन्य दलों के नेताओं के बयान सामने आ रही हैं। वहीं संजय सिंह के पिता ने भी मीडिया के सामने बयान दिया है।

ईडी कार्रवाई पर बयानबाजी तेज हो गई है। जहां पहले सीएम ने इस मामले पर बयान दिया तो वहीं भाजपा ने पीसी कर आप पार्टी को घेरा है। भाजपा नेता गौरव भाटिया ने प्रेम कॉन्फ्रेंस की और इस पूरे प्रकरण में सीएम अरविंद केजरीवाल को घेरा। वहीं दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

आप सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी पर उनके पिता ने कहा कि विभाग अपना काम कर रहा है। हम उनका सहयोग करेंगे। मैं उस समय का इंतजार करूंगा जब उन्हें मंजूरी मिलेगी।

### आप प्रवक्ता का ईडी की आड़ में अडानी पर निशाना

ईडी की छापेमारी पर आप प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि ईडी की छापेमारी संजय सिंह के अडानी मुद्दे और उनकी कंपनी में निवेश किए गए काले धन के बारे में मुखर रहने का नतीजा है। न तो उन्हें पहले कुछ मिला, न ही अब कुछ मिलेगा। हममें से कोई भी नहीं डरता।

# नवीन पटनायक के इटली दौरे पर भाजपा ने उठाए सवाल, सीएम ने श्रद्धा के साथ जाने पर विधानसभा में दी सफाई



**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक जब वेटिकन सिटी गए तो उनके साथ श्रद्धा नाम की महिला भी थीं। खबरें सामने आने के बाद सीएम पटनायक से जुड़े कई सवाल पूछे जाने लगे। अटकलों पर विराम लगाते हुए नवीन पटनायक ने श्रद्धा पर बयान दिया है। उन्होंने इस महिला को फिजियोथेरेपी प्रोफेशनल करार दिया। ओडिशा विधानसभा के पटल पर दिए एक बयान में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी दिवंगत बहन गीता मेहता ने श्रद्धा को उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए भेजा था। पटनायक के बयान के बाद श्रद्धा से जुड़ी अटकलों पर पूर्ण विराम लगने की पूरी उम्मीद है।

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता जयनारायण मिश्रा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक श्रद्धा को टूर कराने ले गए थे। ओडिशा विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष मिश्रा ने कहा, सीएम नवीन पटनायक ने श्रद्धा को घुमाने ले जाने का प्रयास किया। मिश्रा ने सवाल किया कि क्या सीएम नवीन पटनायक के बयानों की पुष्टि के लिए स्वर्ग जाकर गीता मेहता से पूछना होगा? उन्होंने पूछा कि श्रद्धा को गोवा से क्यों लाया गया? क्या ओडिशा में कोई फिजियोथेरेपिस्ट नहीं है?

### श्रद्धा वेटिकन सिटी किस हैसियत से गईं?

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष मिश्रा के अलावा भाजपा सांसद बसंत पांडा ने भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने पूछा, सीएम को बताना चाहिए कि श्रद्धा नाम की महिला कौन है और उसने किस हैसियत से मुख्यमंत्री के साथ वेटिकन सिटी का दौरा किया। इन दोनों के अलावा राजधानी भुवनेश्वर से निर्वाचित भाजपा की महिला सांसद अपराजिता सारंगी ने भी श्रद्धा को लेकर सवाल पूछे।

### सवाल पर भड़की बीजद ने भाजपा नेताओं को पागल बताया

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सारंगी ने लिखा, विपक्ष के नेता, जयनारायण मिश्रा और वरिष्ठ सांसद बसंत पांडा ने सीएम के साथ वेटिकन जाने वाली एक रहस्यमयी महिला के बारे में सवाल किया। सारंगी का आरोप है कि नवीन निवास तक श्रद्धा की निर्बाध पहुंच पर सवाल खड़े किए जाने पर सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजेडी) के प्रवक्ताओं ने भाजपा नेताओं को 'पागल' बताया!

### किसने चुनी फिजियोथेरेपिस्ट, क्या इलाज हो रहा है?

एक दूसरे एक्स पोस्ट में सारंगी ने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में श्रद्धा के नर्स या फिजियोथेरेपिस्ट होने की बात सामने आ रही है। अगगर ऐसा है तो ये और भी चिंताजनक है क्योंकि मुख्यमंत्री को किसी निजी और गुप्त इलाज के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने सवाल किया कि इस थेरेपिस्ट का चुनाव किसने किया और किस तरीके का इलाज किया जा रहा है?

### ओडिशा सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल

ओडिशा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए सारंगी ने एक और पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री पटनायक को एक डिजाइन के तहत राजनेताओं और नौकरशाहों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने पूछा कि चीफ सेक्रेटरी और विकास आयुक्तों के साथ सीएम ने व्यक्तिगत रूप से आखिरी बैठक कब की थी? मुख्यमंत्री को खुफिया सूचनाओं से जुड़ी अहम जानकारियां कौन भेज रहा है? क्या सीएम को जानकारी है कि ओडिशा में क्या हो रहा है? 147 सीटों वाली ओडिशा विधानसभा का समीकरण भी काफी दिलचस्प है। आंकड़ों के लिहाज से भले ही भाजपा की झोली में महज 23 सीटें हैं, लेकिन 110 सीटों वाली बीजद के खेमे में नवीन पटनायक के बाद उनके जैसे कद्दावर नेताओं का अभाव है।

## महीने पहले ही संजय सिंह कर चुके हैं ईडी का स्वागत, आप ने शेयर की फोटो

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर पर ईडी ने रेड मारी है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी सुबह-सुबह सिंह के घर पहुंचे और अभी वहीं पर मौजूद हैं। ईडी की कार्रवाई का विपक्ष ने जमकर विरोध किया है तो वहीं आम आदमी पार्टी ने एक्स पर संजय सिंह की एक फोटो शेयर की है। संजय सिंह ने महीनों पहले ईडी अधिकारियों के स्वागत के लिए अपने घर के बाहर पोस्टर लगाया था और अब आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स से फोटो शेयर करते हुए फायर इमोजी साझा की है। दिल्ली में आप सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को फरवरी में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। अब संजय सिंह पर कार्रवाई हो रही है।

# अभिषेक बनर्जी को प्रवर्तन निदेशालय का नया समन, रुजिरा को भी पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को नया समन जारी किया है। अभिषेक की पत्नी रुजिरा को भी तलब किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि ईडी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में अभिषेक बनर्जी को बुलाया है। जांच एजेंसी ने अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा को भी 11 अक्तूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले के संबंध में हमारे अधिकारी नौ अक्तूबर को अभिषेक और 11 अक्तूबर को उनकी पत्नी से पूछताछ करेंगे। दोनों को यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित हमारे कार्यालय में आने के लिए कहा गया है। इससे पहले ईडी ने इसी मामले में टीएमसी नेता के माता-पिता अमित और लता बनर्जी को इस सप्ताह अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए बुलाया था।




### तीन अक्तूबर को भी बुलाया था

दरअसल, टीएमसी सांसद को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में तीन अक्तूबर को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। हालांकि, सरकारी योजनाओं के भुगतान को दिल्ली में पार्टी के विरोध-प्रदर्शन की वजह से अभिषेक ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इसके बाद केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें बुधवार को नया समन जारी किया।

### 13 सितंबर को अभिषेक से नौ घंटे हुई पूछताछ

इससे पहले 13 सितंबर को साल्टलेक में ईडी कार्यालय में अभिषेक से नौ घंटे तक लंबी पूछताछ की गई थी। ईडी कार्यालय से बाहर आने के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि उन्हें ईडी ने विपक्षी दलों की बैठक में जाने से रोकने के लिए यह दिन चुना। अभिषेक ने आरोप लगाया था कि ईडी और सीबीआई पिक एंड चूज के आधार पर मामलों को आगे बढ़ा रही हैं।

### अभिषेक के माता-पिता को भी किया था तलब

ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के माता-पिता को भी तलब किया था। भर्ती घोटाले से जुड़ी कंपनी लिप्स एंड बाउंड्स के निदेशक के तौर पर अभिषेक के पिता अमित बंद्योपाध्याय और माता लता बंद्योपाध्याय को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। बता दें कि इस कंपनी में अभिषेक बनर्जी सीईओ हैं। ईडी ने पिछले दिनों भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में कंपनी के कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया था तथा कई अहम दस्तावेज बरामद किए थे।

## 'मैंने बच्चा खो दिया, पत्नी डॉक्टर की लापरवाही की वजह से परेशान', शख्स का दावा

**मुंबई।** नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 48 घंटों में 31 मरीजों की जान जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले में जमकर राजनीति हो रही है। इस बीच एक व्यक्ति ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि उसके नवजात बच्चे की जान चली गई और उसकी पत्नी डॉक्टरों की लापरवाही की वजह से परेशान है। डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नागेश सोलंके ने दावा किया कि मेरे बच्चे का वजन कम नहीं था और वह बिल्कुल ठीक था। पता नहीं मेरे बच्चे को क्या हुआ जो अब नहीं रहा। मैंने अपना बच्चा खो दिया, सीजेरियन सेक्शन के कारण मेरी पत्नी की सेहत पर बुरा असर पड़ा। मैंने अपना सब कुछ खो दिया। सोलंके ने बताया कि नांदेड़ के एक निजी अस्पताल में पत्नी की सीजेरियन सेक्शन प्रक्रिया हुई। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने दावा किया कि बच्चा ठीक है।

# सिक्किम में बादल नहीं, ग्लेशियर से बनी झील फटने से तबाही, केदारनाथ-चमोली में इसी से मचा था हाहाकार

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्ट के राज्य सिक्किम में बीती रात आई बाढ़ से तबाही और हुए भारी नुकसान के पीछे जो जानकारी अब तक सामने आ रहा है वह यही है कि उसे इलाके में बादल फट गया और इतनी बड़ी तबाही मच गई। हालांकि, हकीकत में इस तबाही के पीछे बादल का फटना नहीं है।

मौसम विभाग के मुताबिक, सिक्किम में जो तबाही आई है वह इस इलाके में ग्लेशियर के निचले इलाकों में ग्लेशियर के पिघले पानी से बनी झीलों के फटने से हुई है। वैज्ञानिकों की भाषा में इसको 'ग्लेशियल लेक आउट बर्स्ट फ्लड' (GLOF) कहते हैं। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जिस तरह से ग्लेशियर के निचले इलाकों में ऐसी झीलें बनी हैं, वह इस तरह की आने वाले समय में और भी बड़ी आपदाएं पैदा कर सकती हैं।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, जिस तरीके की घटना बीती रात सिक्किम में ग्लेशियल लेक के फटने की हुई है। ठीक उसी तरीके की घटना उत्तराखंड के चमोली में भी हुई थी। इसके अलावा 2013 में केदारनाथ त्रासदी के पीछे भी एक बड़ी वजह ग्लेशियल झीलों का फटना ही था। वही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की ओर से इस तरह की खतरनाक झीलों की पहचान और उनकी मैपिंग करने तथा उनके फटने से होने वाली तबाही से बचने के लिए न सिर्फ दिशा निर्देश जारी किया बल्कि इस पर लगातार काम हो रहे हैं।

केंद्रीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अमर उजाला डॉट कॉम को बताया कि सिक्किम में आई बाढ़ और मची तबाही किसी बादल के फटने से नहीं हुई है। उनका कहना है कि इस बाढ़ की वजह ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड है। वह कहते हैं कि यह वह लेक होती हैं जो हिमालयन रीजन खास तौर से सिक्किम और लद्दाख के इलाकों में ग्लेशियर के नीचे वाले हिस्से में उसके पिघलने वाले पानी से बड़ी लेक के तौर पर तैयार हो जाती है। इन लेक में पानी बहुत ज्यादा जमा होता है और जब कभी यह पानी का जमाव फ्लड के रूप में अपनी सभी सीमाएं तोड़ देता है तो सिक्किम में जिस तरीके की रात को बाढ़ आई है वैसी ही तबाहियां भी मचाती है। सिक्किम के इलाके में ऐसे जिलों पर नजर रखने वाले वैज्ञानिकों का कहना है कि जब भी ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड आता है तो वह अचानक ही होता है और एक तरह के अपने बांध की संरचना को तोड़कर के समूचे इलाके को खतरे में डाल देता है।

फिलहाल अभी तक जिस तरीके की जानकारियां सामने मिल रही है। उसके मुताबिक चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नीचे की ओर 15-20 फीट की ऊंचाई तक जल स्तर अचानक बढ़ गया। इससे सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन प्रभावित हो गए हैं। 23 जवानों के लापता होने की सूचना है और कुछ वाहनों के कीचड़ में डूबे होने की खबर है।

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र कहते हैं कि अभी भी जिस तरीके की जानकारी यहां से मिल रही है वह यही है कि वहां पर बादल फटने की वजह से और बांध से पानी छोड़े जाने की वजह के चलते ही लोगों की जुबान पर है।हालांकि उनका कहना है कि ऐसे मामले में जिम्मेदार एजेंसियां लगातार मदद के लिए वहां पर मौजूद हैं। वह कहते हैं जिस तरीके से ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट हुआ और उसका पानी इतनी तीव्रता के साथ आगे बढ़ा की मौजूद बांध को अगर ना खोला जाता तो और भारी तबाही की संभावना बन सकती थी। वहीं अब तक की मिली जानकारी के मुताबिक सिक्किम में तबाही की खबरे आ रही है। उफनती तीस्ता नदी के कारण प्रमुख सड़कें और पुल बह गए हैं। इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-10 समेत प्रमुख सड़कें बह गईं हैं।

# 'पुडुचेरी समेत तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटें जीतेंगे', भाजपा से अलग होने के बाद पलानीस्वामी का दावा



**पुडुचेरी।** अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी पलानीस्वामी ने सलेम में पार्टी को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने अन्नाद्रमुक गठबंधन द्वारा पुडुचेरी समेत तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया है। भाजपा से अलग होने के फैसले पर भी पलानीस्वामी ने एक बड़ा बयान दिया है।

अन्नाद्रमुक ने 25 सितंबर को भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था। पार्टी यह कहकर अलग हुई कि भाजपा अन्नाद्रमुक के पूर्व नेताओं के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रही है। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने बताया कि भाजपा से चार साल पुराने गठबंधन को तोड़ने का फैसले अकेले का नहीं बल्कि दो करोड़ पार्टी कार्यकर्ताओं ने लिया है।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम भाजपा से नाता तोड़ने के अपने फैसले पर कायम हैं। भाजपा से नाता तोड़ने का फैसला किसी के दबाव में नहीं लिया गया है। कुछ घटनाएं हमारे कार्यकर्ताओं को आघात की है।' बता दें कि अन्नाद्रमुक ने 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान सहयोगी के रूप में भाजपा के साथ गठबंधन किया था।

इंडिया गठबंधन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अभी पूरी तरह से नहीं बन पाई है। उन्होंने तमिलनाडु सीएम पर निशाना साधते हुए उन्हें इंडिया गठबंधन में शामिल होने से पहले कावेरी जल बंटवारा मुद्दे पर ध्यान देने की नसीहत दी है।

# भारतीय वायु सेना को मिला एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट, आईएएफ चीफ चौधरी ने कही यह बात

**बेंगलुरु।** आज वायु सेना को एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट मिला है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णन ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को बंगलूरू में एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट सौंपा।

आईएएफ के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बताया कि तेजस फाइटर जेट के एलसीए मार्क 1A की 83 खेप के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। चौधरी ने कहा, 'हमने 83 एलसीए मार्क 1ए के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। हम ऐसे ही 97 और विमान चाहते हैं। इससे हमारे पास इसके 220 विमान हो जाएंगे।' उन्होंने कहा कि एलसीए के इतनी संख्या में शामिल होना देश के लिए गर्व की बात है। अगले दो सालों तक मिग-21 लड़ाकू विमानों को बेड़े से बाहर कर दिया जाएगा।



### आज का दिन एतिहासिक

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा, 'आज एक एतिहासिक दिन है। मुझे एचएएल में होने और यहां किए गए सभी समझौतों को देखने पर बहुत गर्व होता है। हमने पहला एलसीए ट्विन-सीटर आईएएफ को सौंप दिया है।' उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले हम दूसरे देशों पर लड़ाकू विमानों के लिए निर्भर थे।

भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि भारत हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करे। हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। बाद में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आज HAL ने एक इतिहास रचा है। पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल में हम एक के बाद एक सीढ़ी चढ़ते जा रहे हैं। एलसीए तेजस ट्विन-सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट आज राष्ट्र को समर्पित हुआ है। यह एक एतिहासिक दिन है, इसे भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे ही और 18 राष्ट्र को मिलने वाले हैं।

### तेजस के LCA Mk-1A की खासियत जानिए

यह तेजस विमान का अपग्रेडेड वर्जन है। इसमें कई आधुनिक उपकरण लगे हैं। रडार वॉर्निंग रिसीवर, आत्मरक्षा के लिए जैमर पॉड सहित और भी कई खासियतें हैं। यह विमान हवा से हवा, हवा से सतह पर मार करने के लिए सबसे सटीक हथियार है। यह विमान वजन में भी हल्का है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ही बनाएगा। यह अपनी श्रेणी का सबसे हल्का और सबसे छोटा बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है।

### दिल्ली में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी आयोजित

वहीं दूसरी ओर दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इसमें भारतीय सेना के हथियारों का जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है। गुरुत्वा सिस्टम के अक्षय जैन ने बताया कि द्रोणाम काउंटर-ड्रोन सिस्टम को नई दिल्ली में भारतीय नौसेना की स्वावलंबन 2023 प्रदर्शनी में रखा जाएगा। भारतीय वायु सेना ने बड़ी संख्या में इसके लिए ऑर्डर दिया है। उन्होंने बताया कि इन्हें भारतीय वायु सेना द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन में भी तैनात किया गया था। यह पूरी तरह से स्वदेशी है और 2021 में आईडीईएक्स प्रतियोगिता जीती है। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नौसेना ने एक एंटी-स्वार्म ड्रोन 30 मिमी गोला-बारूद विकसित किया है, जो दुश्मनों के सैकड़ों ड्रोन से बचाने में मदद करेगा। 30 एमएम बारूद का इस्तेमाल एके-630 हथियारों में किया जाता है। गोला-बारूद को पुणे में एक रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ साझेदारी में तैयार किया गया है और आज भारत मंडपम में भारतीय नौसेना की स्वावलंबम 2023 प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

# डायरेक्टर कैल ब्रंकर ने बताया कि पॉ पेट्रोल- द माइटी मूवी आखिरकार अपने पिछले अध्याय से कैसे अलग है

**मुंबई।** जब एडवेंचर सिटी में एक जादुई उल्का पिंड दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, तो इसकी वजह से पॉ पेट्रोल पप्स (कुत्ते के बच्चों) को महाशक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे बेहद शक्तिशाली बन जाते हैं। ये नई शक्तियाँ टीम की सबसे छोटी सदस्य स्काई का सपना साकार करने की वजह बन जाती हैं। हालाँकि, स्थिति तब एक अंधकारमय मोड़ ले लेती है, जब पप्स का कट्टर विरोधी मेयर हमडिंगर जेल से भाग जाता है और विक्टोरिया वेंस के साथ सेना में शामिल हो जाता है। विक्टोरिया वेंस एक वैज्ञानिक है, जिसमें उल्का के लिए खासा जुनून है। वह पप्स की महाशक्तियों को चुराकर खलनायक बन जाती है। पैरामाउंट पिक्चर्स और वायाकॉम 18 स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, 'पॉ पेट्रोलः द माइटी मूवी' 13 अक्टूबर को पूरे भारत में अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

डायरेक्टर कैल ब्रंकर, पहली फिल्म के बाद इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए दमदार वापसी कर रहे हैं। उक्त प्रोजेक्ट पॉ पेट्रोल की आगे की कहानी की पेशकश करने पर आधारित है। ब्रंकर और इस प्रोजेक्ट की रचनात्मक टीम का लक्ष्य प्रत्येक पप को सुपरहीरो की अद्वितीय शक्तियों से लैस करना था, ऐसी शक्तियाँ, जो उनके व्यक्तित्व से मेल खाती हों। इसके अतिरिक्त, इस मूवी में देखे जाने वाले माइटी पप्स के व्हीकल्स को एक नए अंदाज़ में देखा जा सकेगा। इन व्हीकल्स में पलक झपकते ही शीर्ष गति तक पहुँचने की शक्ति है, जो फिल्म के एक्शन को सातवें आसमान पर पहुँचाने का काम करते हैं। ब्रंकर कहते हैं, ₹हम कुछ ऐसी सुपरहीरो शक्तियों की तलाश कर रहे थे, जो पप्स के लिए व्यक्तिगत रूप से शामिल हों।₹ उन्होंने नए नामित माइटी पप्स व्हीकल्स पर बातचीत करते हुए बताया कि इस फिल्म में पेश किए गए व्हीकल्स एक अन्य टर्बो-चार्ज एलिमेंट के रूप में, एक सेकंड के एक अंश में शीर्ष गति पकड़ सकते हैं। वे आगे कहते हैं, ₹फिल्म में हमने ताकतवर पप्स के लिए नए व्हीकल्स को शामिल किया है। पप्स द्वारा चलाए जाने वाले ये व्हीकल्स भविष्य की भावना, नए रंगों और अविश्वसनीय कार्यक्षमता के साथ उनकी महाशक्तियों के पूरक हैं। उनके नए सुपरहीरो सूट के माध्यम से जैसे ही पप्स की शक्तियाँ बढ़ती हैं, उसके बाद वे व्हीकल पर अपना हाथ पटक सकते हैं, शक्ति स्थानांतरित कर सकते हैं और अपनी राइड को जीवंत रूप दे सकते हैं।'

फिल्म के पैमाने को अपनाते हुए, ब्रंकर बताते हैं, 'फिल्म की कहानी वास्तव में कई स्तर आगे है। सुपरहीरो कहानी बनाने का सबसे रोमांचक हिस्सा यह है कि इसने हमें बड़े एक्शन और विज़ुअल को लेकर अधिक उत्साह को शामिल करने की अनुमति प्रदान की है।'

# कथा रामराज की में फिल्मी व सीरीयल के कलाकार करेंगे प्रस्तुत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी एक अति प्राचीन संस्था है जिसने प्रयाग के लोगों की सहभागिता के साथ 10 अक्टूबर 1962 को अपनी संस्थापना या दशहरा पर्व पर कार्यक्रमों के माध्यम से राम की यशः पताका फहराने का कार्य करते रहने के दृष्टिगत 125वीं वर्ष मनाया था। इस गणना के अनुसार पथरचट्टी किसी न किसी रूप में अब भी आज से लगभग 180-80 वर्षो पुरानी संस्था या उन लोगों का संगठन मानती हैं, जो राम की लीला और राम के मर्यादापूर्ण जीवन के प्रसंगों को सामान्य जनों में प्रचारित कर समाज को राम जैसे जीवन जीने की प्रेरणा देने का काम करते रहे। उक्त बातें प्रेस वार्ता के दौरान कमेटी के मीडिया प्रभारी लल्लू लाल गुप्त 'सौरभ' ने दी।

वर्ष 1997 में जब पं0 कपिल मुनि करवरिया कमेटी के अध्यक्ष और दिवंगत आनन्द सिंह महामंत्री बने, तो कमेटी ने कई अहम निर्णय लेकर एक तो रामलीला की भव्यता के लिए सारे प्रयास, दशहरा पर्व को परम्परानुसार और भव्यता रूप देने तथा कमेटी को इसके इतर अन्य सामाजिक कार्यो से अपने को जोड़ने जैसे कार्यों से कमेटी को नया रूप देने का प्रयास किया। इसी के अन्तर्गत आज पथरचट्टी दशहरा कार्यक्रमों के आयोजन के साथ गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहायता, निर्धन छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था, राष्ट्रीय कार्यक्रमों 26 जनवरी और 15 अगस्त को ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करती है।

रामलीला कमेटी के संयोजक धर्मेन्द्र कुमार भइया ने बताया कि मेरा प्रयास है, रामलीला में इस वर्ष से कुछ नयापन, कुछ अतिरिक्त भव्यता और कुछ नये प्रसंगों का मंचन भी हमारी सोच में है. जिन्हें अब तक हम मंचित नहीं करते थे। इस बार टीवी सीरियलों में या फिल्मों में काम कर रहे कलाकारों को हमने अपनी रामलीला में जोड़ने का प्रयास किया है। सुहीन अन्सारी ने हनुमान की भूमिका के साथ फिल्म क्या कहना, क्रान्ति शवनम मौसी, ऑसम फिल्मों में भूमिका की है। इनकी आने वाली फिल्म है बेटी भी है वरदान तथा रेप नॉट सेफ कुछ मशहूर टीवी सीरियलों जैसे सी0आई0डी0, आहट, भाभी, जोधा अकबर, वीर शिवाजी, सावधान इण्डिया, अंजीरें आदि। एक और कलाकार गिरीश थापर (मुम्बई) के जो विभीषण की भूमिका कर चुके हैं. हमारे मंच पर भूमिका करने के लिए आ रहे हैं। 'घंटी और बबली पार्ट 2' रेस, 'पोस्टर 'ब्वॉय' के साथ इनकी आने वाली फिल्में हैं घरचढ़ी प्यार की पॉलिसी आदि। इनकी भूमिका आने वाले सीरियलों में भी है- 'मेरी शास भूत है', 'तारक मेहता', 'सावधान इण्डिया', 'भाग्य लक्ष्मी' आदि। प्रेस वार्ता में राजीव गुप्ता बिट्टू भी मौजूद रहे।

# प्रियंका बिश्नोई ने राजस्थान क्रिकेट प्रतियोगिता में किया बेहतर प्रदर्शन

**बाड़मेर।** अंडर 19 राजस्थान क्रिकेट चैलेंजर प्रतियोगिता में चयन होने के बाद अपना बेहतर प्रदर्शन करके वापस बाड़मेर लौटी एमवीसी पब्लिक स्कूल कुशल वाटिका की छात्रा प्रियंका बिश्नोई पुत्री प्रकाश विश्नोई को पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। क्रिकेट प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन करने के बाद वापस बाड़मेर लौटने पर स्कूल परिवार ने स्वागत किया। एमवीसी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सीमा राठौड़ ने बताया कि छात्रा प्रियंका बिश्नोई ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है आशा करते हैं कि छात्रा भविष्य में भी आने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करेगी। एमवीसी स्कूल में भविष्य में खेल प्रतियोगिताओं में कई छात्र होनहार है जो खेल के क्षेत्र में आगे बढ रहे है।

# समाजवादी पार्टी के स्थापना दिवस पर बंटी मिठाई




**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के स्थापना दिवस 4 अक्टूबर को आज पार्टी कार्यालय में सपा जनों ने एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर बधाई और शुभकामनायें दी। साथ ही 2024 मे होने वाले लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक एवं विघटन कारी ताकतों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का संकल्प भी लिया गया। समाजवादी पार्टी की स्थापना 4 अक्टूबर 1992 को हुई थी।सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद ने उपस्थित पार्टी जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ लोहिया के सपनो को सैफई की धरती पर एक किसान परिवार में जन्मे स्व.मा मुलायम सिंह यादव ने अपना धर्म और कर्म मानकर पूरा जीवन समर्पित कर दिया।एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव, प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, अभय राज यादव, दान बहादुर मधुर आदि ने समाजवादी पार्टी को पूरे देश में विस्तार देने के लिये संगठन को मजबूती देने पर बल दिया।इस अवसर पर अन्य लोंगो में राम अवध पाल, नाटे चौधरी, हरिश्चंद्र यादव, बृजेश यादव, सुरेश नेता, कृष्ण राज, लाल चंद्र, खिन्नी पासी, सुमित विश्वकर्मा, कुलदीप यादव, भोला पासी, संत लाल वर्मा, दिनेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, राकेश सिंह, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

# गोष्ठी में कृषि संबंधी जानकारी देकर किसानों को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अन्तर्गत बुधवार को विकास खंड नेवादा के सुरसेनी गांव में कृषि विभाग द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को खेती से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ ही संचारी रोगों के नियंत्रण के बारे में जागरूक किया। गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डा.सुनील कुमार ने किसानों को मिट्टी की जांच, धान की फसलों के देखभाल,पराली जलाने से पर्यावरण और जमीन को होने वाले नुकसान आदि के बारे में बताया।टीए हरिओम गौतम ने किसानों को मोटे अनाज के फायदों की जानकारी दी। इसके अलावा रवी की फसलों चना, सरसों, मटर,तोरिया आदि की बुवाई व खेतों की तैयारी के बारे में भी बताया। कृषि विभाग के सलाहकार राधेश्याम ने किसानों को जागरूक करते हुए उद्यान, पशुपालन,बकरी व मुर्गी पालन,मत्स्य पालन, गन्ना, रेशम एवं मंडी परिषद व दवा छिड़काव आदि के बारे में बताया। कृषि रक्षा इकाई प्रभारी अभिषेक ने संचारी रोगों के नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी देकर जागरूक किया।इस मौके पर किसान व पूर्व प्रमुख नेवादा राधेश्याम मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी, जयप्रकाश मिश्रा, बलराम मिश्रा,बल्लू, पंकज, नागेन्द्र आदि कृषक मौजूद।

# मृतकों के विधिक् वारिसों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी गई आर्थिक सहायता राशि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद के मोहिउद्दीनपुर गौस उपरहार, थाना संदीपन घाट, तहसील चायल में हुए तिहरे हत्याकाण्ड में होरीलाल पुत्र श्रीनाथ उम्र लगभग 65 वर्ष, शिवसरन पुत्र रामबहादुर उम्र लगभग 26 वर्ष, बृजकली पत्नी शिवसरन उम्र लगभग 24 वर्ष सभी अनु0जाति-पासी की मृत्यु हुई है। उक्त घटना से पीड़ित पक्ष की भेंट सांसद विनोद सोनकर की अगुवाई में मुख्यमंत्री से हुई, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में मृतकों के विधिक् वारिसों को सहायता प्रदान की गयी है मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त 15.00 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि को मृतको के वारिसों रामबहादुर पुत्र बचईलाल निवासी काकराबाद कसिया थाना कोखराज, संजीत कुमार उर्फ सुभाषचन्द्र पासी पुत्र स्व0 होरीलाल, संवारी पत्नी स्व0 होरीलाल नि0गण-जोत खातून छबिलवा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी प्रत्येक के खाते में पॉच-पॉच लाख रुपये की धनराशि अन्तरित की गयी। मृतक होरीलाल की पत्नी श्रीमती संवारी को ग्राम मोहनापुर परगना व तहसील चायल की आराजी संख्या-221 क्षेत्रफल 0.114 हेक्टेयर का कृषि पट्टा आवंटित किया गया है। मृतक शिवसरन के पिता श्री रामबहादुर पुत्र बचईलाल व लालती देवी पत्नी रामबहादुर नि0-काकराबाद मजरा कसिया परगना कड़ा व तहसील सिराथू को ग्राम कसिया की आराजी संख्या-1749मि0 क्षेत्रफल 0.126 हेक्टेयर का कृषि पट्टा आवंटित किया गया है। मृतक होरी लाल के पुत्र संजीत कुमार को नगर पालिका परिषद भरवारी जनपद कौशाम्बी में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियोजित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त मृतकों के वारिसों को पूर्व में निम्नांकित सहायताएं अनुमन्य की गयी हैं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत कुल 8,25,000-की धनराशि दिये जाने का प्राविधान है। हत्या के प्रकरण में पोस्टमार्टम के उपरान्त तीनो मृतको के वारिसो प्रत्येक के खाते मे 50ः धनराशि 4,12500-4,12500- बैंक खाते में अन्तरित की जा चुकी है। घटना की विवेचना के उपरान्त अवशेष 50ः धनराशि 4,12500-रूपये उक्त वारिसों प्रत्येक के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। मृतक शिवसरन के पिता रामबहादुर को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत 30,000-रूपये की एकमुश्त धनराशि प्रदान की गयी। मृतक शिवसरन के पिता श्री रामबहादुर को वृद्धावस्था पेंशन के अन्तर्गत 1000-रूपये की आजीवन मासिक पेंशन राशि से लाभान्वित किया गया है। मृतक होरीलाल की पत्नी संवारी को निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत 1000-रूपये की आजीवन मासिक पेंशन राशि से लाभान्वित किया गया है। अत्याचार से उत्पीड़ित अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को मासिक पेंशन से लाभान्वित किये जाने के क्रम में मृतक होरीलाल की पत्नी संवारी को 5000मंहगाई भत्ता की आजीवन मासिक पेंशन स्वीकृत की गयी है।

# घरौनी के लिए हल्का लेखपाल ने घर-घर किया सर्वे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नारा, कौशाम्बी।** सिराथू विकासखंड के नारा ग्राम सभा मे सरकारकी मंशा के अनुरूप जैसे खतौनी होती है उसी तरह ठीक घरों का सर्वे कराकर घरौनी बनायी गयी जिसमें बताया जाता है कि काफी जमीनों में वाद विवाद होता रहा आज वह चीज को खत्म करने के लिए सरकार की मंशा के अनुरूप कुछ समय पहले ड्रोन कैमरे के साथ नारा गांव का सर्वे किया गया उसी आधार पर हल्का लेखपाल अनुज सिंह के व्दारा नारा ग्राम सभा में को किया गया घरों का सर्वे जिसमें हल्का लेखपाल अनुज सिंह ने घर-घर जाकर सर्वे किया।

# विकास कार्यों को उड़ान देने लेने के लिए सिराथू नगर पंचायत में हुई बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंतर्गत नगर पंचायत में विकास कार्यो को उड़ान देने के लिए बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उर्फभोला यादव की अध्यक्षता में सभासदों के साथ बैठक आयोजित की गई बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने बताया कि कस्बे के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के तहत कस्बे के विकास के लिए करीब दो करोड़ रुपये की धनराशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस धनराशि से कस्बे में सड़क, नाली, विद्युत व्यवस्था सहित मोहल्ले में जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। साथ ही मोहल्लों में स्ट्रीट लाइट भी लगेंगी। उनका कहना है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना की धनराशि विकास कार्यों के लिए खर्च की जाएगी साथ ही रास्तों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चेयरमैन ने बताया की विगत वर्ष पहले कस्बे में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी कई मुख्य स्थान अभी बचे हैं जहां भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने के लिए पूरा कस्बा सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा। बैठक में चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव, अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह सहित नगर पंचायत सभासद मौजूद रहे।

# शिविर में सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएँ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा विद्युत उपकेंद्र में बुधवार को शिविर में सुनी गई उपभोक्ताओं की समस्या। इसमें जेई आकाश सिंह समेत कर्मचारी मौजूद रहे। क्षेत्र के तमान लोग अपनी समस्याएँ लेकर पहुंचे।

करीब दो लाख पचीस हजार रुपये बिल जमा किया।10लोगो के बिलो की गड़बड़ी को दूर किया गया। इस मौके पर रमेश सिंह, हर्ष पाण्डेय, आनंद मिश्र, अनीस कुमार, सोनू मौजूद रहे।



## संदिग्ध परिस्थितियों में दो मवेशियों की मौत एक गंभीर

सरसवां, कौशाम्बी। सरसवा ब्लाक के खरौना गाँव निवासी महेश पाण्डेय पुत्र रामफल के बुधवार सुबह वह रोजाना की तरफ अपने मवेशियों को चारागाह में चारा देकर वापस चला आया घंटो बीत जाने के बाद वह चारागाह गए तो देखा कि दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी वही एक मवेशी तड़प रहा था तभी वह डॉक्टर को बुलाकर इलाज कराया तो किसी तरह उसकी स्थिति में काबू पाया गया।इस मामले में पशुचिकित्साधिकारी पश्चिम शरीरा डॉ कमलेश सिंह ने बताया कि मवेशियों के पेट मे गैस बनने से मौत हुई है।

# ई-रिक्सा चालक यातायात को कर रहे अव्यवस्थित बन रहे जाम के कारण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** शहर ही नही अपितु जनपद के विभिन्न कस्बों की यातायात व्यवस्था को ई-रिक्सा चालक अव्यवस्थित करने पर तुले है। बेरोजगारी के चलते ई-रिक्शा की भरमार है। सड़कों से लेकर गलियों तक में इनकी धमाचौकड़ी से आम लोग परेशान हैं। बेरोजगारी व मंहगाई के चलते कम पढ़े लिखे लोगों के साथ ही पढ़े लिखे लोग भी ई-रिक्शा को अपना व अपने परिवार का पेट भरने के साधन के तौर पर अपना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों की जीविका का संसाधन बन चुके ई-रिक्शा आम लोगों के लिए जितने सुविधाजनक है उतने ही समस्याओं की वजह भी है। सड़कों पर चलने वाले इन ई-रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास न तो ड्राईविंग लाइसेंस होता है न ही इनके पास ई-रिक्शा चलाने का कोई प्रशिक्षण होता है। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले ई रिक्शा चालकों में से अधिकतर के पास यातायात से जुड़े नियमों तक की कोई जानकारी नहीं होती। ई-रिक्सा चालको मे बड़ी संख्या नाबालिको की है। जिसके चलते यह रिक्शा चालक यात्री के हाथ देकर रुकने भर के इशारे करते ही बीच सड़क पर ही रिक्शा रोक देते हैं। कई बार इस तरह की हरकत करने से पीछे चलने वाले वाहनों या उस पर बैठे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। चोटहिल होने के साथ ही अस्पताल भर्ती तक की नौबत आना पड़ती है। लापरवाही की यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है। बल्कि रात के अंधेरे में इन रिक्शा चालकों के द्वारा हेड लाईट का भी प्रयोग नहीं किया जाता जिससे सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहा। वाहन एवं सड़क पर चलने वाला यात्री इनकी चपेट में आकर घायल होता रहता है। जिले के कस्बों में ई-रिक्शा के लिये कोई चिन्हित पार्किंग स्थान नहीं है। ऐसे में जिले के कस्बों में चलने वाले ई-रिक्शा सड़कों पर ही डेरा जमाए रहते हैं। सड़कों पर खड़े रहने की वजह से हर समय सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। वही सवारियों के साथ ही भाडा लादकर सडको मे दौड़ा रहे है। जिससे भी लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। चाहे बस स्टाप हो, रेलवे स्टेशन हो, मुख्य बाजार हो, चौराहे हो, सहित अनेक स्थानो पर भारी संख्या मे ई-रिक्सा चालक वाहनो को खड़ा करके यातायात को बधित करते है। कई बार यातायात पुलिस ईरिक्सा चालको को यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा।

# अनेठा गांव मे बुखार का कहर, दर्जनों बीमार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के अनेठा गांव मे मौसमी बुखार कहर बरपा रहा है। ऐसे में चपेट में आकर दर्जनों लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। बुखार से पीड़ित मरीज की प्लेटलेट्स कम होने से लोगों मे डेगू, चिकनगुनिया फैलने का भय बना हुआ है। मंगलवार को एक महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत है। सिराथू ब्लॉक क्षेत्र के मोहम्मदपुर अनेठा गांव मे दो सप्ताह से मौसमी बुखार की चपेट मे आकर दर्जनों लोग बीमार है। हालांकि मामले की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम पहुंचकर डेंगू की जांच की लेकिन किसी मरीज में डेंगू होने की पुष्टि नहीं हुई है। पिछले तीन दिनों से बुखार से पीडित मरीजों की तादात तेजी से बढ रही है। मंगलवार को बुखार से पीड़ित अतुल की पत्नी प्रियंका देवी की प्लेटलेट्स कम होने से प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई है। इसके अलावा शकुंतला, आकाश कुमार, अमन, गुड़िया देवी, राहुल मनोज, नीतू, लवली, धर्म चंद्र सहित कई लोग बुखार की चपेट में आकर सिराथू व मंझनपुर के निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे है। तेजी से पहले मौसमी बुखार के चपेट में जाकर मरीजों की प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रही है जिसकी वजह से लोगों में डेंगू वह चिकनगुनिया बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। सिराथू सीएचसी प्रभारी डॉक्टर औचित्य सिंह का कहना है। गांव में जांच के दौरान अब तक कोई डेंगू पॉजिटिव नहीं मिला है मौसमी बुखार होने पर मामूली प्लेटलेट्स कम हो जाती है। ऐसे में अस्पताल में उपचार की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# विश्व पशु दिवस पर अश्वो को लगाया तिलक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विश्व पशु दिवस के अवसर पर मंझनपुर के मगौरा गाव मे पशु पालको के बीच बैठक की गयी, पशु पालको को पशु दिवस के बारे मे ब्रुक इंडिया के डॉ मनोज कुमार पटेल द्वारा जागरूक किया गया

और विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बता दे ब्रुक इंडिया जनपद कौशांबी मे सतत् अश्व कल्याण हेतु कार्यरत है। विश्व पशु दिवस के अवसर पर अस्वपालको द्वारा अपने अपने अश्वो को तिलक लगाकर माला पहनाया गया और गुड खिलाकर मुह मीठा कराया गया साथ ही यह शपथ लिया की अपने अश्वो को सही से देखभाल करेगें। इस अवसर पर अश्व कल्याण समूह की महिलाएं, पुरुष शामिल हुए। विशेष कर ब्रुक इंडिया के एपीओ ज्ञानेन्द्र कुमार, सुदामा प्रसाद, सुनीता, संजय आदि शामिल रहे।

# संजय गांधी अस्पताल अमेठी के सस्पेंशन आर्डर पर हाईकोर्ट ने लगाया स्टे, कांग्रेसियो ने जताई खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** संजय गांधी अस्पताल अमेठी के सस्पेंषन आर्डर पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्टे लगा दिया है, जिसकी खुशी में कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जब से संजय गांधी अस्पताल को बंद करने का आदेष हुआ था

तभी से रायबरेली का कांग्रेसी सरकार के इस फैसले के विरूद्ध अमेठी वासियों के साथ खड़ा रहा, सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के.एल.शर्मा स्वयं सरकार के खिलाफ इस आन्दोलन का मार्ग-दर्षन कर रहे थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्याय की आखिर जीत हुई, अस्पताल को बंद करने का सरकार का फैसला सिर्फ गांधी परिवार से राजनैतिक द्वेष चलते लिया गया था। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने हाई कोर्ट के फैसले को जनता की जीत बताया, उन्होने कहा कि अगर किसी मरीज के साथ गलत हुआ है तो सम्बन्धित दोषी लोगों को सजा मिलनी चाहिए न कि हजारों लोगों का जीवन-बचाने वाले अस्पताल को ही बंद कर देना चाहिए सरकार का फैसला अन्याय पूर्व व अनुचित फैसला था। तिलक भवन में कांग्रेसजनों ने ''सत्य मेव जयते'' के नारे लगाये और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, संजीव पाण्डेय, राजेष यादव, अनूप बाजपेई, महेष प्रसाद शर्मा, अर्जुन पासी, वीरेन्द्र यादव, राज कुमार दीक्षित, सूर्य कुमार बाजपेई, मुन्ना घोसी, सर्वोत्तम मिश्रा, मो.उस्मान, मृत्युन्जय शुक्ला, आषीष यादव, प्रमोद पाण्डेय, अंकुर सिंह चौधरी, नितिन सिंह, अंषुमान गांधी, आमीन पठान, अतुल शर्मा, विनोद साहू, मनोज शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# 33 करोड़ गोबर के दीयों से मनाई जाएगी राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली





**लोकमित्र ब्यूरो**

**उन्नाव-** राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद ने इस साल पूरे देश की दीवाली को गौ-माता के रंग में रंगने का निर्णय किया है इसके तहत इस साल दीपावली पर गाय के गोबर से निर्मित दीयों को जलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद का लक्ष्य है कि देश के 11 करोड़ परिवारों के माध्यम से इस वर्ष 33 करोड़ गोबर के दीपक जलाए जाएं इसके लिए लाखों परिवारों के माध्यम से गाय के गोबर से दीपकों का निर्माण किया जा रहा है इसके पहले संस्था ने गोमय गणेश अभियान की शुरुआत की थी जो काफी सफल रही थी इसी को देखते हुए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने राष्ट्रीय कामधेनु दीवाली मनाने की योजना बनाई है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बुधवार को इस अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गायों से जुड़े उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें बेचने को प्रोत्साहन देने के लिए संस्था लगातार काम कर रही है। इससे देश के गौपालकों के जीवन में भारी परिवर्तन लाया जा सकता है उन्होंने कहा कि भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व में नंबर एक पर होने के बावजूद प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता के मामले में हम आधे पर हैं

उन्होंने कहा कि गाय हमारे किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है बदले समय में बैलों की उपयोगिता कम हो जाने के कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन अगर गौ-उत्पादों को संवर्धित कर उन्हें उपयोग में लाया जाए तो इससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि किसानों की आय में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी वर्तमान दीपावली का प्रस्ताव इसी योजना को ध्यान में रखकर बनाया गया है दीपावली के लिए गोबर आधारित दीये, मोमबत्तियां, धूप, अगरबत्तियां, शुभ-लाभ, स्वास्तिक, समरानी, हार्ड बॉर्ड, वाल पीस, पेपर वेट, हवन सामग्री, भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या में तीन लाख दीये प्रज्वलित किए जाएंगे इसी प्रकार काशी में भी एक लाख दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद कि स्थापना अंकित शुक्ला ने गाय एवं गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण, विकास और पशुपालन कार्यक्रम के उचित दिशा में उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए की थी जो गोपालन से संबंधित योजनाओं के नीतिनिर्माण एवं क्रियान्वयन को उचित दिशा प्रदान करने के लिए काम करता है